kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-295 ❒ शनिवार, 29 नवम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



एक समय था जब लोग कहते थे कि बेहतर अर्थव्यवस्था और अच्छी राजनीति का तालमेल नहीं हो सकता, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पुरानी अवधारणा को बदल दिया है और साबित करके दिखाया है कि बेहतर अर्थव्यवस्था के साथ भी अच्छी राजनीति की जा सकती है। पीयूष गोयल

नेतृत्व परिवर्तन के लिए प्रतीक्षारत, कोई जल्दबाजी नहीं: शिवकुमार 11

मुख्यमंत्री से ख़ानक़ाह पीर दमड़िया शाह ने की मुलाक़ात 12

## संक्षेप

### रश्मि हटाई गईं, संतलाल गोंडा के नये सीएमओ

लखनऊ। गोंडा की मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) रश्मि वर्मा को हटा दिया गया है। उनकी जगह संतलाल पटेल को गोंडा का नया सीएमओ बनाया गया है। प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के संयुक्त निदेशक ग्रेड के अधिकारी संतलाल अभी वरिष्ठ चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात थे। शुक्रवार को चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। रश्मि वर्मा को शिकायतों के चलते हटाया गया है। नाराजगी के कारण बीते काफी समय से उन्हें हटाए जाने की चर्चाएं थीं। दरअसल बीते माह गोंडा के एक बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पताल में नवजात की मौत पर सीएमओ रश्मि वर्मा का विवादित वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वो हंसते हुए यह कहते दिखाई दी थीं कि एक बच्चा मर गया तो उसके लिए सब आ गए. हजार जिंदा हैं तो वहां लड्डू खाने भी जाओ न। हालांकि बवाल होने पर उन्होंने बाद में इस बयान के लिए माफी मांग ली थी। रश्मि को चिकित्सा स्वास्थ्य महानिदेशालय में जेडी ऑफिस से संबद्ध किया गया है।

### रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4-5 दिसंबर को भारत दौरे पर

नई दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आगामी 4-5 दिसंबर को भारत की यात्रा पर आएंगे। यह दौरा भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन (23वां संस्करण) के तहत हो रहा है, जिसकी पुष्टि शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने की। अपने दो दिवसीय भारत प्रवास के दौरान पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ औपचारिक वार्ता करेंगे। इसके अलावा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी पुतिन का स्वागत करेंगी और राज्य दौरे के सम्मान में उनके लिए भोज आयोजित करेंगी। विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा, यह राज्य दौरा भारत और रूस के नेतृत्व को द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा करने, 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' को और सुदृढ़ करने की दिशा तय करने तथा परस्पर हितों के क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करेगा।

### लखनऊ मेट्रो ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के लिए बसन्तकुंज योजना में 40 एकड़ जमीन चिन्हित

लखनऊ। लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर की प्रगति को गति देते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने बसन्तकुंज आवासीय योजना के सेक्टरऽए में लगभग 40 एकड़ भूमि मेट्रो डिपो के लिए चिन्हित कर ली है। यह डिपो भविष्य में कॉरिडोर के संचालन, मरम्मत और रोलिंग स्टॉक की पार्किंग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। एलडीए जल्द ही औपचारिकताएँ पूरी कर भूमि का विस्तृत विवरण उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) को सौंपेगा।

# शांत मन, विश्वास का आधार : मुर्मु

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा लखनऊ में आयोजित 'विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान (योग)' के राज्य स्तरीय उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए कहा कि विश्वास का आधार शांत मन, स्वस्थ विचार और शुद्ध भावनाएं ही होती हैं।

उन्होंने कहा कि जब मन स्थिर होता है, तब व्यक्ति समाज और दुनिया में शांति का माध्यम बनता है। सशक्त आत्मा ही विश्व एकता की संकल्पना को साकार करने की आधारशिला रही है और यही एक बेहतर, शांतिपूर्ण विश्व का मार्ग प्रशस्त करती है।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन की शुरुआत ओम शांति से करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का जो संदेश दिया है, वह आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। जब विश्व अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब 'सारा विश्व एक परिवार' का यह भाव मानवता को जोड़ने और सहअस्तित्व की नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ध्यान अभियान विश्व में एकता, करुणा और विश्वास की भावना को और प्रबल बनाएगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत सरकार समाज को अधिक समावेशी, शांतिपूर्ण और मूल्य-आधारित बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। योग और ध्यान को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाना, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व करना, तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मूल्य-आधारित शिक्षा का समावेश इसी दिशा में उठाए गए सार्थक प्रयास हैं। उन्होंने मिशन लाइफ, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समावेश और पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को मानवता के बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन तनाव, अविश्वास और एकाकीपन भी बढ़ा है। ऐसे समय में आत्मचिंतन, ध्यान और आध्यात्मिक अभ्यास अत्यंत आवश्यक हो उठते हैं। उन्होंने कहा कि आनंद किसी बाहरी वस्तु में नहीं, बल्कि हमारे भीतर है, और जब आत्मिक चेतना जागृत होती है, तो जीवन में प्रेम, भाईचारा, करुणा और एकता स्वतः स्थापित हो जाते हैं। राष्ट्रपति ने कार्यक्रम के आध्यात्मिक वातावरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजयोग ध्यान जीवन को संतुलित और उद्देश्यमय बनाता है। उन्होंने समाज में शांति और विश्वास की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सभी से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन कुछ समय आत्मिक अभ्यास और ध्यान के लिए अवश्य निकालें। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपति द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। उन्होंने ब्रह्मकुमारियों को कलश और भाइयों को संगठन की ध्वजा सौंपकर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत किया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी राधा जी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि राजयोगी नथमल जी ने विश्व एकता और आत्मिक शुद्धता पर प्रेरक संदेश दिया।

कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की ऋषि परंपरा का मानना है कि मन ही व्यक्ति के बंधन और मोक्ष का कारण होता है। सद्गुरु रविदास के उद्धरण मन चंगा तो कठौती में गंगा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मन की बहिर्मुखी वृत्ति ही अराजकता, उपद्रव और आतंकवाद जैसी चुनौतियों का मूल कारण है। जहां-जहां चंचल और नकारात्मक प्रवृत्तियाँ हावी होती हैं, वहां समाज में अस्थिरता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि भारत ने प्राचीन काल से ही राक्षसी वृत्ति को आतंकवाद के रूप में समझा है और आज भी भौतिक व आध्यात्मिक स्तर पर उसके विरुद्ध संघर्ष जारी है।




## 2047 तक विकसित भारत का सपना युवा ही करेंगे पूरा : राष्ट्रपति

लखनऊ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार की शाम लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में आयोजित स्काउट एंड गाइड जंबूरी के समापन समारोह में कहा कि देश की कुल आबादी का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा ऐसे युवाओं का है, जिनकी उम्र 35 वर्ष से कम है। उन्होंने कहा कि यही युवा भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करेंगे। राष्ट्रपति ने ● शेष पेज 11 पर

## भारत ने राक्षसी वृत्ति को आतंकवाद के रूप में माना : मुख्यमंत्री योगी

❒ ब्रह्माकुमारीज लखनऊ में विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान (योग) का राज्य स्तरीय उद्घाटन समारोह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की ऋषि परंपरा की मान्यता रही है कि मन, व्यक्ति के बंधन व मोक्ष का कारण है। सद्गुरु रविदास जी ने भी कहा कि मन चंगा तो कठौती मे गंगा, यानी मन की बहिर्मुखी वृत्ति को जो व्यक्ति अंतर्मुखी कर लेगा, वह न केवल आत्मिक संतुष्टि का लाभ प्राप्त कर सकता है, बल्कि विश्व कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त कर सकता है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दुनिया में आज जो आतंकवाद, उपद्रव व अराजकता है, इसके पीछे मन की चंचल वृत्तियां हैं। जहां भी अराजकता देखने को मिलती है, उसके पीछे वह बहिर्मुखी वृत्तियां हैं, जो उसे नकारात्मकता की तरफ लेकर जाती है। जीवन का एक पक्ष सकारात्मकता की तरफ ले जाकर अच्छे कार्य की प्रेरणा देता है तो दूसरा पक्ष नकारात्मकता की तरफ लेकर जाता है। भारत की परंपरा ने राक्षसी वृत्ति को आतंकवाद के रूप में माना है और भौतिक-आध्यात्मिक रूप से उसके खिलाफ लड़ाई भी लड़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में ब्रह्माकुमारीज लखनऊ में विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान (योग) के राज्य स्तरीय उद्घाटन समारोह में मौजूद जनों को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि 2014 में मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में नेतृत्व संभालने के बाद भारत की योग की विधा को यूएनओ से मान्यता दिलाकर 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दिलाई थी। पूरा भारत प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हृदय से आभारी है कि उन्होंने ऋषि परंपरा के 'प्रसाद' योग विधा को वैश्विक मान्यता दिलाई। मुख्यमंत्री योगी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत किया और कहा कि राष्ट्रपति का जीवन शिक्षक के रूप में भी प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने अपना जीवन शिक्षक के रूप में आगे बढ़ाया, फिर जनसेवा के भाव से पार्षद से लेकर राष्ट्रपति भवन तक की यात्रा की। उनकी यह यात्रा संघर्ष की बड़ी गाथा है, जो हर भारतीय के लिए नई प्रेरणा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़ी बहनों व पदाधिकारियों का अभिनंदन किया और कहा कि आज भी अपने कार्यक्रमों और राजयोग के माध्यम से निरंतर सकारात्मक भाव का संचार कर रहे हैं। योगी ने राजयोग के प्रशिक्षण की दृष्टि से लखनऊ ● शेष पेज 11 पर

## भारतीय इकोनॉमी दूसरी तिमाही में 8.2% से बढ़ी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की। यह छह तिमाहियों का उच्चतम स्तर है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि जीएसटी दर में कटौती से उपभोग बढ़ने की उम्मीद में कारखानों ने अधिक उत्पाद तैयार किए।

दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर पिछले तीन महीनों के 7.8 प्रतिशत और एक वर्ष पूर्व की समान अवधि के 5.6 प्रतिशत से बेहतर रही। विनिर्माण, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का 14 प्रतिशत है, दूसरी तिमाही में 9.1 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 2.2 प्रतिशत था। वहीं, अप्रैल से अक्तूबर के बीच यानी इस वित्तीय वर्ष के पहले सात महीनों में भारत का राजकोषीय घाटा 8.25 लाख करोड़ रुपये रहा। यह वार्षिक अनुमानों का 52.6% है। इस बार राजकोषीय घाटा पिछले वर्ष के 46.5% से अधिक है। सरकार का लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.4% तक कम करना है, यह एक साल पहले 4.8% था। सरकार की ओर से यह भी बताया गया है कि भारत का अक्तूबर 2025 का औद्योगिक उत्पादन आंकड़ा एक दिसंबर को जारी होगा। अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक ● शेष पेज 11 पर




## कोडीन युक्त कफ सिरफ मामले में 87 फर्म के लाइसेंस निलंबित

वाराणसी। कोडीन युक्त कफ सिरफ और नारकोटिक्स श्रेणी की औषधियों के अवैध व्यापार पर खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन (उत्तर प्रदेश) ने अभी तक दर्ज मुकदमे में 87 फर्म के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। कोडीन युक्त कफ सिरफ पीने से दो राज्यों में हुई बच्चों की मौत के बाद आरंभ हुई जांच में सबसे ज्यादा वाराणसी में 28 फर्म पर एफआईआर दर्ज हुई। इसी में जौनपुर में 12 फर्म पर एफआईआर है। वाराणसी, जौनपुर, कानपुर, लखनऊ, सुल्तानपुर, चंदौली, बहराइच, गाजीपुर के फर्मों पर कार्रवाई की कुल संख्या 87 है। जिसमें इन फर्मों पर एफआईआर और निरस्तीकरण की कार्रवाई हुई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश के अनुसार वाराणसी में बड़े फर्म के रूप में पहचाने जाने वाले प्रशांत उपाध्याय की फर्म राधिका एनप्राइज, आकाश पाठक की मेड रेमिडी, अमित जायसवाल की श्री हरि फार्मा, विशाल सोनकर की विश्वनाथ मेडिकल एजेंसी, सचिन पांडे की सौम्या मेडिकल एजेंसी, घनश्याम की श्रीराम फार्मा, अभिनव ● शेष पेज 11 पर

## उत्तराखंड में 14 जनवरी से होगा अर्धकुंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। वर्ष 2027 में हरिद्वार में होने वाले कुंभ के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को यहां गंगा किनारे सभी 13 अखाड़ों के संतों के साथ बैठक की। इस बैठक में कुंभ स्नान की महत्वपूर्ण तिथियों की घोषणा भी की गई। मुख्यमंत्री ने कुंभ से जुड़े सभी निर्णयों में संतों की परम्पराओं, आवश्यकताओं एवं सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया।

वर्ष 2027 में होने वाले कुंभ के आयोजन के लिए पहली बार गंगा तट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी अखाड़ों के संतों के साथ बैठक की । मुख्यमंत्री ने कुंभ के सफल आयोजन के लिए अखाड़ों के आचार्यों से सुझाव एवं मार्गदर्शन लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ से जुड़े सभी निर्णयों में संतों की परम्पराओं, आवश्यकताओं एवं सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि कुंभ के सुव्यवस्थित और भव्य आयोजन के लिए उन्हें संतगणों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि संतों की प्रेरणा, सुझाव और आशीर्वाद के बिना इस महायोजना की पूर्णता की कल्पना भी संभव नहीं है। हमारा प्रयास है कि सभी के अमूल्य सुझावों से कुंभ 2027 की तैयारियों को और अधिक व्यापक, सुव्यवस्थित और संत समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाया जा सके।

बैठक में मुख्यमंत्री ने 2027 कुंभ स्नान की महत्वपूर्ण तिथियों की भी घोषणा कर दी। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी 2027 को मकर संक्रांति, 6 फरवरी को मौनी अमावस्या, 11 फरवरी को वसंत पंचमी, 20 फरवरी को माघ पूर्णिमा, 6 मार्च को महाशिवरात्रि (अमृत स्नान), 8 मार्च को फाल्गुन अमावस्या (अमृत स्नान), 7 अप्रैल को नव संवत्सर (नव वर्ष), 14 अप्रैल को मेष संक्रांति (अमृत स्नान), 15 अप्रैल को श्रीराम नवमी और 20 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा का प्रमुख स्नान होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देवभूमि उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने का आह्वान किया है। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते ● शेष पेज 11 पर



❒ मुख्यमंत्री ने 2027 कुंभ के दिव्य और भव्य आयोजन के लिए अखाड़ों के संतों के साथ की बैठक

❒ 4 शाही स्नान सहित 10 मुख्य स्नान की तिथियां तय, 13 अखाड़ों ने जताई सहमति

## कोडीन-एनडीपीएस दवाओं की अवैध बिक्री और भंडारण पर सख्ती

❒ कोडीन सिरप और एनडीपीएस दवाओं का अवैध स्टॉक—लाइसेंस रद्द

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोडीनयुक्त कफ सिरप और अन्य एनडीपीएस श्रेणी की दवाओं के अवैध भंडारण, बिक्री और वितरण पर रोक रोक लगा दी गई है। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर लाइसेंस निरस्तीकरण के साथ ही आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

इस बाबत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग ने कहा है कि इन दवाओं का अनुचित उपयोग समाज में नशे की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है और यह जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। शुक्रवार को आयुक्त (औषधि) डॉ. रोशन जैकब द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1945 की अनुसूचीऽएच और अनुसूचीऽएच1 में शामिल कोडीनयुक्त दवाओं की बिक्री केवल पंजीकृत चिकित्सा प्रैक्टिशनर की वैध पर्ची पर ही अनुमति है। जबकि चिकित्सा उपयोग तक सीमित इन दवाओं का अवैध व्यापार प्रदेश में तेजी से बढ़ रहा है और कई जिलों में ‡व्होलसेलऽप्वाइंट‡ बनाकर बिना पर्ची दवाओं की बिक्री की जा रही है। कई मामलों में इन गतिविधियों से जुड़े व्यक्तियों पर बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता 2023) और एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। आदेश में कहा गया है कि हाल के महीनों में विभाग द्वारा किए गए व्यापक निरीक्षणों में यह पाया गया कि कई विक्रेता कोडीनयुक्त दवाओं का अवैध भंडारण कर रहे हैं। इन दुकानों में दवाइयों की खपत का रिकॉर्ड, बिलिंग, स्टॉक रजिस्टर और बिक्री पर्चियों का अभाव पाया गया, जो सीधेऽसीधे अवैध व्यापार की पुष्टि करता है। विभाग ने स्पष्ट किया कि यह एक गंभीर अपराध है और तत्काल सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। आयुक्त (औषधि) डॉ. रोशन जैकब के ● शेष पेज 11 पर

# 'गीता ने सिखाया, अत्याचारियों का अंत भी जरूरी'

## कर्नाटक में बोले पीएम मोदी : उडुपी जनसंघ और भाजपा के सुशासन मॉडल की कर्मभूमि

❒ ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है- पीएम

❒ 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति भगवान श्रीकृष्ण के श्लोकों से प्रेरित

❒ 'देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा'

एजेंसी

उडुपी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने एकदिवसीय कर्नाटक दौरे पर पहुंच गए हैं। जहां उडुपी में जगद्गुरु श्री श्री सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने विश्व गीता पर्याय- लक्ष्य कंठ गीता परायण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया।

इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'उडुपी आना मेरे लिए खास इसलिए भी है क्योंकि उडुपी जनसंघ और भाजपा के सुशासन मॉडल की कर्मभूमि रही है। 1968 में, उडुपी के लोगों ने हमारे जनसंघ के वी.एस. आचार्य को यहां के नगरपालिका परिषद में जिताया था... आज हम देश भर में जो स्वच्छता अभियान देख रहे हैं, उसे उडुपी ने पांच दशक पहले अपनाया था...'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, 'हमारे समाज में मंत्रों, गीता के श्लोकों का पाठ शताब्दियों से हो रहा है पर जब एक लाख कंठ एक स्वर में इन श्लोकों का ऐसा उच्चारण करते हैं... तो ऐसी ऊर्जा निकलती है जो हमारे मन, मस्तिष्क को एक नया स्पंदन, नई शक्ति देती है... यही ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है, यही ऊर्जा सामाजिक एकता की शक्ति है इसलिए आज लक्ष कंठ गीता का ये अवसर एक विशाल ऊर्जा पिंड को अनुभव करने का अवसर बन गया है।'

पीएम मोदी ने इस दौरान कहा, 'यहां आने से तीन दिन पहले मैं अयोध्या में था। 25 नवंबर को विवाह पंचमी के पावन दिन अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना हुई है... राम मंदिर आंदोलन में उडुपी की भूमिका कितनी बड़ी है सारा देश इसे जानता है।' उन्होंने कहा, 'आज हमारी 'सबका साथ, सबका विकास', 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की नीतियां भगवान श्री कृष्ण के इन श्लोकों से प्रेरित हैं। भगवान श्री कृष्ण हमें गरीबों की मदद करने का मंत्र देते हैं और इसी मंत्र की प्रेरणा आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं का आधार बनती है... भगवान श्री कृष्ण हमें महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण का ज्ञान सिखाते हैं और इन्हीं की प्रेरणा से देश नारी शक्ति वंदन अधिनियम का ऐतिहासिक फैसला लेता है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, 'श्री कृष्ण ने युद्ध की भूमि पर गीता का संदेश दिया था और भगवत गीता हमें सिखाती है कि शांति और सत्य की स्थापना के लिए अत्याचारियों का अंत भी जरूरी है... हम लाल किले की प्राचीर से श्री कृष्ण की करुणा का संदेश देते हैं और उसी प्राचीर से हम मिशन सुदर्शन चक्र का भी उद्घोष करते हैं... देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा है... हम शांति स्थापित करना भी जानते हैं और शांति की रक्षा करना भी जानते हैं।'



### 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन

अपने इस दौरे के दौरान पीएम मोदी ने 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन किया, जो भगवान कृष्ण के गर्भगृह के सामने बनाया गया है। इसके अलावा उन्होंने 'कनक कवच' भी समर्पित किया। यह कनाकाना किंदी पर स्वर्ण आवरण है, जहां से भक्त और संत कनकदास ने पहली बार भगवान कृष्ण के दर्शन किए थे। श्री कृष्ण मठ की स्थापना करीब 800 साल पहले श्री मध्वाचार्य ने की थी, जो द्वैत वेदांत दर्शन के संस्थापक थे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

## जिलाधिकारी ने कार्य की धीमी गति पर चिंता जताई और एसआईआर प्रक्रिया को शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को डिवाइन हार्ट स्कूल स्थित बूथ संख्या 207, 208, 209, 210, 211 सहित कई केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने एसआईआर फॉर्मों के वितरण, कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा बताया गया कि अब तक लगभग 45 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने कार्य की धीमी गति पर चिंता जताई और एसआईआर प्रक्रिया को शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने बीएलओ और सहयोगी कर्मचारियों से मिलकर कार्य में तेजी लाने तथा शेष फॉर्म शीघ्र डिजिटाइज करने को कहा।डीएम ने क्षेत्र में उपस्थित नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता अपने फार्म जल्द से जल्द भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों द्वारा बार-बार विजिट के बावजूद फॉर्म जमा नहीं किए गए हैं, उनके नाम 9 दिसंबर को प्रकाशित होने वाली आलेख सूची में शामिल नहीं हो पाएंगे।उन्होंने नागरिकों को ऑनलाइन माध्यम से भी फॉर्म सबमिट करने का विकल्प बताया जिससे घर से बाहर होने की स्थिति में भी पंजीकरण संभव हो सके। साथ ही निर्देश दिया कि मृत्यु, अन्यत्र स्थानांतरण या डुप्लिकेट वोटर के मामलों की अलग सूची तैयार की जाए। बीएलओ को मतदाता खोज में कठिनाई होने पर नगर निगम कर्मियों और कोटेदार की सहायता लेने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लोगों से संवाद कर फॉर्म भरने की प्रक्रिया भी समझाई। मौके पर उपजिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, अपर उपजिलाधिकारी गणेश कनौजिया, तहसीलदार सदर अनिल पाठक समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज में मेडिकल माफिया सक्रिय होने का आरोप, चौकी प्रभारी पर उठे सवाल

प्रयागराज। स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज में मेडिकल माफियाओं के सक्रिय होने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार अस्पताल परिसर में प्राइवेट मेडिकल संचालक बिना रोकटोक घूमते हैं और इलाज कराने पहुंचे मरीजों के पर्चे तक छीन लेते हैं। आरोप है कि यह पूरा नेटवर्क चौकी प्रभारी की मिलीभगत से संचालित हो रहा है।सूत्रों के अनुसार अस्पताल के अंदर रहने की अनुमति मिलने के बदले हर महीने चौकी इंचार्ज को धनराशि दी जाती है, जिसके चलते कोई रोकटोक नहीं होती। इस कथित गठजोड़ के कारण मरीज और तीमारदार शिकार बन रहे हैं।मामले के उजागर होने के बाद पत्रकारों व सोशल मीडिया यूजर्स ने ट्विटर पर चौकी इंचार्ज आनंद यादव के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की है। लोगों ने जांच और कार्रवाई की मांग उठाई है। प्रशासनिक पुष्टि अभी शेष है।

## गोरखपुर जोन में वारंटी व वांछित अभियुक्तों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 338 गिरफ्तार

गोरखपुर। अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन के निर्देशन में जोन के सभी जनपदों में वारंटी एवं वांछित अभियुक्तों के खिलाफ विशेष सघन अभियान चलाया गया। यह अभियान 27 नवंबर को शाम 2 बजे से शुरू होकर 28 नवंबर की सुबह 6 बजे तक जारी रहा।अभियान में सभी जिलों की पुलिस टीमों ने पुरुष व महिला पुलिस बल की संयुक्त टीम बनाकर दबिशें दीं और चिन्हित वारंटियों व वांछित अपराधियों की तलाश में व्यापक अभियान चलाया। जोन स्तर पर की गई इस कार्यवाही के दौरान कुल 292 वारंटियों, 46 वांछित अभियुक्तों समेत कुल 338 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।एडीजी जोन ने सभी जनपदों के पुलिस अधिकारियों को अभियान को और प्रभावी रूप से चलाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। पुलिस की इस कार्रवाई को कानून-व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जिला व तहसील सदर के संयुक्त तत्वावधान में लेखपालों का धरना



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जिला इकाई और तहसील सदर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को तहसील सदर परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। फतेहपुर के 2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की मौत को लेकर लेखपालों में गहरा आक्रोश दिखाई दिया। वक्ताओं ने इसे प्रशासनिक असंवेदनशीलता, संवादहीनता और अधिकारियों द्वारा बनाए गए अनावश्यक दबाव की वजह से हुई ‘अप्राकृतिक मृत्यु’ बताया।संघ पदाधिकारियों ने कहा कि सुधीर कुमार की शादी 26 नवंबर 2025 को थी। वे शादी की तैयारियों के लिए छुट्टी की मांग कर रहे थे, लेकिन एसआईआर कार्य का हवाला देकर छुट्टी नहीं दी गई। इसके बाद 22 नवंबर को एसआईआर बैठक में अनुपस्थित रहने पर ईआरओ द्वारा उनका निलंबन करा दिया गया, जिससे वे बेहद आहत हुए।25 नवंबर की रात, अधिकारियों के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक उनके घर पहुंचे और उनसे कहा गया कि ‘एसआईआर और अन्य कार्य पूरा करो या पैसे देकर किसी से करवा लो, नहीं तो सेवा समाप्त कर दी जाएगी।’ पहले से ही तनाव व दबाव में चल रहे सुधीर ने यह धमकी सहन न कर पाते हुए 25 नवंबर को आत्मघाती कदम उठा लिया।धरने में आरोप लगाया गया कि मृतक परिवार द्वारा प्रार्थना पत्र देने के बावजूद लगभग 30 घंटे तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। बाद में परिजनों की तहरीर बदलवा कर केवल राजस्व निरीक्षक को नामजद किया गया, जबकि एसडीएम अधिकारी संजय कुमार सक्सेना का नाम हटाया गया। संघ ने इसे ‘साफ तौर पर केस को कमजोर करने की कोशिश’ बताया।संयुक्त धरने में बड़े पैमाने पर लेखपाल शामिल हुए। प्रदेश उपाध्यक्ष धनंजय कुमार श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद, तहसील मंत्री रत्नेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष अनिल राय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप यादव, कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह, जिला संगठन मंत्री जावेद खान, मीडिया प्रभारी जयदेव सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।धरने में पदाधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब लेखपाल अपनी मर्यादा में रहते हुए केवल वही कार्य करें जो उनके दायित्व में है।

# माघ मेला 2026 में श्रद्धालुओं को मिलेगी प्वाइंट टू प्वाइंट मोबिलिटी

## मंडलायुक्त ने ओला-ऊबर, रैपिडो जैसी कंपनियों को टेंडर से शामिल कर टू-व्हीलर सेवा शुरू करने के दिये निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेला 2026 में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मेला क्षेत्र तक पहुँच आसान बनाने को लेकर प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल एवं पुलिस कमिश्नर जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में आई, ट्रिपलऽसी सभागार में आयोजित बैठक में श्रद्धालुओं को प्वाइंट टू प्वाइंट मोबिलिटी उपलब्ध कराने की कार्ययोजना पर सहमति बनी।

योजना के तहत जनपद के विभिन्न पिकअप प्वाइंट से मेला क्षेत्र की निकटतम पार्किंग तक टू-व्हीलर सेवा संचालित की जाएगी। इस सेवा को टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से ओला, ऊबर और रैपिडो जैसी कंपनियों को आबद्ध कर शुरू किया जाएगा तथा किराया प्रति किलोमीटर दर पर निर्धारित किया जाएगा। यह सुविधा 1 जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक नॉन-पीक डेज में उपलब्ध रहेगी।मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि पंजीकृत ड्राइवर निर्धारित रूट पर ही सेवा दें और तय किराया नियमों का पालन करें। सुनिश्चित अनुपालन के लिए कंपनियों को ड्राइवरों की संख्या व विवरण प्रशासन को उपलब्ध कराना होगा। टू-व्हीलर रूट चार्ट तैयार करने हेतु पुलिस, परिवहन एवं रेलवे अधिकारियों की संयुक्त समिति का गठन किया जाएगा।

### बस सेवा में भी वृद्धि—75 ईवी एवं 200 डीजल बसें उपलब्ध

बैठक में परिवहन विभाग ने बताया कि मेला अवधि के लिए 75 ईवी और 200 डीज़ल बसों की अतिरिक्त व्यवस्था की जा रही है। नॉन पीक दिनों में केवल ईवी बसें और भीड़ बढ़ने पर सभी बसें संचालित होंगी। आवश्यकता अनुसार बस संख्या बढ़ाने का विकल्प भी खुला रहेगा।प्रस्तुत रूट प्लान पर चर्चा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि भीड़ व संभावित जाम को देखते हुए जीटी जवाहर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बसें न लायी जाएँ। बैठक में जिलाधिकारी मनीष वर्मा, एडिशनल कमिश्नर पुलिस डॉ. अजयपाल, मेला अधिकारी ऋषिराज, नगर आयुक्त सेलम साई तेजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे

# सरोजनी नगर तहसील में लेखपालों का धरना प्रदर्शन

## फतेहपुर में की गई लेखपाल द्वारा आत्महत्या से लेखपालों में आक्रोश प्रदर्शन में पहुंचे कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिया समर्थन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। फतेहपुर जिले में तैनात रहे लेखपाल सुधीर कुमार द्वारा बीते दिनों की गई आत्महत्या को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उप शाखा सरोजनी नगर लेखपाल संघ ने शुक्रवार को सरोजनी नगर तहसील पर धरना प्रदर्शन किया।

इस दौरान धरना दे रहे लेखपालों ने आरोप लगाया कि एसडीएम और राजस्व निरीक्षक द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर सुधीर ने आत्महत्या की थी। धरना दे रहे लेखपालों ने कहा कि सुधीर कुमार की शादी होनी थी, जिस पर उनके द्वारा अवकाश मांगा जा रहा था। लेकिन बार-बार निवेदन करने के बाद भी अवकाश स्वीकृत नहीं किया गया, बल्कि लेखपाल सुधीर के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई कर दी गई। साथ ही बर्खास्त करने की धमकी भी दी गई। जिसके कारण वह डिप्रेशन में आ गए और उन्होंने आत्महत्या कर ली। संगठन के सरोजनी नगर तहसील अध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा के नेतृत्व में धरना दे रहे लेखपालों ने कहा कि सुधीर कुमार द्वारा शादी के 2 दिन पूर्व आत्महत्या कर लिए जाने से लेखपाल संवर्ग में काफी आक्रोश व्याप्त है और सभी भयभीत हैं।इसको लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आवाहन पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है। धरने में शामिल संगठन की तहसील मंत्री नीतू यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष लेखपाल संघ सीतापुर सत्येंद्र कुमार यादव, जिला कनिष्ठ उपाध्यक्ष कुमार सौरभ, जिला उपमंत्री रंजीत वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार, कोषाध्यक्ष विश्राम, उप मंत्री अम्रतांजलि सिंह सहित मौजूद लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सरोजनी नगर एसडीम अंकित शुक्ला को सौंपा। जिसमें उन्होंने फतेहपुर में तैनात एसडीएम संजय कुमार सक्सेना और राजस्व निरीक्षक शिवराम के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज करने के साथ मृतक लेखपाल सुधीर कुमार की मां को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की मांग की है। उन्होंने यह भी माँग की है कि एसआईआर के लिए लेखपालों का अनावश्यक मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न ना किया जाए। इसके अलावा लेखपालों को एक माह के वेतन के बराबर प्रोत्साहन राशि देने के साथ एसआईआर की समय सीमा बढ़ाई जाए। लेखपालों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन की जानकारी पाकर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रुद्रदमन सिंह चौहान भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन को समर्थन दिया।

# कानपुर सेंट्रल पर कुलियों संग संवाद, शिव प्रकाश ने दी एसआईआर की जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । जनपद से वापस दिल्ली रवाना होने से पहले भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर मौजूद कुलियों से उनका हालचाल लेते हुए देश में हो रही एसआईआर की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्हें जागरूक करते हुए कहा कि आप लोग भी जल्द से जल्द फॉर्म भरकर जमा कर दें।

कानपुर प्रवास के उपरांत भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश आज दिल्ली प्रस्थान से पूर्व कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पहुंचे। प्लेटफार्म नंबर एक पर मौजूद कुलियों से उन्होंने आत्मीय संवाद करते हुए गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत न्यूमरेशन फॉर्म भरने की स्थिति की जानकारी ली।कुलियों ने बताया कि उन्होंने न केवल न्यूमरेशन फॉर्म भर दिए हैं बल्कि उन्हें बीएलओ को जमा भी कर दिया है। इस जागरूकता और जिम्मेदारीपूर्ण सहयोग से प्रसन्न होकर शिव प्रकाश ने सभी कुली साथियों को स्टेशन पर ही मिठाई खिलाई और उनके जागरूक प्रयासों की सराहना करते हुए बधाई दी।इस दौरान शिव प्रकाश ने कुलियों का हाल-चाल भी जाना और कहा कि प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है।

# लेखपाल संघ के पदाधिकारियों का तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। जिसके चलते छः सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम गौतम सिंह को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार, तहसील अध्यक्ष अवनीश प्रताप सिंह ने बताया कि फतेहपुर जनपद में एसआइआर में लगे लेखपाल सुधीर कुमार कोरी ने उस समय आत्महत्या कर ली, जब उसके घर जाकर 25 नवंबर को राजस्व निरीक्षक ने सुबह साढ़े छः बजे एसडीएम संजय कुमार सक्सेना द्वारा उसे बर्खास्त करने जैसी धमकी देने की सूचना दी। जबकि 26 नवंबर को लेखपाल सुधीर कुमार की शादी होनी थी। इसके बाद जिला प्रशासन फतेहपुर ने इस मामले में असंवेदनशीलता दिखाते हुए लीपापोती करदी । स्वजन की तहरीर लेखपालों के अनुरोध के बाबजूद 30 घंटे बाद तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। स्वजन ने प्राथमिकी दर्ज न होने की स्थिति में शव का पोस्टमार्टम एवं दाह संस्कार कराने से इंकार कर दिया तो प्रशासन ने षडयंत्र पूर्वक स्वजन की तहरीर बदलवा दी।

मुख्य आरोपित एसडीएम संजय कुमार सक्सेना का नाम शमिल न करके केवल राजस्व निरीक्षक के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई। इससे लेखपाल संघ आक्रोशित है। मृतक लेखपाल के स्वजन को न्याय दिलाने की मांग करते हुए छः सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन देते हुए महामंत्री राजीव मिश्रा ने बताया कि मुख्य आरोपी आईपीएस संजय कुमार सक्सेना के नाम अज्ञात के स्थान पर एफआईआर में नाम दर्ज किया जाए। साथ ही मृतक की माता को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए साथ ही एसआईआर की अंतिम तिथि आगे बढ़ाई जाए कम समय में काम पूरा करने का दबाव कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं जीवन को खतरे में डाल रहा है। और अधीनस्थ कर्मचारी लेखपालों के साथ सब व्यवहार संवेदनशीलता एवं संवाद स्थापित करने तथा लेखपाल संघ पदाधिकारियों के साथ शासन के निर्देशानुसार नियमित बैठक करने के निर्देश समस्त जिला अधिकारियों एवं उप जिलाधिकारी को निर्गत किए जाएं।

## सरोजनी नगर मे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत हुआ मंडल महिला सम्मेलन



लखनऊ। शुक्रवार को 170 सरोजिनी नगर विधानसभा के खुशहाल गंज मंडल मे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत मंडल महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ रीना उपाध्य उपस्थित रहीं साथ ही क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी जिला अध्यक्ष आदरणीय विजय कुमार मौर्या व वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश सिंह चौहान ,काकोरी ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव जिला महामंत्री महिला मोर्चा प्रतिभा वर्मा सहित सैकड़ो महिलाएं बहने उपस्थित रही कार्यक्रम संयोजक श्रीमती रीतू सिंह जिला मंत्री महिला मोर्चा लखनऊ द्वारा किया गया।कार्यक्रम मे भारत को आत्मनिर्भर बनाने पर ज़ोर दिया गया।

## सोलर पैनल चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों गिरफ्तार



सरोजनी नगर। बिजनौर इलाके मे सोलर पैनल चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी किये गए सोलर पैनल को? भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। मालूम हो की बीती 26 नवंबर को दिलीप कुमार पुत्र संतराम निवासी रहीमाबाद, बिजनौर की तहरीर?के आधार पर 18 नवंबर को अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज मुकदमा की खेत मे लगा सिंचाई का सोलर पंप का पैनल चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था,जिसका मुकदमा बिजनौर थाने पर दर्ज कराया था। जिसके बाद चोरों की खोज की जा रही थी।शुक्रवार को मुखबिर की सुचना पर नटकुर अंडर पास के करीब दो सौ मीटर आगे कच्चे रास्ते पर चोरी करने वाले तीन अभियुक्त गणों मे श्रीकांत शुक्ला उर्फ़ सोनू शुक्ला पुत्र राजेश शुक्ला निवासी नारायण पुरी, मानस नगर,कृष्णा नगर, लखनऊ उम्र 31 वर्ष, अमित मिश्रा पुत्र बाबू लाल मिश्र निवासी अकोदिया नारायण पुर, ऊंचाहार रायबरेली उम्र 35 वर्ष एवं सुनील यादव पुत्र राजेंद्र यादव निवासी रानी पुर,लालगंज रायबरेली उम्र 32 वर्ष को हिरासत मे लेकर उनकी निशान देही पर चोरी किए गए सोलर पैनल बरामद किया गया साथ ही अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत मे भेजा गया।

## प्रयागराज में ठंडी हवाओं से पारा गिरा, कोहरे के चलते ट्रैफिक पर असर

प्रयागराज। शहर में पिछले दो दिनों से चल रही तेज ठंडी हवाओं के कारण तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई है। आसमान में दिनभर बादलों की परत छाई रहती है, बीच-बीच में हल्की धूप निकलने के बाद भी पश्चिमी हवाओं के चलते ठंड का असर कम नहीं हुआ।मौसम विभाग के अनुसार चार दिनों में तापमान 556 डिग्री तक नीचे आया है। शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहा। शाम ढलते ही बर्फीली हवा और बढ़ जाती है, जिससे ठिठुरन तेज महसूस होने लगी है।रात होते-होते शहर में धुंध छाने लगती है और देर रात यह घने कोहरे का रूप ले लेती है। दृश्यता कम होने से वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ रही है और ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 24 घंटे में और ठंड बढ़ने की संभावना जताई है।

## माघ मेला 2026: रेलवे बड़े स्तर पर करेगा प्रचार, देशभर के स्टेशनों पर दिखेगा मेले का आकर्षण

प्रयागराज। माघ मेला 2026 को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए रेलवे ने व्यापक प्रचार अभियान शुरू किया है। महाकुंभ की तर्ज पर माघ मेला को भी ब्रांड रूप में स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए बड़े रेलवे स्टेशनों पर पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स और रंगीन डिजाइन लगाए जाएंगे।दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी सहित कई स्टेशनों पर ग्लो साइन बोर्ड और रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनेज लगाए जाएंगे जो रात में भी प्रकाश फैलाते रहेंगे। प्लेटफार्म पर यात्रियों को पंपलेट व हैंड बिल भी बांटे जाएंगे।श्रद्धालुओं के लिए रंगीन बुकलेट भी जारी की जाएगी जिसमें स्नान तिथियां, अखाड़ों की जानकारी, मेला नक्शा, संगम मार्ग, ठहराव, भोजन और टैक्सी-बस जानकारी सहित सभी विवरण होंगे। प्रयागराज जंक्शन, संगम, फाफामऊ, नैनी व छिवकी स्टेशनों को भी मेले की थीम पर सजाया जाएगा और ट्रेनों में विशेष घोषणाएँ चलेंगी।रेलवे का उद्देश्य है कि ट्रेन में कदम रखते ही यात्रियों को माघ मेले की भव्यता का अनुभव होने लगे।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं० | 106-टेली/टेंडर/17/2025-26 | | |
| कार्य का नाम: लखनऊ मंडल लखनऊ मंडल में पीआरएस/यूटीएस नेटवर्किंग उपकरणों की विश्वसनीयता में सुधार और उन्नयन का कार्य। | | | |
| अनुमानित लागत | रु 5,13,61,674.91/- | निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु 4,06,800.00/- | कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 19.12.2025 15:30 बजे तक | | |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ | | |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।

- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०-106-टेली/टेन्डर/17/2025-26 दिनांक: 28.11.2025

3709/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 10.12.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 01232025 दिनांक 27.11.2025 | | |
| निविदा संख्या. | 18-Sr. DEN-II-LKO/2025-26 | | |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के Sr. DEN-II/LKO सेक्शन के अंतर्गत एलसी संख्या 43,) 30 बीएसबी (जेएनएच-,) 3 जेएनएच (जेडबीडी-, ए135,) 138सीआईएल (आरबीएल-, 183, 193, 194) आरबीएल तथा (यूटीआर-Sr. DEN-VI/LKO सेक्शन के अंतर्गत एलसी संख्या) 123 डीएमडब्ल्यू पर एसएंडटी (ओएन-भवन का प्रावधान। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,23,71,769.05 | धरोहर राशि | ₹2,11,900/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 08 माह | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 05.12.2025 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 19.12.2025 को 15:00 बजे | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 3692/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 22.12.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग,डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01252025 दिनांक 28.11.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 27-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : वरि० मण्डल इंजीनियर-VI, लखनऊ के अन्तर्गत यूसीआर-ओएन सेक्शन में पुल संख्या 152 और 283 के लिए 9.15 मीटर से अधिक और 12.20 मीटर तक के स्पैन वाले पीएससी स्लैब के साथ गर्डर को बदलना और डीएमडब्ल्यू-डीवाईपी में पुल संख्या 35 (1x9.15 मीटर), डीएमडब्ल्यू-एलएलजे में पुल संख्या 210ए (1x10.3 मीटर) एवं पीबीएच-पीएफएम सेक्शन में पुल संख्या 128 (3x9.15 मीटर) का पीएससी स्लैब के साथ 9.15 मीटर तक के स्टील गर्डरों को बदलने का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 46051368.10 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 380300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 08.12.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 22.12.2025, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट :- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3700/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# फतेहपुर के लेखपाल की संदिग्ध मौत पर मोहनलालगंज तहसील में धरना-प्रदर्शन

**प्रदर्शनकारियों ने तहसील प्रशासन को मुख्यमंत्री को संबोधित विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। फतेपुर जनपद में तैनात लेखपाल सुशील कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। मृतक के परिजनों, ग्रामीणों और सहकर्मी लेखपालों ने शुक्रवार को मोहनलालगंज तहसील परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शनकारियों ने तहसील प्रशासन को मुख्यमंत्री को संबोधित विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की।शादी से ठीक पहले मानसिक दबाव का आरोप परिजनों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उनका कहना है कि सुशील कुमार का विवाह 26 नवंबर को होना था। इसके लिए उन्होंने अवकाश मांगा था, मगर संबंधित अफसरों ने छुट्टी स्वीकृत नहीं की।

उल्टे उन्हें बार-बार कार्यालय आने का दबाव बनाया गया। आरोप है कि बीते मंगलवार की शाम उन्हें राजस्व अधिकारी संजय कुमार सवर्ण ने घर बुलाकर पैसों की मांग की तथा अभद्र भाषा में धमकाया कि आदेश न मानने पर नौकरी खत्म कर दी जाएगी।कथित मानसिक उत्पीड़न और भारी दबाव में आकर सुशील तनावग्रस्त हो गए और इन्हीं परिस्थितियों में उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया।एफआईआर दर्ज करने में देरी, परिजनों ने लगाई लापरवाही की शिकंजा परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने बहन द्वारा दिए गए आवेदन पर एफआईआर दर्ज करने में 30 घंटे से अधिक की देरी की। आरोप है कि असली दोषियों के नाम जानबूझकर रिपोर्ट में शामिल नहीं किए गए और केवल एक राजस्व निरीक्षक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई।पीड़ित परिवार का कहना है कि प्रशासनिक अनदेखी और अधिकारियों की संवेदनहीनता ने सुशील की जिंदगी छीन ली।लेखपालों में रोष कहाअधिकारियों के दबाव से टूट रही हमारी कमर'प्रार्थना पत्र में जारी विवरण के अनुसार, जनपद में कई लेखपाल अपने उच्च अधिकारियों की मनमानी, फटकार, अपमानजनक व्यवहार, वेतन रोकने और प्रतिकूल प्रविष्टि जैसी कार्रवाई से मानसिक रूप से परेशान हैं।लेखपालों का कहना है कि अत्यधिक कार्यभार, लगातार दबाव और विभागीय उदासीनता के कारण कर्मचारी अवसाद, हाईबीपी, शुगर जैसे गंभीर रोगों की चपेट में आ रहे हैं। उन्हीं परिस्थितियों ने सुशील की जान ले ली।

### मोहनलालगंज में जोरदार विरोध' न्याय दो अन्यथा आंदोलन होगा तेज

धरना-प्रदर्शन के दौरान परिजनों ने कहा कि दोषी अधिकारियों को बचाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच न हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सरकार पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को तत्काल निलंबित कर कार्रवाई शुरू करे।परिजनों की प्रमुख मांगें राजस्व अधिकारी संजय कुमार सवर्ण को मुख्य आरोपी बनाते हुए एफआईआर में नाम दर्ज किया जाए।

# रेलवे में नवीन प्रौद्योगिकियों पर सम्मेलन का आयोजन

**रेलवे क्षेत्र में नवाचारों, नवीनतम प्रौद्योगिकियों, सहयोग और रेलवे के विभिन्न आयामों पर विशेषज्ञों ने किया विचार-विमर्श**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के साथ सम्मिलित रूप से शुक्रवार को लखनऊ में रेलवे में नवीन प्रौद्योगिकियों पर एक सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में उपस्थित इस क्षेत्र से सम्बंधित विशेषज्ञों ने रेलवे क्षेत्र में नवाचारों, नवीनतम प्रौद्योगिकियों, सहयोग और रेलवे के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उदय बोरवणकर महानिदेशक, अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन(आरडीएसओ) ने उल्लेख किया कि आरडीएसओ, रेलवे वस्तुओं की आपूर्तियों के लिए तथा विनिर्देश तैयार करने और विक्रेता विकास का कार्य करता है तथा भारतीय रेल को तकनीकी समाधान प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि पटरियों की गति क्षमता 75 किलोमीटर प्रति घंटे से बढ़कर 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई है और इसे आगे 200 किलोमीटर प्रति घंटे तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। जिन कोचों में पहले केवल 500 से 700 यात्रियों को ही समायोजित किया जा सकता था, अब वे एक रेक में 2000 यात्रियों को समायोजित करने में सक्षम हैं। माल ढुलाई के मामले में, क्षमता 150 टन प्रति एक्सल से बढ़कर लगभग 250 टन प्रति एक्सल तक पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल में हुए ये सभी तकनीकी नवाचार वर्ष 2047 तक विकसित भारत के रोडमैप में भी योगदान दे रहे हैं। वहीं सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए अभिषेक सर्राफ, सम्मेलन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, अवध रेल इन्फ्रा लिमिटेड ने कहा कि भारतीय रेल देश को प्रगति की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करती है। भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है, जो अपने नेटवर्क आकार के अनुसार केवल अमेरिका, चीन और रूस से पीछे है। भारतीय रेल ने देश के आर्थिक विकास की गति को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह राष्ट्र के विकास इंजन का अभिन्न अंग है। सत्र को संबोधित करते हुए सुशील कुमार प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

# सड़क किनारे बछड़ा बांधने के विवाद में लाठी डंडों से हमला, दंपति समेत तीन गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र के रामदासपुर गांव में शुक्रवार दोपहर सड़क किनारे बछड़ा बांधने को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया।

कहासुनी के बाद एक पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने दूसरे पक्ष के घर पर धावा बोलकर दंपति सहित तीन लोगों को लाठी-डंडों से जमकर पीटा, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां एक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पीड़िता रोशनी के अनुसार, उसके पति होरी लाल ने खेत के पास सड़क किनारे बछड़ा बांधा था। इसी दौरान गांव के संतलाल ने आपत्ति जताते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर संतलाल अपनी पत्नी और परिवार के अनित , करन, अर्जुन, विकास, छोटू समेत करीब सात लोगों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पहुंचे और हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले होरी लाल की पिटाई की, बाद में बचाने पहुंची रोशनी और उसके ससुर छेदालाल को भी पीटकर लहूलुहान कर दिया। तीनों के सिर फट गए और गंभीर चोटें आईं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर 112 पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। निगोहां पुलिस ने रोशनी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने मनाया अपना छठवां दीक्षांत समारोह

**समारोह में 34 पीएचडी, 1257 पोस्ट ग्रेजुएट, 830 अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों को मिली उपाधियाँ, तो 334 विद्यार्थियों को मिला डिप्लोमा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । आईआईएम रोड स्थित महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कैंपस का छठवां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. संजीव मिश्रा कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल कुमार, निदेशक, इसरो टेलिमेट्री, ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क बैंगलुरु रहे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि उत्कृष्ट शिक्षा, सृजनात्मक सोच और अनुशासन का संगम ही एक मजबूत और समृद्ध भारत की नींव है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. भानु प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह दीक्षांत समारोह केवल उपाधि वितरण नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की संपूर्ण यात्रा, मेहनत और सपनों का उत्सव है। रजिस्ट्रार डॉ. गिरीश छिमवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान के प्रत्येक आयाम में निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है और विद्यार्थियों की सफलता ही संस्थान की वास्तविक उपलब्धि है। वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। दीक्षांत समारोह में कुल 34 पीएचडी, 1257 पोस्ट ग्रेजुएट, 830 अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों को उपाधियाँ तथा 334 विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रदान किया गया। कुल 2455 विद्यार्थियों को डिग्री और डिप्लोमा प्रदान किया गया। पारंपरिक भारतीय संस्कृति पर आधारित शोभा यात्रा दीक्षांत समारोह की विशेष शोभा रही, जिसमें शामिल सभी लोग पारंपरिक भारतीय परिधान में सुसज्जित थे। प्रत्येक विद्यार्थी ने सिर पर पगड़ी और गले में पीला पटका धारण कर भारतीय परंपरा के गौरव को जीवंत किया। पूरा वातावरण अनुशासन, उत्साह और सांस्कृतिक समृद्धि से भर गया था। इस अवसर पर कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन डॉ. के. के. शुक्ला, डिप्टी रजिस्ट्रार संदीप शर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ. राजेश सिंह तथा विश्वविद्यालय के सभी विभागों के डीन, डिप्टी डीन और संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## 2027 तक विकसित -भारत समृद्ध -भारत आत्मनिर्भर - भारत बनाने के सम्बन्ध में संपन्न हुआ युवा सम्मेलन



लखनऊ। भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से विकसित भारत समृद्ध भारत संकल्प अभियान युवा सम्मेलन आयोजित हुआ म्कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा राम जी विश्वकर्मा की।मंच का संचालन का काम अंकित प्रजापति ने किया ।आयोजन में मुख्य अतिथि ब्लॉक गोसाईगंज के ब्लॉक प्रमुख विनय विनय (डिंपल) रहे। इसके अलावा, पूर्व जिला अध्यक्ष गोकरननाथ वर्मा , मंडल अध्यक्ष भाजपा पंकज नयन पटेल, जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा अमित सिंह , जिला कार्यालय प्रभारी सत्यदेव निषाद, जिला प्रतिनिधि राम सिंह मौर्य, मंडल महामंत्री भाजपा डी. डी. त्रिपाठी, उमाकांत साहू ,पूर्व मण्डल मंत्री राजेन्द्र साहू , सत्यनाम चौधरी, संतोष शर्मा , प्यारे मोहन , रमन वर्मा, अतुल यादव , दीपक यादव, शिवा शर्मा , शिवकुमार, शिवा विश्वकर्मा , राजा रावत ,पिन्टू विश्वकर्मा , आदि युवा साथी एवं कार्यकर्ता गणों ने सहभागिता की ।

## 'तेरी मोहब्बत में' फिल्म का शुभ मुहूर्त, विधायक ने किया उद्घाटन



रायबरेली। अवध गंगा 2 फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही हिंदी फीचर फिल्म 'तेरी मोहब्बत में' का शुभ मुहूर्त गुरुवार को बछरावां के एक निजी होटल में धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारती ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर फिल्म की पूरी टीम और स्थानीय लोग मौजूद रहे। फिल्म के डायरेक्टर ने बताया कि यह कहानी परिवारिक और सामाजिक मुद्दों पर आधारित है, जिसमें आज के समाज में बढ़ रही उन घटनाओं को दिखाया गया है, जहाँ बेटियों द्वारा गलत निर्णय, गलत संगत और गलत राह चुनने के कारण उनके साथ दर्दनाक घटनाएँ घटती हैं। फिल्म का मुख्य संदेश है–अभिभावकों की सलाह को नज़रअंदाज़ करना कई बार बेटियों के जीवन में बड़े हादसों और शोषण का कारण बन जाता है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म युवतियों को जागरूक करने के साथ ही परिवारिक मूल्यों को मजबूती देने का प्रयास करेगी। उद्घाटन के दौरान विधायक श्यामसुंदर भारती ने फिल्म टीम को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि क्षेत्र के युवाओं द्वारा समाज की सच्चाई को पर्दे पर लाने का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा– आज जहाँ युवा वर्ग गलत दिशा में भटक जाता है, वहीं 'तेरी मोहब्बत में' जैसी फिल्में समाज को सही रास्ता दिखाने का काम करती हैं। इस फिल्म में स्थानीय कलाकारों की दमदार मौजूदगी है। कलाकारों में मोहित गुमसुम, शिवराम, राहुल यादव, राज सिंह (मुख्य अभिनेता), राजकुमारी (अभिनेत्री) और विनोद यादव (खलनायक) शामिल हैं। तकनीकी टीम में विनोद यादव (मैनेजर), ऋषिकांत अंबेडकर व सत्या डांसर (कैमरा), रामचंद्र जी (लेखक), विवेक सिंह (मीडिया प्रभारी), चंद्रभान मौर्य (पब्लिसिटी डिजाइनर), धीरेंद्र (एडिटर) सहित कई स्थानीय सदस्य जुड़े हैं। निर्देशन महाशक्ति फिल्म प्रोडक्शन, बछरावां द्वारा किया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग रायबरेली और आसपास के क्षेत्रों में ही की जाएगी। प्रोडक्शन टीम के अनुसार, इससे न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच मिलेगा बल्कि युवाओं को रोजगार और फिल्म उद्योग से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त होगा।

# इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला में भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा आयोजित हुआ 19वीं नेशनल जम्बूरी कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला में भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा आयोजित 19वीं नेशनल जम्बूरी कार्यक्रम में देश-विदेश के स्काउट एवं गाइडस के लिए अपनी उच्च क्षमता वाली दूरबीनों के माध्यम से रात्रि आकाश दर्शन कार्यक्रम का आयोजन करवाया जा रहा है।

इस वर्ष आयोजित जम्बूरी में लगभग 35,000 प्रतिभागी शिविर में शामिल होकर स्काउटिंग की भावना सेवा, अनुशासन, साहस, एकता और कौशल का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। जम्बूरी में देश-विदेश से आए स्काउट, गाइड, रोवर्स, रेंजर्स, अधिकारी और सहयोगी कर्मचारी को प्रत्यक्ष रूप से दूरबीनों के माध्यम से शनि ग्रह के छल्लों, ब्रहस्पति गृह और उसके गेलैलियन चंद्रमा और हमारे सबके प्यारे चंद्रमा का भरपूर अवलोकन किया । यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश अमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब के द्वारा श्री अनुराग अवस्थी एवं स्वप्निल रस्तोगी के द्वारा संचालित हो रहे हैं। रात्रि आकाश दर्शन के तहत नक्षत्रशाला द्वारा लगाए गए बड़े टेलीस्कोपों से प्रतिभागियों को चन्द्रमा, शनि ग्रह के छल्ले, बृहस्पति का लाल धब्बा, तथा शुक्र ग्रह की कलाएँ दिखाए जा रहे हैं। बच्चों में इन ग्रहों को देखने को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एमैच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब के अनुराग, काव्या, वंशिका, आराधना, राहिल, गरिमा, कोमल, आदित्य अनस, दीपशिखा, अक्षत पाल, अंश सदस्यों द्वारा अपने जूनियर सदस्यों को भी जनसामान्य हेतु आयोजित इवेंट्स को सँभालने एवं आयोजित कराये जाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यक्रम उत्तर प्रदेश अमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब के विशेषज्ञ उन्हें ग्रहों की संरचना एवं विशेषताओं की संक्षिप्त जानकारी भी प्रदान कर रहे हैं। इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला ने कार्यक्रमों के समन्वय के लिए श्री दिनेश जोशी और श्री संदीप यादव को तैनात किया है।

सभी स्काउट एवं गाइड्स में चंद्रमा को ले के अत्यंत कुतूहल का भाव था क्योकि वे पहली बार चन्द्रमा की सतह को इतने करीब से देख रहे थे । दूरबीन से चंद्रमा को पहली बार करीब से देखना किसी भी स्काउट-गाइड के लिए अद्भुत अनुभव होता है। चंद्रमा की सतह पर कई रोचक और वैज्ञानिक विशेषताएँ दिखती हैं, जो नंगी आँखों से दिखाई नहीं देतीं। दूरबीन से देखने पर ही सामान्यतः यह चीज़ें साफ दिखाई देती हैं । चन्द्रमा को दूरबीन से देखने पर उल्कापिंडों के टकराने से बने हजारों गड्ढे साफ़ दिखते हैं।

# 59 दिन में 1.39 लाख से अधिक किसानों से 8.28 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई धान की खरीद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर समय-समय पर धान खरीदारी की समीक्षा हो रही है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, खाद्य व रसद विभाग लगातार इसकी मॉनीटरिंग कर रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहली अक्टूबर व पूर्वी उत्तर प्रदेश में पहली नवंबर से चल रही धान खरीद को किसानों का साथ मिल रहा है। आंकड़े देखें तो पहली अक्टूबर से 28 नवंबर तक (59 दिन) में 1.39 लाख से अधिक किसानों से 8.28 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद कर ली गई है। वहीं धान बिक्री के लिए 5.44 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण भी करा लिया है। लक्ष्य से आगे बढ़कर प्रदेश में 4225 क्रय केंद्र भी स्थापित हो गए हैं।

किसान क्रय केंद्रों पर जाकर धान बिक्री कर रहे हैं, जिससे उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ मिल रहा है। 28 नवंबर की शाम तक 1,39,040 किसानों से 8.28 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। वहीं धान खरीद सत्र 2025-26 के लिए 5,44,502 किसानों ने अपना पंजीकरण भी करा लिया है। धान खरीद के लिए प्रदेश में 4225 क्रय केंद्र भी स्थापित हो चुके हैं। सीएम योगी के निर्देश पर किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने अधिक से अधिक किसानों से क्रय केंद्रों पर धान की खरीद कराने का निर्देश दिया था, जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके। उत्तर प्रदेश में धान खरीद प्रणाली को लेकर योगी सरकार के सुधार अब ज़मीनी स्तर पर मजबूती से दिखाई दे रहे हैं। ई-पॉप मशीनों से बायोमीट्रिक सत्यापन, पंजीकृत किसानों को ही खरीद की सुविधा, बिचौलियों की समाप्त होती भूमिका और 48 घंटे में भुगतान जैसी प्रक्रियाओं ने मंडी व्यवस्था को पारदर्शी बना दिया है।

## उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराएगी योगी सरकार : कपिलदेव अग्रवाल



लखनऊ। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए योगी सरकार कौशल विकास, उद्योग और रोजगार के त्रिकोणीय मॉडल को मजबूती से आगे बढ़ा रही है। इसी कड़ी में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने ने कहा कि योगी सरकार एक ऐसा मॉडल विकसित कर रही है जो उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के साथ युवाओं को आर्थिक स्थिरता देगा। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय, अलीगंज में विभागीय समीक्षा करते हुए मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ल्लप्रशिक्षण ही नहीं, युवाओं को रोजगार से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित युवा शक्ति ही आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को मजबूत कर सकती है। इसके लिए सेवा मित्र पोर्टल को और उन्नत करने, अधिकाधिक आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के युवाओं को जोड़ने और व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया। इस दौरान उन्होंने सभी योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया, ताकि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित समय में हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की रियल टाइम आउटकम ट्रैकिंग अत्यंत आवश्यक है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किस संस्थान से प्रशिक्षित युवक वर्तमान में कहाँ कार्यरत हैं, उनकी कौशल वृद्धि कितनी हुई है और किस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हुआ है। डेटा कैप्चर की गुणवत्ता सुधारने और इसे रियल टाइम सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि सेवा प्रदाताओं और आईटीआई छात्रों का एकीकरण उद्योगों से सीधा संपर्क स्थापित करेगा और युवाओं को तत्काल रोजगार अवसर मिलेंगे। उन्होंने प्राइवेट आईटीआई का डेटा भी शामिल करने के निर्देश दिए, ताकि राज्य के सभी प्रशिक्षित युवाओं की रोजगार स्थिति का संपूर्ण और पारदर्शी आकलन किया जा सके। उन्होंने राजकीय आईटीआई को औद्योगिक भ्रमण की नियमित रिपोर्ट शासन को भेजने और औद्योगिक भ्रमण कैलेंडर तैयार कर तुरंत डेलॉइट से साझा करने का निर्देश दिया। स्किल मित्र पोर्टल पर छात्रों की प्लेसमेंट स्थिति को नियमित अपडेट करने तथा जिलों में प्लेसमेंट ड्राइव का अधिक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया गया।

# स्कूल स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में हुआ एथलेटिक चैम्पियनशिप का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ में स्कूल स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए एक भव्य एथलेटिक चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया।

इसमें 150 से अधिक विद्यालयों के 2,000 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग लेकर न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि शहर की उभरती खेल संस्कृति को भी सशक्त संदेश दिया। यह आयोजन महानगर स्थित 35 बटालियन पीएसी स्थित सिंथेटिक ट्रैक पर सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का संचालन लखनऊ एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस आयोजन के हर चरण में तकनीकी सटीकता, खिलाड़ियों की सुरक्षा तथा निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित अधिकारियों और स्वयंसेवकों की टीम तैनात रही। इनमें स्प्रिंट दौड़, रिले, मध्यम दूरी की दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक तथा कई अन्य फील्ड प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जी एस नवीन कुमार, सचिव सिंचाई विभाग उतर प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन सिखाते हैं, और अनुशासन ही बेहतर नागरिक तथा बेहतर समाज निर्माण का आधार है। विद्यालय स्तर पर ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, एकाग्रता और स्वस्थ जीवनशैली की प्रेरणा उत्पन्न होती है।

**भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की डायमंड जुबली एवं 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी का हुआ भव्य समापन**

# अनुशासित युवा ही राष्ट्र को नित नई बुलंदियों तक पहुंचाने में हो सकता है सहभागी : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को सीख दी कि अनुशासन जीवन की पहली आधारशिला है। अनुशासित युवा ही अदम्य साहस से राष्ट्र को नित नई बुलंदियों तक पहुंचाने में सहभागी हो सकता है। राजधानी लखनऊ पिछले पांच दिन से भारत की युवा ऊर्जा के अनुशासन, धैर्य व चुनौती को समझने के सामर्थ्य को देख रही है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि उत्तर प्रदेश, देश व दुनिया के कोने-कोने से आए युवा जंबूरी के माध्यम से उत्तर प्रदेश की स्मृतियों को अपने-अपने क्षेत्र में ले जाकर भारत व विश्व बंधुत्व के विजन को बढ़ाने का कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में शुक्रवार को डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, सेक्टर-15 वृंदावन योजना में हुए भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की डायमंड जुबली एवं 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के समापन समारोह को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवा ऊर्जा के प्रतीक 'भारत के इन भविष्यों' के 19वीं जंबूरी का कार्यक्रम इस बार यूपी की राजधानी लखनऊ में हुआ है। उत्तर प्रदेश को 61 वर्ष बाद इसे आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ। जंबूरी ने 2025 के प्रारंभ में आयोजित प्रयागराज महाकुम्भ का स्मरण करा दिया है। प्रयागराज में देश-दुनिया के 66 करोड़ श्रद्धालु आए थे तो जंबूरी में दुनिया के कई देशों व भारत के कोने-कोने से विश्व शांति, एकता व विश्व बंधुत्व के भाव को लेकर युवा आए हैं। दुनिया के अंदर कुछ नया करने के इच्छुक युवा ऊर्जा के प्रतीक इन युवाओं का यहां महाकुम्भ चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जंबूरी की थीम प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप 'विकसित भारत-विकसित युवा' रहा है। पिछले पांच दिन से लगातार हर जुबान पर जंबूरी के कार्यक्रम, अनुशासन, आत्मसंयम, यहां चल रहे विभिन्न प्रकार के एडवेंचर व सकारात्मक गतिविधियों ने नई ऊर्जा का संचार किया है।

# खैराबाद नगरपालिका में बोर्ड बैठक सम्पन्न, विकास कार्यों पर बनी सहमति

**नगर के सर्वांगीण विकास पर खैराबाद बोर्ड की अहम बैठक**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



खैराबाद, सीतापुर । नगर पालिका परिषद खैराबाद की बोर्ड बैठक नगरपालिका अध्यक्षा बेबी गुप्ता की अध्यक्षता में अपराह्न 3 बजे पूर्व निर्धारित तिथि पर सम्पन्न हुई।

बैठक में नगर के सर्वांगीण विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में वेडिंग जोन निर्माण, वेडमिंटन कोर्ट, चौराहों का सौंदर्यीकरण, खेल मैदान निर्माण, परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद में नागरिक सुविधाओं के विस्तार, डिजिटल विज्ञापन बोर्ड/बिलबोर्ड की स्थापना, सफाई व्यवस्था, पथ-प्रकाश, निर्माण कार्य सहित नगर की अन्य मूलभूत आवश्यकताओं पर विचार रखा गया।नगर की आधारभूत आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चाअधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने सभी सभासदों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने वार्डो की समस्याएं उपलब्ध कराएं ताकि उनका निराकरण विधिक प्रक्रिया के अनुसार कराया जा सके। उन्होंने बताया कि नई नियमावली के अनुसार टैक्स व्यवस्था लागू की गई है, जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है।

साथ ही नगर की सड़क, नाली, पेयजल, जल निकासी, साफ-सफाई एवं रोजगार सृजन जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की गई, ताकि नगर के चतुर्दिक विकास की दिशा में स्पष्ट रोडमैप तैयार किया जा सके।अध्यक्षा बेबी गुप्ता ने सभी सभासदों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और नगर के विकास में साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई। बैठक में सभासद–विष्णु कुमार, हबीब, मुन्नी, युसुफ खां, उमेश, शबेनाज़, सुनील, फरजन्द अली, आलोक बाजपेई, राकेश चन्द्र, मो. मुरसलीन, मोमिना, जफरयाब बेग, शकील अहमद, मो. नसीम खां, मो. जावेद, सऊद अहमद, कविता, साबिर अली, हसीन अहमद, राशदुन निशां, शायरून निशां, नासरा बानों, रोशन जहां, महरून निशा।अधिकारियों में–प्रेम शंकर गुप्ता (अधिशासी अधिकारी), मनोज राना (सफाई एवं खाद्य निरीक्षक) एवं नदीम बाबू मौजूद रहे।

# रहीमाबाद सर्वोदय विद्यालय में डीएम का औचक निरीक्षण

**आरओ पानी की गुणवत्ता जांची, बच्चों से संवाद कर डीएम ने जानी सुविधाओं की हकीकत**

**विद्यालय निरीक्षणः साफ-सफाई और सुरक्षा मानकों पर डीएम ने दिखाई कड़ाई**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागपति आर0 ने समाज कल्याण द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (बालिका) रहीमाबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि विद्यालय परिसर में सी0सी0टी0वी0 कैमरों की संख्या बढ़ायी जाये। निरीक्षण के दौरान 370 बच्चें उपस्थित पाये गये तथा जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को जूते-मोजे उपलब्ध कराये जायें। उन्होंने विद्यालय में लगे आर0ओ0 के पानी की गुणवत्ता की जांच करने के साथ-साथ किचन जाकर बच्चों को दिये जाने वाले भोजन के मैन्यू, मेडिकल कक्ष, लैब, पुस्तकालय, डाईनिंग टेबल आदि को भी देखा। उन्होंने कक्षा कक्ष में जाकर बच्चों से वार्ता करते हुये उनको दिये जाने वाली सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कक्षा कक्षों में स्मार्ट बोर्ड लगवाये जायें, जिससे बच्चों की पढ़ाई और सुगम हो सके।

जिलाधिकारी ने शिक्षकों की उपस्थिति, उपचार हेतु चिकित्सक एवं उपस्थिति रजिस्टर के बारे में जानकारी लेते हुये प्रधानाचार्य एवं लेखाकार को निर्देशित किया कि सभी रजिस्टरों को अद्यतन रखा जाये। साथ ही जिलाधिकारी ने छात्रावास पहुंचकर बेडशीट, शौचालय आदि को देखते हुये कड़े निर्देश दिये कि शौचालय व विद्यालय की साफ-सफाई निरन्तर कराते रहें एवं डस्टबिन की संख्या बढ़ायी जाये, यह सुनिश्चित किया जाये। विद्यालय के भवन की बाउन्ड्री की ऊंचाई कम होने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बाउन्ड्री की मानक के अनुसार ऊंचाई बढ़ायी जाये। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोरार ग्राम पंचायत में सरकारी दुकान संचालक के चुनाव शांति व निष्पक्षता के साथ सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। विकास खण्ड पहला क्षेत्र के कोरार ग्राम पंचायत में सरकारी दुकान संचालक पद के लिए हुए एक चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशासन की कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई गई। मौके पर एडीओ पंचायत दिनेश मिश्रा, ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज वर्मा, जयसिंह, पवन तिवारी सहित रामपुर कला थाना पुलिस बल मुस्तैदी से तैनात रहा।

सरकारी दुकान के चुनाव हेतु कुल तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया था लक्ष्मी देवी पत्नी पंकज कुमार निवासी कोरार राधा पुत्री राजेश कुमार निवासी विश्राम सिंह पुरवा किरन देवी पत्नी आसाराम निवासी कालिमापुर ब्लॉक अधिकारियों द्वारा नामांकन वापस लेने हेतु निर्धारित समय दिए जाने के बाद समय पूरा होते ही मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। तीनों प्रत्याशियों की उपस्थिति में वोटों की गिनती पारदर्शी तरीके से की गई और लगभग दोपहर 1:15 बजे परिणाम घोषित किया गया।चुनाव परिणामराधा पुत्री राजेश कुमार – 185 मतकिरन देवी पत्नी आसाराम – 210 मतकुल 25 मतों के अंतर से किरन देवी विजयी घोषित की गईं। परिणाम घोषित होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।ग्रामीणों ने चुनाव को निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि अधिकारियों की सख्ती व सतर्कता के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं बनी।ग्राम पंचायत प्रधान शारदा देवी व प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने भी कहा कि चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रहा।विजयी प्रत्याशी किरन देवी ने कहा कि वे सरकार की मंशा के अनुरूप राशन व्यवस्था को पारदर्शी, बेहतर और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने का पूरा प्रयास करेंगी।

## ओनई जंगल गांव में फंदे पर लटकी विवाहिता की मौत

रायबरेली। बीते 24 नवंबर सोमवार को कोतवाली के थुलवासा क्षेत्र के अंतर्गत गुमान सिंह का पुरवा मजरे ओनई जंगल गांव में फंदे पर लटकी विवाहिता की मौत के मामले में शिवरतनगंज अमेठी के राजापुर हलीम निवासी राम बहादुर यादव की ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 13 वर्ष पहले उसने अपनी बेटी अनीता की शादी रात गुमान सिंह का पुरवा मजरे ओनई जंगल निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र नकछेद यादव से की थी। शादी के कुछ दिनों बाद से उसकी बेटी को ससुरालियों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। नरेन्द्र का अनैतिक सम्बन्ध उसके भाई की पत्नी से था जिसको लेकर उसकी बेटी ने मना किया तो परिवार वालों ने मिलकर उसकी बेटी की हत्या कर दी। फ़ोन पर मौत की सूचना उसकी बेटी की 11वर्षीय पीहू ने दी तो वह लोग भी आनन फानन बेटी की ससुराल ओनई जंगल पहुंचे वहां जाकर देखा तो उसकी मृत बेटी को तखत पर लिटाया गया था। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों से सादे कागज पर हस्ताक्षर करवाकर पंचनामा भरवा लिया था।

# सदर विधायक अदिति सिंह ने किया ड्रेस वितरण, कौशल विकास संस्थान रायबरेली में नये बैच का हुआ शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कोर्सो में अध्ययनरत कौशल विकास संस्थान रायबरेली के प्रशिक्षणार्थियों के लिए ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक माननीय अदिति सिंह प्रतिभागी बनीं।

उनके आगमन पर संस्थान द्वारा उनका हार्दिक स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत उन्होंने फीता काटकर नए बैच का उद्घाटन किया और तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।कार्यक्रम का संचालन संस्था की प्रशिक्षक शालिनी यादव ने किया, जबकि स्वागत उद्बोधन शशि नंदन तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद संस्थान के सचिव संजय वर्मा ने कौशल विकास संस्थान रायबरेली की गतिविधियों, उपलब्धियों और मिशन की प्रगति के बारे में विस्तृत परिचय दिया। संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा संस्थान के कार्यकारी निदेशक श्री अजेश मणि त्रिपाठी द्वारा निर्धारित की गई थी।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से कौशल विकास समन्वयक विवेक तिवारी, एमआईएस प्रबंधक राजीव सिंह और वंदना सिंह की विशेष उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में माननीय विधायक अदिति सिंह ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में हो रही प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।उद्बोधन के पश्चात विधायक ने प्रशिक्षणार्थियों को ड्रेस वितरण किया। ड्रेस वितरण के बाद उन्होंने संस्थान की प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं तथा कक्षाओं का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध तकनीकी व प्रशिक्षण सुविधाओं की प्रशंसा की।कार्यक्रम के सुचारू संचालन और समन्वयन में प्रधानाचार्य योगेंद्र मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, अंकित पांडे, शशि नंदन तिवारी, अनिल कश्यप और शालिनी यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि कार्यक्रम व्यवस्था में रोली परिहार ने अपना सहयोग दिया।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली अनुशासन और पारदर्शिता पर दिया जोर

**शाहजहांपुर पुलिस जनता की सुरक्षा, शांति व सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। पुलिस विभाग में अनुशासन, सजगता और कार्य कुशलता को मजबूत करने के उद्देश्य से एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशन में पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड आयोजित की जाती है। इसी क्रम में एसपी ने परेड की सलामी लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला आरक्षियों को व्यवहारिक अनुशासन, प्रोफ़ेशनलिज्म और जनता से संवाद की उपयोगी तकनीकें अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी का आचरण विभाग की छवि का प्रतिबिंब होता है, इसलिए हर स्थिति में अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। एसपी ने परेड के बाद पुलिस लाइन परिसर में डायल 112 कंट्रोल रूम, जीडी कार्यालय, हथियारागार, बैरक, सुपर-22 का निरीक्षण किया तथा रिस्पांस समय, अभिलेखों की सुव्यवस्था और कर्मियों की मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की बारीकी से समीक्षा कर आवश्यक सुधारों हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण का आदेश दिया। साथ ही कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए तत्काल निर्देश जारी किए। इस दौरान एसपी ने कहा कि जनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हर पुलिसकर्मी को कानून-व्यवस्था के साथ मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए। अनुशासन, पारदर्शिता और प्रोफ़ेशनलिज्म ही हमारी वास्तविक पहचान है। कहा कि शाहजहांपुर पुलिस जनता की सुरक्षा, शांति और सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक एवं आरटीसी मेजर सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम आवास पर सेल्फी विथ डीएम ऑन हाई टी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ के सम्मान के लिए अपने आवास पर बीएलओ संग हाई टी विद डीएम कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बीएलओ को उनके द्वारा किए गए शत-प्रतिशत कार्य के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान डीएम ने बताया कि 30 नवंबर तक शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 20 बीएलओ का चयन एक दिसंबर को लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा और उन्हें मोबाइल फोन देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी बीएलओ को गणना प्रपत्र प्राप्त कर 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करने पर बधाई दी। साथ ही निर्देश दिया कि बीएलओ मेहनत और समर्पण के साथ मैपिंग कार्य को भी शत-प्रतिशत पूर्ण करें। इसके साथ ही बीएलओ द्वारा छांटे गए एएसडी वोटर्स की नियमित जांच-पड़ताल करते रहने पर भी जोर दिया। कहा कि सभी की मेहनत और टीमवर्क से ही जनपद की रैंकिंग बेहतर बनी है। इस दौरान नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की महिला जिलाध्यक्ष बनी रीना शर्मा



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की महिला जिलाध्यक्ष रीना शर्मा को बनाया गया है। रीना शर्मा दूसरा व्यापार मंडल छोड़कर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन में शामिल हुई हैं। जिनके साथ दो दर्जन से अधिक महिलाएं भी इस व्यापार संगठन में शामिल हुई हैं।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष जसविंदर सिंह के नेतृत्व में संगठन के जिला कार्यालय पर महिला इकाई का गठन किया गया। जिसमें रीना शर्मा को जिलाध्यक्ष, नीलम हांडा को जिला महामंत्री, शालू अरोड़ा को जिला प्रभारी, शमीला को जिला कोषाध्यक्ष और पूजा मिश्रा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर और बुकें देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष जसविंदर सिंह ने कहा कि रीना शर्मा के संगठन में शामिल होने से महिलाओं और व्यापारियों के हित की रक्षा को और मजबूती मिलेगी। महिलाओं और व्यापारियों का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। जसविंदर सिंह ने बताया कि रीना शर्मा के साथ दो दर्जन से अधिक महिलाएं संगठन में शामिल हुई हैं। वहीं, नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष रीना शर्मा ने कहा कि जल्द कार्यकारिणी का गठन कर संगठन का विस्तार किया जाएगा। इस दौरान संगठन के जिला महामंत्री अनूप राना, जिला प्रभारी सईद खां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जहीर खां, उपाध्यक्ष कवलजीत बंटी, मुकेश श्रीवास्तव, आविद, अभिषेक राठौर, त्रिलोक सिंह, शिवराज सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## शान ओ शौकत से मनाया गया हजरत सैय्यद कमरुद्दीन मियां का सालाना उर्स

तिलहर/शाहजहांपुर। हजरत सैय्यद कमरुद्दीन मियां रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स बड़ी अकीदत, शान ओ शौकत और रूहानियत के माहौल में मनाया गया। दो दिनों तक दरगाह शरीफ पर जायरीन की आमद रही और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उर्स की शुरुआत कुरान ख्वानी से हुई। बाद नमाज ए मगरिब हुजूर सैय्यद अहसन मियां ने खिताब फरमाया और लोगों की इसलाह पर रूहानी बातें पेश कीं। उनके खिताब के बाद नियाज ओ नजर का एहतिमाम किया गया, जिसके बाद लंगर तकसीम हुआ। रात इशा की नमाज के बाद मिलादुन नबी की परवाना ए नूरी महफिल सजाई गई। जिसमें नात ओ सलाम की खूबसूरत प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। बरोज जुमेरात बाद नमाज ए फज्र दरगाह शरीफ को गुस्ल दिया गया। उसके बाद कुल शरीफ का आगाज हुआ। महफिल में हजरत मुफ्ती अब्दुल मुस्तफा ने इल्म और उसकी अहमियत पर रोशन कदम खिताब पेश किया। नातख्वानी के सिलसिले में मुस्तफा मुरतजा ने दिलनशीं नात पेश की। इनके आलावा कारी इदरीस, कारी सुहैल रजा अमजदी, कारी तौसीब मौलाना, इमरान, सैय्यद मुन्नन मियां, मौलाना बकार, मौलाना अरमान, हाफिज रूवैद, नवेद, हाफिज अनीस समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए शिशु गृह का किया शुभारम्भ



शाहजहांपुर। एसपी राजेश द्विवेदी ने थाना जैतीपुर परिसर में महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए शिशु गृह का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक द्वारा सलामी लेकर की गई, जिसके बाद फीता काटकर शिशु गृह का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान एसपी ने शिशु गृह सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया और बेहतर प्रबंधन, साफ-सफाई तथा सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि शिशु गृह को अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ संचालित किया जाए। बच्चों की सुरक्षा और महिला पुलिसकर्मियों की सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान एसपी ने उपस्थित बच्चों को टॉफी और चॉकलेट भी वितरित कीं। एसपी ने बताया कि यह शिशु गृह विशेष रूप से ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों के छोटे बच्चों की देखभाल के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य है कि महिला कर्मी बिना किसी चिंता के अपने कर्तव्यों पर ध्यान दे सकें और उनके बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ व आरामदायक वातावरण मिल सके। इस शिशु गृह के अंदर स्वच्छ, सुरक्षित एवं बाल अनुकूल वातावरण, झूले, शैक्षिक खिलौने और मनोरंजन सामग्री, आरामदायक बैठने व सोने की व्यवस्था, बच्चों की निरंतर निगरानी हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी तिलहर, थाना प्रभारी जैतीपुर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं महिला पुलिसकर्मी आदि मौजूद थीं।

# पंचशील सोसाइटी ने मनाई महात्मा ज्योतिबा राव फुले की पुण्यतिथि



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी ने महान समाज सुधारक, सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की पुण्यतिथि पर एसपी कॉलेज में गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले क्रांतिकारी समाज सुधारक थे, जिन्होंने वर्ष-1848 में पहली कन्या पाठशाला खोलकर भारत बालिका शिक्षा के द्वार खोल दिए। कहा कि वो समाज सुधारक के साथ ही समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक एवं दार्शनिक भी थे। प्रधानाचार्य संजय कुमार कपूर ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने 1873 में सत्यशोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। महिलाओं व पिछड़े और अछूतों के उत्थान के लिए कई कार्य किए। वे समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने के प्रबल समथर्क थे। वरिष्ठ शिक्षक संजय अग्निहोत्री ने कहा कि ज्योतिबा राव फुले भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे। उन्होंने अपने जीवन काल में गुलामगिरी, तृतीय रत्न, छत्रपति शिवाजी, राजा भोसला का पखड़ा, किसानों का कोड़ा, अछूतों की कैफियत जैसी कई पुस्तकें भी लिखीं। गोष्ठी में अनिल कुमार, सुशील कुमार, ज्वाला प्रसाद, विवेक गंगवार, अवधेश शुक्ला विशाल चंद्र, सुनील कुमार वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रौद्योगिकीय एवं सुरक्षा विशेष जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार व में जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन के अनुसार मिशन शक्ति के उप योजना ''सामर्थ्य'' के अंतर्गत संचालित संकल्प : हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत जनपद स्तर पर नवम्बर माह में विशेष जागरूकता कार्यक्रम ''प्रौद्योगिकीय एवं सुरक्षा'' बालिकाओं को आनलाईन शैक्षणिक पाठ्यक्रमों तक पहुंचाने के लिए सत्र आयोजित कर पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, गोरा बाजार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह द्वारा बताया गया कि डिजिटल दुनिया के बढ़ते कदम ने नई क्रांति शुरु की है। डिजिट शिक्षा एक सामाजिक गतिविधि है, जो जीवन का एक अंग बन चुका है। इसका दुरुपयोग करने के बजाय इसका अच्छा उपयोग कर सकते है। जिसकी मदद से हम अपने हुनर जैसेः- सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, पेंटिंग, लेखन (कंटेंट राइटिंग) तथा डिजिटल मार्केटिंग आदि को विकसित कर अपना छोटा-मोटा काम व बिज़नेस कर सकते है। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी द्वारा वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन1098, 112,108, इसके साथ ही विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साइकोलॉजिस्ट रूमा परवीन द्वारा बच्चों को गुड टच बैड टच, हेल्थ हाइजीन आदि की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में करियर काउंसलर आदित्य मिश्रा एवं महिला थाना कांस्टेबल मनीषा यादव, किरण, विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र- छात्राएं आदि उपस्थित रही।

# डिप्टी सीएम का मेडिकल कॉलेज में औचक निरीक्षण प्राचार्य को व्यवस्थाओं में सुधार कराने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने देखा बदायूं के मेडिकल कॉलेज का हाल, प्राचार्य से बोले- रेफर व्यवस्था बंद कीजिए, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बृहस्पतिवार को बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्थाएं और गंदगी देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। डिप्टी सीएम ने प्राचार्य को व्यवस्थाओं में सुधार कराने के निर्देश दिए।

वहीं प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बृहस्पतिवार की शाम अचानक बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का हाल देखा। डिप्टी सीएम को यहां तमाम खामियां मिलीं। साफ-सफाई के इंतजाम सही नहीं मिले। मरीजों ने इलाज सही से न मिलने की बात बताई। इस पर डिप्टी सीएम ने प्राचार्य से कहा कि बदायूं मेडिकल कॉलेज की जो रेफर व्यवस्था है उसे तत्काल सही किया जाए। किसी भी मरीज को बाहर से दवाएं न लिखी जाएं। करीब सवा पांच बजे शाम को डिप्टी सीएम अचानक मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां पर जब प्राचार्य डॉ अरूण कुमार उनको एकेडमिक ब्लॉक ले जाने लगे तो भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि जहां मरीजों को समस्या है वहां पर चलिए। इसके बाद डिप्टी सीएम वार्डों में गए। वार्ड में भर्ती मरीजों से डिप्टी सीएम ने बात की। सभी से पूछा कि इलाज सही से हो रहा है या नहीं। इस पर कई मरीजों ने अच्छी व्यवस्था न होने की बात कही। एक मरीज ने खुद को भाजपा से जुड़ा होना बताया। इस पर डिप्टी सीएम ने डॉक्टरों से कहा कि यह पार्टी कार्यकर्ता है इसका सही से इलाज करिए और दवाई बाहर से न खरीदना पड़े। इसके बाद एक अन्य मरीज के तीमारदार से पता लगा कि मरीज की बीमारी से मौत हो गई है। इस पर डिप्टी सीएम ने उनके परिजन से बात कर प्राचार्य से कहा कि मेडिकल कॉलेज की सरकारी एंबुलेंस से इनके शव को घर भेजवाने का इंतजाम कराए। वहीं मेडिकल कॉलेज में सफाई व्यवस्था की हालत काफी खराब मिली। जगह-जगह गंदगी फैली थी। इस पर डिप्टी सीएम ने पूछा कि सफाई का ठेका किसके पास है, उसका एक माह का भुगतान व आगे के काम करने के लिए मना कर दिया जाए। मेडिकल कॉलेज भवन में जगह-जगह टूट, फूट, फाल सिलिंग जर्जर समेत अन्य बदहाली देखकर डिप्टी सीएम ने अपने साथ रहे कैमरामैन से कहा कि पूरे अस्पताल में जहां कमियां हैं उन जगहों की फोटो लो। इसके बाद उन्होंने कहा यहां जो भी कमियां है उनको जल्द दूर कराने के लिए काम किया जाएगा और जल्द ही पूरे भवन को गरिमा व मानक के अनुरूप बनाया जाएगा। वहीं डिप्टी सीएम ने प्राचार्य डॉ अरूण कुमार से कहा कि यहां यदि स्टॉफ की कमी है तो उसको पूरा करने के लिए काम किया जाए। उन्होंने कहा पहले मेडिकल कॉलेज में स्टॉफ बढ़ाने का अधिकार शासन के पास था। लेकिन अब इस अधिकार को हमने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य को दे दिया है। उन्होंने प्राचार्य से कहा कि व्यवस्थाओं में सुधार करें, स्टॉफ बढ़ाएं। जिसकी जरूरत है उस पद पर भर्ती की जाए व चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाएं।

# पूर्व छात्र परिषद के तत्वाधान में अनुसंधान पद्धति के उभरते आयाम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**संगोष्ठी का शुभारंभ डॉ. हेमंत कुमार, प्राचार्य, एस. एम. कॉलेज, चंदौसी के साथ प्रो. पुष्कर मिश्र, निदेशक राजकीय पुस्तकालय एवं संग्रहालय रामपुर द्वारादीप प्रचलित कर किया**

संभल। एसएम कॉलेज चंदौसी में पूर्व छात्र परिषद के तत्वाधान में विभिन्न विषयों में अनुसंधान पद्धति के उभरते आयाम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्रो. पवन कुमार यादव के संयोजन में किया गया।

संगोष्ठी का शुभारंभ डॉ. हेमंत कुमार, प्राचार्य, एस. एम. कॉलेज, चंदौसी के साथ प्रो. पुष्कर मिश्र, निदेशक राजकीय पुस्तकालय एवं संग्रहालय रामपुर, प्रो. विकास शर्मा, प्रो. अरुण कुमार, प्रोफ़ेसर साकेत बिहारी, प्रो. भगत सिंह मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रचलित कर किया। प्रो. पवन कुमार यादव ने सभी अतिथियों का प्रतिभागियों से परिचय कराया। इस अवसर पर प्रो. पुष्कर मिश्र ने मुख्य वक्ता के तौर पर आधुनिक युग में तकनीकी दासता से बचने पर बल देते हुए गौतम मुनि के न्याय सूत्र की विशेष रूप से विवेचना की और समाजशास्त्र में शोध के विभिन्न आयामों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। प्रो. विकास शर्मा, प्रोफ़ेसर, अंग्रेजी विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ ने भारत में शास्त्रार्थ रीति से शोध परंपरा के विकसित होने पर प्रकाश डालते हुए शोधार्थियों को तटस्थ रहते हुए सत्य की खोज करने की प्रेरणा दी। प्रो. अरुण कुमार, डॉ भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, दिल्ली ने शोध में प्रासंगिकता पर विशेष रूप से बोल देते हुए शोध के मौलिक तत्वों को शोध पद्धति में शामिल करने पर बल दिया। डॉ. साकेत बिहारी ने शोध को तकनीकी की जगह सामाजिक दृष्टिकोण से प्रयोगात्मक बनाने पर बल देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा पद्धति में विभिन्न प्रकार की कुशलताओं को जोड़ने पर प्रकाश डाला। प्रो. भगत सिंह, मनोविज्ञान विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ ने शोध पद्धतियों में प्रयोग होने वाले विभिन्न प्रकार की तो ओल्स के विषय में जानकारी देते हुए उनका प्रयोगात्मक प्रदर्शन करके विद्यार्थियों को शोध की नवीन दिशाओं में बढ़ने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हुए श्री भानु प्रताप सिंह, डॉ अजय कुमार सक्सेना, डॉ धीरेंद्र सिंह, श्रीमती मीरा अग्रवाल, सुश्री नबीला हमीद, श्री राजकुमार श्री उमेश कुमार सहित 60 से अधिक प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्रों का वाचन कर वर्तमान समय में शोध में आने वाली बाधाओं के कारण और निवारण पर विशेष रूप से बल देते हुए समय अनुरूप शोध पद्धतियों का चयन करने पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के अंत में, डॉ हेमंत कुमार प्राचार्य ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा संगोष्ठी निश्चित तौर पर शोध की दशाओं का निर्धारण करने में सफल रही है। संगोष्ठी का संचालन संचालन डॉ. विशेष कुमार पांडेय, संगोष्ठी सचिव ने किया। संगोष्ठी को सफल बनाने में डॉ. सूरज शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार, श्री अमरजीत, डॉ पंकज कुमार, श्री लोकेश चंद्र अग्रवाल, श्री पंकज कुमार सिसोदिया, श्री मनोज लखोटिया, श्री अशोक शंकर पाराशरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# हरी झंडी दिखाकर राज्य आपदा मोचक बल को लखनऊ के लिए किया गया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद में होने वाली आपदाओं का सामना करने में सक्षम बनेंगे**

संभल। कलक्ट्रेट परिसर से आपदा मित्र योजना के तहत प्रथम चरण में 49 स्वयं सेवकों को आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए हरी झंडी दिखाकर राज्य आपदा मोचक बल (एस.डी.आर.एफ.) लखनऊ के लिए रवाना किया गया।

यह आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद में होने वाली आपदाओं का सामना करने में सक्षम बनेंगें। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आपदा मित्र जनपद में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगें। जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, संभल द्वारा एन.सी.सी., एन.एस.एस., नागरिक सुरक्षा, अग्नि षमन से स्वयं सेवकों का चयन किया गया है। इन सभी को स्वयं सेवकों को 12 दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 29.11.2025 से 10.12.2025 के लिए एस.डी.आर.एफ. लखनऊ भेजा गया है। केंद्र सरकार की तरफ से सामुदायिक जागरूकता से आपदाओं के समय होने वाले नुकसान को कम करने लिए इस योजना को लागू किया जा रहा है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिषा निर्देषों पर इन स्वयं सेवकों को आपदा प्रबंधन, आपदा पूर्व तैयारी, भूकंप सुरक्षा, खोज एवं बचाव, अग्नि सुरक्षा, बरसात के मौसम में बाढ़, आकाषीय बिजली, सी.पी.आर. आदि हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रषिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन्हें आपातकालीन किट, लाईटर, बहु उपयोगी रस्सी, कटर, सीटी आदि उपलब्ध कराई जायेगी। इस अवसर पर श्री सौरभ पाण्डेय डिप्टी कलेक्टर, श्री अच्युत कुमार जिला आपदा प्रबंधन विषेशज्ञ तथा आपदा मित्र मौजूद रहे।

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार मौका देख दो हुए फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायर, हिस्ट्रीशीटर बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार दो हुए फरार आपको बता दें कि घटना बुधवार की रात मोहम्मदपुर विहार कट के पास उस वक्त हुई जब थाना बिनावर पुलिस टीम नियमित चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान तीन संदिग्ध व्यक्ति मौके पर दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर बदमाशों ने टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी। पूरा मामला थाना बिनावर क्षेत्र में बीती देर रात चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाले एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद धर दबोचा। बदमाश के कब्जे से गोकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और एक तमंचा भी बरामद हुआ है। घायल अवस्था में उसे उपचार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना 27/28 नवंबर की रात मोहम्मदपुर विहार कट के पास उस वक्त हुई जब थाना बिनावर पुलिस टीम नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान तीन संदिग्ध व्यक्ति मौके पर दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर बदमाशों ने टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान आसिफ पुत्र पप्पू कुरैशी निवासी ग्राम सिकरौढ़ी, थाना बिनावर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आसिफ थाना बिनावर का शातिर हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ गोकशी सहित कई गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस ने मौके से आसिफ को गोकशी के उपकरण, अवैध असलहा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया। उसके दो साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। उनकी तलाश में पुलिस ने क्षेत्र में कॉम्बिंग अभियान चलाया है। सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय का कहना है कि फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं घायल आसिफ को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। और लिखा पढ़ी के बाद जेल भेजा जाएगा।

## वार्षिक खेलों के पांचवें दिन ग्रीन हाउस का रहा दबदबा

शिकारपुर (बुलंदशहर)। एसकेडी पब्लिक स्कूल सलेमपुर में चल रहे वार्षिक खेलों के पांचवें दिन ग्रीन हाउस का दबदबा रहा। सीनियर वर्ग कबड्डी मैच ब्लू हाउस और ग्रीन हाउस के बीच खेला गया। जिसमें ग्रीन हाउस ने जीत दर्ज की। प्लेयर ऑफ द मैच ध्रुव को चुना गया। रेफरी गजेंद्र कुमार और अजय प्रताप सिंह रहे। वॉलीबॉल के मैच में ग्रीन हाउस ने येलो हाउस को हरा दिया। शुभम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच रेफरी दुष्यंत ठाकुर रहे। सीनियर वर्ग क्रिकेट मैच में येलो हाउस ने रेड हाउस को हराया। तरुण को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर कामिल सैफी रहे। प्रधानाचार्य हरेंद्र सिंह, खेल प्रमुख कुलदीप शर्मा, नरेश शर्मा, रजनी चौधरी, शिल्पा शर्मा, शिखा चौधरी और गौरव चौधरी आदि का खेलों के आयोजन में सहयोग रहा।

## लेखपालों का तहसील पर धरना प्रदर्शन

शिकारपुर (बुलंदशहर)। तहसील शिकारपुर में लेखपालों द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अरुण कुमार वर्मा को सौंपा गया। शुक्रवार को लेखपाल संघ शिकारपुर ने फतेहपुर में लेखपाल द्वारा की गई आत्महत्या की घटना को लेकर रोष व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन किया। लेखपालों ने मृतक लेखपाल के परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अधिकांश लेखपाल शामिल रहे।

## दो अलग अलग स्थानों से दो गिरफ्तार

शिकारपुर (बुलंदशहर)। तहसील शिकारपुर क्षेत्र में अलग अलग जगह से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अहमदगढ़ थाना पुलिस ने मुरादपुर गांव मोड़ के पास से ताल विवियाना गांव निवासी राजू पुत्र जोरावर सिंह को चाकू के साथ गिरफ्तार है। पहासू थाना पुलिस ने कर्बला के सामने अशोक नगर से पहासू के मोहल्ला काजी खेल निवासी सईद अहमद पुत्र फकीर मोहम्मद को एक छुरी के साथ दबोचा गया है।

## कक्षा नौ का छात्र गायब, अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बदायूं। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के भगवान परशुराम आवासीय इंटर कॉलेज में पढ़ने वाला कक्षा नौ का छात्र 25 नवंबर को अचानक गायब हो गया।गोपीचौक के रहने वाले विनीत ने बताया कि सूचना मिलने पर बेटे को स्कूल देखने के लिए पहुंचे। तलाश करने पर पता नहीं चल सका है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की है। पिता विनीत ने बताया कि बेटे सुनीत शर्मा उर्फ यश कुमार का आवासीय स्कूल में दाखिला कराया था। वह कक्षा नौंवी का छात्र है। मंगलवार को वह खुद उसको विद्यालय में छोड़कर आए थे। 26 नवंबर को सुबह छह बजे फोन आया कि सुनीत शर्मा विद्यालय में नहीं है। वह कही चला गया है। रिश्तेदारी व अन्य स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका है। बेटा अभी नासमझ है, उसे कोई बहला-फुसलाकर भी ले जा सकता है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की है। इंस्पेक्टर नीरज मलिक ने बताया कि छात्र की तलाश में दो टीमों को लगाया गया है। जल्द ही उसे सकुशल तलाशकर परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

## सर्राफा की दुकान से दिनदहाड़े लाखों की लूट, भागा लूटेरा

बदायूँ। सदर कोतवाली क्षेत्र के सराफ बाजार में दिनदहाड़े सर्राफा की दुकान से लाखों की लूट कर लुटेरा सोने की चेन लेकर भागा। बता दे कि लूटेरा सोने की चेन खरीदने के बहाने से सराफ की दुकान पहुँचा, सोने की चेन देखने के दौरान तीन चेन लेकर भागा। चेन की कीमत 05 लाख बताई जा रही। जुगल किशोर प्रह्लालादी लाल सराफ की दुकान से लाखों की तीन सोने की चेन लूटने की घटना हुई। वही इंस्पेक्टर कोतवाली संजय कुमार ने बताया कि मुकदमा थाना कोतवाली पर लिखाया गया है। और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मण्डलायुक्त ने दिव्यांग बच्चों के अध्ययन के लिये नवनिर्मित सुगम्य ज्ञान केंद्र का फीता काट कर किश उद्घाटन

संभल (बहजोई)। मण्डलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह द्वारा जनपद सम्भल का भ्रमण किया गया। जिसमें मण्डलायुक्त द्वारा सर्वप्रथम खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय असमोली के परिसर में दिव्यांग बच्चों के अध्ययन हेतु नवनिर्मित सुगम्य ज्ञान केंद्र का फीता काट कर उद्घाटन किया। मण्डलायुक्त द्वारा सुगम्य ज्ञान केंद्र का अवलोकन किया उन्होंने कहा कि यह जनपद के लिए एक नई पहल है मंडलायुक्त ने कहा कि जनपद में दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करते हुए सुगम्य ज्ञान केंद्र के माध्यम से शिक्षित किया जाए यह जनपद के लिए और शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय कार्य होगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में दिव्यांग बच्चों का सर्वे कराते हुए बच्चों का चिन्हांकन किया जाए और सुगम्य ज्ञान केंद्र में लाया जाए जिससे उनको प्राथमिकता के आधार पर शिक्षा दिलाई जा सके। मण्डलायुक्त ने कहा कि यह सराहनीय कार्य जनपद के लिए मील का पत्थर साबित होगा उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी संभल के द्वारा यह नयी पहल है इस पहल से दिव्यांग बच्चों को नई दिशा मिलेगी दिव्यांग बच्चे शिक्षित होंगे और अपने पैरों पर खड़े होकर भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। इसी के साथ-साथ मंडलायुक्त ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय सम्भल परिसर में भी सुगम्य ज्ञान केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। मंडलायुक्त ने सुगम्य ज्ञान केंद्र का अवलोकन करते हुए कहा की दिव्यांग बच्चों को एक सघन अभियान चलाते हुए चिन्हित किया जाए जिससे वह सुगम्य ज्ञान केंद्र में शिक्षा प्राप्त कर सकें।

## दिसम्बर माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने माह दिसम्बर 2025 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 05 दिसम्बर को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकास खण्ड डलमऊ में, जिला विकास अधिकारी विकास खण्ड डीह में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड दीनशाहगौरा में एवं विकास खण्ड हरचन्दपुर में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान सेमीनार आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। मिशन शक्ति 2025 सड़क सुरक्षा पखवाड़ा एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत संगोष्ठी एवं रैली का आयोजन आसिम सिद्दीकी मेमोरियल डिग्री कॉलेज शेखपुर रोड़ स्थित शुक्रवार को नवेद अली सैयद की अध्यक्षता में किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि डीएम अवनीश कुमार राय,एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह ने बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ एवं सड़क सुरक्षा साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष जानकारी दी।जिसमें नारी शक्ति, सड़क सुरक्षा, जल सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, पक्षी संरक्षण और पौधारोपण पर विशेष जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। जहां एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, एडीएम न्यायिक कल्पना जायसवाल और एसपी देहात,एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा सड़क सुरक्षा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इसके बाद अतिथियों ने पौधारोपण, पक्षियों को दाना डालने तथा रंगोली प्रदर्शन निरीक्षण के उपरांत दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।अध्यक्ष नवेद अली सैयद ने अतिथियों का शाल ओढ़कर सम्मानित किया।इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष नवेद अली सैयद, मैनेजर जहैब अली सैयद, डायरेक्टर वसीक अहमद खान, प्रिंसिपल, हेड ऑफ डिपार्टमेंट फैकल्टी सदस्य एवं सहयोगी स्टाफ मौजूद रहे। इसके बाद डॉ सिमरन कहई प्रोफ़ेसर, जॉन कैरल यूनिवर्सिटी और यास्मीन सैयद ने महिला सुरक्षा और शिक्षा की भूमिका पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक और गीत प्रस्तुत किए गए। विश्वविद्यालय स्तर पर वेट लिफ्टिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। एसएसपी और एडीएम प्रशासन ने युवाओं को सुरक्षा, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी अपनाने की प्रेरणा दी। क़व्वाल दानिश बदायूंनी ने शानदार प्रस्तुति दी।कार्यक्रम का समापन डायरेक्टर वसीक अहमद खान के आभार ज्ञापित कर राष्ट्रीयगान के बाद समापन।

# मण्डलायुक्त मुरादाबाद ने जनपद भ्रमण जांचे विकास कार्य, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल (बहजोई)। मण्डलायुक्त मुरादाबाद श्री आंजनेय कुमार सिंह जी द्वारा जनपद सम्भल का भ्रमण किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा नगर पालिका परिषद संभल से निर्मित /निर्माणाधीन विभिन्न कार्यों का उद्घाटन एवं निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त मुरादाबाद मण्डल द्वारा सर्वप्रथम नगर पालिका सम्भल द्वारा राज्य वित्त आयोग से टंडन मार्केट निकट संभल कोतवाली स्थित जीर्णोद्धार किये गये ऐतिहासिक धरोहर चक्की के पाट का लोकार्पण/ उद्घाटन किया तथा उन्होंने कहा कि यह संभल की धरोहर है इसे हमें सजों कर रखना चाहिए।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संभल डॉ मणिभूषण तिवारी द्वारा बताया गया कि राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत ? 13.20 लाख की धनराशि से ऐतिहासिक चक्की का पाट का सौंदर्यकरण किया गया है। इसी के साथ-साथ कोतवाली संभल से मण्डलायुक्त द्वारा पैदल मार्च करते हुए सत्यव्रत पुलिस चौकी संभल पहुंचे सत्यव्रत पुलिस चौकी स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन किया और उन्होंने संभल शहर में लगे ढाई सौ कमरे की निगरानी के विषय में जानकारी प्राप्त की और सेफ सिटी के विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया उन्होंने कहा कि जनपद संभल एक संभावनाओं का जनपद है सुरक्षा की दृष्टि से संभल अग्रसर है।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संभल ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत ? 199 लाख की धनराशि से नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा एवं सत्यव्रत चौकी में सीसीटीवी कैमरों के कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# हिन्दु देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा सोशल मीडिया फ़ेसबुक पर हिन्दु देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। आपको बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूं,डा0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी नगर तथा प्रभारी निरीक्षक सिविल लाईन के कुशल नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा अपराध की रोकधाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत अभियुक्त ईशाक मोहम्मद उर्फ नन्हें पुत्र इस्माइल अंसारी निवासी वार्ड नं0 5 शेखूपुर थाना सिविल लाइन बदायूँ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउन्ट फ़ेसबुक पर हिन्दू देवी देवताओ एवं हिन्दू धर्म को अपमानित व अमर्यादित वीडियो पोस्ट की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर वादी निखिल कुमार पुत्र राजा निवासी ग्राम शेखूपुर थाना सिविल लाइन बदायूं की तहरीर के आधार पर ईशाक मोहम्मद उर्फ नन्हें पुत्र इस्माइल अंसारी निवासी वार्ड नं0 पाँच शेखूपुर थाना सिविल लाइन बदायूँ के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। शुक्रवार को थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त ईशाक मोहम्मद उर्फ नन्हें उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया पुलिस ने जेल भेजा है।

# परेड का निरीक्षण कर, एसएसपी ने दिए दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। साप्ताहिक-शुक्रवार परेड एवं पुलिस लाइन का निरीक्षण।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की ली गई सलामी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों को लगवाई गयी दौड़। शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया।

परेड उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश। आपको बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ ''डॉ0 बृजेश कुमार सिंह'' द्वारा पुलिस लाइन बदायूँ में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी। परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी/लाइन ''डॉ0 देवेन्द्र कुमार'' द्वारा किया गया। तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी तथा टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी। इस दौरान शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया। परेड के पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन बदायूँ का निरीक्षण किया गया, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, गार्दरुम, जीपी स्टोर, यातायात कार्यालय, परिवहन शाखा, जीडी कार्यालय, केन्द्रीय पुलिस कैन्टीन, पुस्तकालय, गैस एजेन्सी, आरओ प्लांट, पुलिस कन्ट्रोल रुम, क्रिप्टो सेन्टर पुलिस रेडियो शाखा, पुलिस मॉर्डन स्कूल बदायूँ, आटा/मसाला चक्की, भोजनालय, पुलिसकर्मियों के बैरक साथ ही निर्माणाधीन कार्यों आदि का निरीक्षण किया गया, तदोपरांत रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आर0टी0सी बैरक, स्कूल, अस्पताल, सैलून, भोजनालय, शौचायल आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी उझानी/लाइन डॉ0 देवेन्द्र कुमार एवं आरटीसी प्रभारी श्री राजेन्द्र सिंह पुण्डीर व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस लाइन के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने महिला थाने में मिशन शक्ति केंद्र एवं परिवार परामर्श केंद्र का किया लोकार्पण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंड़ा । मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा महिला थाना में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के जीर्णोद्धार कार्य का फीता काटकर लोकार्पण किया गया।नव-सुव्यवस्थित मिशन शक्ति केन्द्र को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया ग या है। केन्द्र में कम्प्यूटर सिस्टम, आरामदायक बैठने की व्यवस्था है तथा केन्द्र में प्रशिक्षित म हिला कर्मी परामर्श एवं सहायता हेतु नियुक्त किया गया है,ताकि पीड़ित महिलाओं को कानू नी परामर्श,मनोइसामाजिक सहायता एवं आव श्यक मार्गदर्शन सहज रूप से प्राप्त हो सके। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा केन्द्र में रखे गए मिशन शक्ति रजिस्टर का



अव लोकन कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए,उन्होंने कहा कि ल्लमिशन शक्ति केन्द्र महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा का सशक्त माध्यम है। यह केन्द्र शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण,पीड़ित-अनुकूल माहौल और संवेदन शील पुलिसिंग की दिशा में पुलिस विभाग की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।ङ्कपुलिस अधीक्षक वि नीत जायसवाल ने निर्देशित किया कि महिला ओं से संबंधित प्रत्येक मामले में सहानुभूति, तत्परता एवं संवेदनशीलता को प्राथमिकता दें। शिकायतों का समुचित रिकॉर्ड संधारित कर सभी प्रकरणों में पूर्ण गोपनीयता सुनिश्चित करें।केन्द्र पर आने वाली प्रत्येक पीड़िता को आवश्यक सहयोग,मार्गदर्शन एवं त्वरित सहा यता उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता हो। मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्यों को रेखांकित कर ते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण, सुर क्षा जागरुकता और समाज में सम्मानजनक वातावरण निर्माण की दिशा में पुलिस प्रशासन का महत्वपूर्ण प्रयास है।कार्यक्रम के अन्त में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व अन्य अधिकारियों द्वारा परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महोदय ने कहा कि हरित परिसर सुरक्षित समाज की पहचान है।अधिकारियों व कर्मचारियों को अधिकाधिक पौधे लगाने व उनके संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया।वृक्षारोपण के माध्यम से स्वच्छ पर्यावरण, हरित वातावरण और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया गया।साथ ही सभी उपस्थितज नों से पौधों को नियमित रूप से सींचने, संरक्षि त रखने एवं पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर अपर पुलि स अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, क्षेत्रा धिकारी सदर,लाइन,शिल्पा वर्मा,प्रभारी निरीक्ष क महिला थाना सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# लापरवाही के आरोप हटाए गए, प्रदीप सिंह संजय सिंह बने नये थाना प्रभारी निरीक्षक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने देर रात कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नौ पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में फ़ेर बदल किया है।इनमें सात निरीक्षक और दो उप निरीक्षक शामिल हैं।लंबे समय से देहात कोत वाल के पद पर तैनात संजय कुमार सिंह को हटाकर प्रभारी निरीक्षक थाना खरगूपुर बनाया गया है।उनकी कार्यशैली को लेकर अधिकारि यों को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। प्रभारी डीसीआरबी शमशेर बहादुर सिंह को गोंडा का नया देहात कोतवाल नियुक्त किया गया है अन्य तबादलों में,थानाध्यक्ष छपिया बिंदेश्वरी मणि त्रि पाठी को वजीरगंज का थानाध्यक्ष बनाया गया है वजीरगंज के थानाध्यक्ष यशवंत कुमार सिंह को खोण्डारे का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है यशवंत कुमार सिंह के खिलाफ भी कई शि कायतें मिल रही थी वहीं



कर्नलगंज के कोतवा ल रहे तेज प्रताप सिंह को कौड़िया का थानाध्यक्ष बनाया गया है।वही उमरीबेगमगंज के थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप राय को करनैलगंज का कोतवाल बनाया गया है।कौड़िया के थानाध्यक्ष गोविंद कुमार को उमरी बेगमगंज का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।खोण्डारे के थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार को छपिया का थानाध्यक्ष बनाया गया है।प्रबोध कुमार भी लंबे समय से खोण्डारे थानाध्यक्ष के पद पर तैनात थे,वहीं खरगूपुर के थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिं ह को लापरवाही के आरोप में पद से हटाकर प्रभारी डीसीआरबी बनाया गया है।उच्च अधि कारियों के द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का इनके द्वारा पालन नहीं किया जा रहा था और कार्यों में लापरवाही बरत रहे थे। इसके बाद कार्रवाई करते हुए इन्हें थानाध्यक्ष के पद से हटा दिया गया है।देहात कोतवाल संजय सिंह को खरगू पुर का नया थानाप्रभारी बनाया गया है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सभी स्थानांत रित पुलिसकर्मियों को जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि थानों और चौकियों पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं का तत्काल संज्ञान लिया जाए और उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।एसपी ने चेता वनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# गोंडा पुलिस को ढूंढे नहीं मिल रहे पूर्व सैनिक पर हमलावर,14 दिन बाद भी आरोपी फरार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले के कोयली जंगली गांव में बीते 16 नवंबर को पूर्व सैनिक आनंद यादव और उनके परिजनों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में चौदह दिन बाद भी आरोपियों को गोंडा पुलिस की नहीं ढूंढ पा रही है आरोपी पुलिस की पहुंच से दूर हैं।इस घटना के बाद से ही सभी आरोपी फरार चल रहे हैं। पूर्व सैनिक आनंद यादव का पिछले चौदह दिनों से लखनऊ के एक निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।उनकी सेहत में थोड़ा सुधार दिख रहा है,लेकिन स्थिति अभी भी पूरी तरह ठीक नहीं है।आरोपियों की गिर फ्तारी न होने से आनंद यादव और उनके परि जन परेशान हैं,आनंद यादव के बेटे अमन याद व जो जम्मू - कश्मीर में सेना में तैनात हैं, अपने चाचा अशरफी लाल यादव के साथ छुट्टी लेकर घर आए हैं और पिता का इलाज करवा रहे हैं।



अमन यादव ने आरोपियों की गिरफ्तारी के संबं ध में देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक से भी मुलाकात की है।कि फरार आरोपियों में अतुल सिंह उर्फ विक्की सिंह,आलोक सिंह, अं कुर सिंह,विजय तिवारी और राजेश शर्मा शा

**पूर्व सैनिक का लखनऊ में चल रहा है इलाज**

**परिजन कर रहे गिरफ्तारी की मांग,गिरफ्तारी ना होने पर आंदोलन की चेतावनी**

मिल हैं।परिजन इनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं और अब आंदोलन की चेतावनी भी दे रहे हैं।वहीं, सीओ नगर आनंद राय ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टी में गठित की गई हैं।आरोपियों के मोबाइल नंबर बंद होने के कारण उनकी लोकेशन नहीं मिल पा रही है। देहात कोतवाली पुलिस और अन्य टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।सीओ आनंद राय ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि फरार पांचों आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# इंसानियत नहीं : चाय पिलाने के बाद व्यापारी दोस्त को मार डाला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले में मिनरल वाटर प्लांट संचालक नितिन मिश्रा की बुधवार देर रात दोस्तों ने स फारी गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी। दोस्तों ने उसे घर से बुलाया।बस अड्डे के पास चाय पिला ई,हंसी मजाक किया,इसी दौरान किसी बात पर उनका विवाद हो गया। इसके बाद नितिन पर सफारी चढ़ा दी।उसे तीन मीटर तक घसीटा। तड़पता हुआ छोड़कर भाग गए।आरोपियों ने वारदात को हादसा दिखाने की कोशिश की, लेकिन घायल साथी के बयान के बाद सच्चाई सामने आ गई।पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।बताते है कि बुधवार रात लगभग 9:30 बजे रानी जोत गांव निवासी नितिन मिश्रा (27) अपने दोस्त अरुण मिश्रा के साथ हरियाणा निवासी मित्र सिमरन को स्टेशन छोड़ने के लिए घर से निकले थे।तीनों एक ही मोटरसाइकिल से रेलवे स्टेशन पहुंचे और ट्रेन लेट होने के कारण स्टेशन के बाहर इंतजार करने लगे।इसी दौरान रात 10:40 बजे नितिन को इटियाथोक निवासी दोस्त अतुल पांडेय का फोन आया,नितिन ने बताया कि वे रेलवे स्टेशन



**व्यापारी को सफारी से कुचला, तीन मीटर तक घसीटा,तड़पता हुआ छोड़कर भागे**

पर है।कुछ देर बाद अतुल अपनी सफारी गाड़ी से साथी रमन,अभय और तीन अन्य लोगों के साथ स्टेशन पहुंचा।अतुल ने नितिन और अरुण को सफारी में बैठाया और गोंडा बस स्टॉप के पास स्थित गणेश चाय की दुकान पर लेकर गया,जहां सभी ने साथ में चाय पी।इसके बाद सभी लोग फिर सफारी से गोंडा रेलवे स्टेशन लौटे।यहां नितिन और अरुण गाड़ी से उतरकर बातचीत कर रहे थे।तभी अतुल के साथ आए रमन का नितिन से विवाद और गाली-गलौज शुरू हो गई।आरोप है कि गाड़ी में बैठे ड्राइवर अभय ने अतुल के कहने पर सफारी को पीछे लेकर नितिन को जोरदार टक्कर मारी और उसे कुचल दिया।इसी टक्कर में अरुण भी गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों को गंभीर हालत में गोंडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया,जहा से नितिन को लखनऊ रेफर किया गया,लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घायल अरुण मिश्रा का इलाज गोंडा के एक निजी अस्पताल में जारी है।सुरक्षा व्यवस्था के बीच परिजन कि सी तरह नितिन का शव अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या ले गए।घटना के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने नितिन के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।परिजनों का कहना है कि अब आरोपी सा मने आ चुके हैं,इसलिए उन्हें गिरफ्तार कर नाम जद कर जेल भेजा जाए

**घायल अरुण मिश्रा का आंखों देखा हाल**

घायल अरुण मिश्रा ने मीडिया बातचीत में ब ताया- ल्लहम अपनी दोस्त सिमरन को स्टेशन छोड़ने गए थे।ट्रेन लेट थी, इसलिए स्टेशन के पास ही खड़े थे। तभी नितिन को उसके दोस्त अतुल पांडेय का फोन आया और थोड़ी देर में वह पांच लोगों के साथ सफारी में पहुंच गया। पहले सभी ने चाय पी, फिर रोडवेज बस स्टॉप पर भी चाय पी। इसके बाद हम दोबारा रेलवे स्टेशन लौटे जहा हमारी बाइक खड़ी थी।तभी अतुल के साथ आया रमन दुबे नितिन से गाली-गलौज करने लगा। तभी गाड़ी चला रहा अभय अचानक सफारी घुमाकर पीछे से नितिन पर चढ़ा दिया और हमें भी टक्कर मार दी।हम गिर पड़े। पता ही नहीं चला कि आगे क्या हुआ। गा ड़ी ने नितिन को लगभग तीन मीटर तक घसी टा।सभी लोग नशे में थे।पहले किसी तरह का विवाद नहीं था।

**नितिन के भाई ने लगाए गंभीर आरोप**

नितिन के भाई आदित्य मिश्रा ने आरोप लगा या-ल्लअरुण मेरे भाई को घर से बुलाकर ले गया था। रात में उसे खूब शराब पिलाई गई। उसके बाद झगड़ा हुआ और गाड़ी चढ़ाकर मेरे भाई की हत्या कर दी गई। मुकदमा अज्ञात में दर्ज है जबकि सभी के नाम सामने आ चुके हैं। पुलिस कह रही है कि नाम जोड़ दिए जाएंगे, लेकिन गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है।लखनऊ का भी एक लड़का इसमें शामिल है।जब नाम सा मने हैं तो गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा.?''

# अथरिष्ट फार्मर प्रोडूसर कम्पनी लि.ने मक्के की खरीदारी की शुरू



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । अथरिष्ट फार्मर प्रोडूसर कम्पनी लिमि टेड ने एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेस के सहयोग से नवकृषि परियोजना के अंतर्गत कल 27 नवम्बर से मक्का खरीददारी की शुरुआत की गई जिसमे लगभग पांच सौकुंतल मक्का अपने शेयरधारको से उचित मूल्य पर खरीदकर मंडी भेजा गया है।इस प्रक्रिया में किसानों का तत्का ल भुगतान दिया जा रहा है। नवकृषि परियोज ना उत्तर प्रदेश में लागत कम उत्पादन ज्यादा प र विशेष केंद्रित होकर फार्मर प्रोडूसर कम्पनि यो को साथ लेकर काम कर रही है परियोजना में मृदा परीक्षण, उच्च उत्पादकता वाले बीज, हरित तकनीके आदि का प्रसार किया जा रहा है अथरिष्ट फार्मर प्रोडूसर कम्पनी ने अपने कि सानों से उचित मूल्य पर मक्का खरीद कर बीच के कमीशन एजेंट व दलालो को हटाते हुए बड़े व्यपारियों को बेचने का कार्य किया है।

# बहराइच-गोण्डा मार्ग पर निर्माणाधीन उपरगामी सेतु का डीएम ने किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बहराइच-गोण्डा मार्ग पर निर्माणाधीन उपरगामी सेतु 40ए के कार्यस्थल का औचक निरीक्षण करते हुए अधि.अभि. रेलवे डी.पी. सिंह को निर्देश दिया कि रेलवे द्वारा कराये जा रहे बूस्टिंग गर्डर सहित अन्य कार्य को प्रत्येक दशा में माह अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जाय। कार्यस्थल के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा रेलवे पटरी के पास प्रकाश की व्यवस्था कराये जाने का सुझाव दिया गया। डीएम ने अधि.अभि. रेलवे को निर्देश दिया कि प्रकाश की व्यवस्था करा दी जाये ताकि आमजन को किसी प्रकार असुविधा न हो। डीएम ने कार्यस्थल पर मौजूद सेतु निगम के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर सुघर सिंह को निर्देश दिया कि रेलवे द्वारा अपने हिस्से का कार्य पूरा होते ही सेतु निगम द्वारा भी शीघ्र ही कार्य पूर्ण करा दिया जाय। इस



सम्बन्ध में डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर ने आश्वस्त किया कि रेलवे द्वारा कार्य पूर्ण करने के पश्चात सेतु निगम द्वारा अवशेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कर दिया जायेगा। निरीक्षण के समय अन्य सम्बन्धित अधिकारी भी मौजूद रहे।

## 25 नवम्बर तक संचालित अभियान के दौरान सीज़ किये गये 744 वाहन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच में 01 जनवरी 2025 से 25 नवम्बर 2025 तक परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड यात्री वाहनों, ओवरलोड माल वाहनों एवं अनाधिकृत संचालित वाहनों के विरुद्ध पुलिस विभाग, परिवहन निगम (रोडवेज) के अधिकारियों के साथ संयुक्त अभियान चलाकर संचालित वाहनों के विरुद्ध कठोर प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। ए.आर.टी.ओ. श्री सिंह ने बताया कि अभियान अन्तर्गत 173 बस व मिनी बस का चालान किया गया है तथा 181 वाहनों को बन्द किया गया है। इसी प्रकार अन्य यात्री वाहनों अन्तर्गत 426 का चालान तथा 242 को बन्द करने की कार्यवाही की गई है। श्री सिंह ने बताया कि इसी अवधि मे 352 ओवर लोड वाहनों का चालान व 234 को बन्द (सीज़) करने के साथ-साथ 104 ट्रैक्टर ट्रालियों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गई तथा 87 को बन्द किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि प्रवर्तन की कार्यवाही के दौरान प्रशमन के रूप में 224.19 लाख रूपये का अर्थ लगाया गया है। श्री सिंह ने बताया कि जनपद में अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों के विरूद्ध परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से आवेरलोड (माल/यात्री) वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।

## समाजवादी पार्टी महानगर के पूर्व सचिव आफताब अहमद ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी महानगर के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सचिव आफताब अहमद ने बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ट्र्स्ट प्रक्रिया के अंतर्गत जनसामान्य को हो रही परेशानियों पर गंभीर चिंता जताई। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि वर्तमान प्रक्रिया की अंतिम तिथि को कम से कम तीन माह तक बढ़ाया जाए, ताकि पात्र एवं जरूरतमंद मतदाताओं को अपने दस्तावेजों की पूर्ति कर सत्यापन कराने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों में सूची व दस्तावेजों की जानकारी के अभाव के कारण व्यापक असमंजस बना हुआ है। कई पात्र लाभार्थी केवल इसलिए अपने आवेदन पूर्ण नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि वर्ष 2003 की मतदाता सूची अभी तक बीएलओ स्तर पर उपलब्ध नहीं कराई गई है।

# फतेहपुर घटना से आहत लेखपालों ने नानपारा में धरना देकर मांगी कार्रवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। फतेहपुर में तैनात एक लेखपाल की दुखद मृत्यु के बाद राजस्व कर्मियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। सहकर्मी की मौत को लेकर उठे सवालों और कार्य व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर नानपारा के लेखपालों ने तहसील परिसर में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ नानपारा के अध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव की अगुवाई में दर्जनों लेखपाल तहसील प्रांगण में एकत्र हुए। उन्होंने कहा कि फतेहपुर में कार्यरत लेखपाल सुधीर कुमार की शादी तय थी, लेकिन निर्धारित समय पर अवकाश न मिलने और विभागीय दबाव के चलते परिस्थितियाँ अत्यंत तनावपूर्ण हो गईं, जिसके बाद यह दुखद घटना सामने आई। लेखपालों का कहना था कि घटना के बाद भी संबंधित अधिकारियों पर




कार्रवाई न होने से प्रदेशभर के राजस्व कर्मियों में असंतोष है। परिजनों द्वारा भी दोषियों पर उपयुक्त कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई गई है। धरने के दौरान लेखपालों ने पाँच सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए मृतक के परिवार को सरकारी नौकरी, पचास लाख रुपये की सहायता राशि, मुख्य आरोपियों पर नामजद मुकदमा दर्ज करने, एसआईआर जमा करने की तिथि बढ़ाने तथा कार्य व्यवस्था में सुधार जैसे मुद्दे उठाए। धरने में पंकज बाबू, विनीत कुमार, शुभम यादव, सत्यम साहू, इंद्रजीत वर्मा, पुष्पा देवी, मनीष वर्मा सहित अन्य लेखपाल उपस्थित रहे।

# एस आई आर सर्वे में लगे कर्मचारियों का प्रशासनिक उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा परिषद रुपेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर । एस आई आर सर्वे में कुछ अधिकारियों की असंवेदनशीलता से बीएलओ, लेखपाल द्वारा आए दिन आत्महत्या का संज्ञान लेते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की एक आपात बैठक पीडब्ल्यूडी संघ भवन पर हुई। अध्यक्षता करते हुए रुपेश श्रीवास्तव ने कहा कि एस आई आर सर्वे एक महत्वपूर्ण कार्य है। जिसके लिए प्रशासन बीएलओ, लेखपाल एवं संग्रह अमीनों को लगाया है। कहीं कहीं अधिकारियों की संवेदनहीनता कर्मचारियों पर भारी पड़ रही है और वो आत्महत्या के लिए विवश हो रहा है। बीते तीन चार दिनों में कई बीएलओ एवं लेखपाल के सुसाइड की जानकारी मिली है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद इन कर्मचारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा।प्रशासन विशेषकर जिलाधिकारी स्वयं संज्ञान लेते हुए



तहसीलदार उपजिलाधिकारी को बोलें कि सर्वे पूरा करना जरूरी है लेकिन किसी कर्मचारी को इतना भी न प्रेशर डालें कि वो निराश होकर मौत को गले लगाने के लिए विवश हो। हम जिलाधिकारी से उम्मीद करते हैं ऐसे जमीनी दुश्वारियों को महसूस करते हुए उपजिलाधिकारी, तहसीलदार को कहें कि काम पूरा कराने के चक्कर में संवेदनशीलता न खोवें तथ कर्मचारियों को प्रताड़ित न करें।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल ने कहा कि सभी अधिकारी तो नहीं लेकिन कुछ हैं जो लक्ष्य पूरा करने की होड़ में एस आई आर में लगे कर्मचारियों पर इतना ज्यादा दबाव बना रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में कुंठा निराशा और भय व्याप्त है। कुछ कमजोर दिल वाले कर्मचारी आत्महत्या कर ले रहे हैं। शासन ऐसे संवेदनहीन अधिकारियों की लगाम कसे, नहीं तो राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद काम रोकवाने और धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होगा। संचालन महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने किया। बैठक को उपस्थित अन्य पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कमजोर सर्वर एवं जनता की उदासीनता का खामियाजा सर्वे में लगे कर्मचारियों उठाने पड़ रहे हैं, ऊपर से अधिकारियों का प्रेशर इन कर्मचारियों की मौत कारण बन रहा है।जो उचित नहीं है। बैठक में मुख्य रूप से रुपेश श्रीवास्तव अशोक पाण्डेय पंडित श्याम नारायण शुक्ल मदन मुरारी शुक्ल, इंजीनियर राम समुझ शर्मा,इं राजकुमार सिंह,इं नागेन्द्र मणि गुप्ता,अनुप श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, खुशबू शर्मा, रेनू, सुरेश सिंह, बंटी, इजहार अली,गगन जायसवाल, हर्षित, अविनाश,मनु आदि भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पूरनपुर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा ने की मुख्य वक्ता ने सामाजिक समस्याओं, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी जागरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की कार्यक्रम में वक्ता ने नागरिक कर्तव्यों के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि देश की उन्नति और समाज के समग्र विकास के लिए प्रत्येक नागरिक का अपने दायित्वों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है सप्तशक्ति संगम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में मेधा, स्मृति, वाक, श्री, कीर्ति, क्षमा और धृति जैसे सात सद्गुणों का विकास करना था वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि इन गुणों का समृद्ध होना न केवल व्यक्तिगत व्यक्तित्व को निखारता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है कार्यक्रम की व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से की गई थी अंत में समस्त अतिथियों एवं मातृशक्ति का आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा के द्वारा व्यक्त किया गया कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन की महिलाओं खुशबू गुप्ता, नीना गुप्ता, पारुल गुप्ता, रीता गोयल व मीनाक्षी गुप्ता इत्यादि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विद्यालय की आचार्या चांदनी गुप्ता ने सभी को प्रतिज्ञा दिलवाई तथा श्रीमती सरोज ने अतिथियों के अनुभव साझा किए कार्यक्रम का सफल संचालन सूर्यबाला शर्मा ने किया तथा कल्याण मंत्र के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया हैं।

# लेखपालों ने कार्य वहिष्कार कर विरोध जताया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनपद फतेहपुर में कार्यरत लेखपाल द्वारा आला अधिकारियों की कारगुज़ारियों से तंग आकर आत्मा हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है।शुक्रवार को तहसील तिलोई में आक्रोशित लेखपालों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया और जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। बताते चलें कि जनपद फतेहपुर में कार्यरत लेखपाल सुवीर कुमार बीती छब्बीस नवम्बर को अपनी शादी में अवकाश के लिये तहसील अधिकारियों से लगातार निवेदन कर रहा था, किन्तु तहसील अधिकारियों द्वारा एसआईआर डियूटी के नाम पर छुट्टी नही दी गयी और उस लेखपाल को एसडीएम संजय कुमार सक्सेना द्वारा निलंम्बित कर दिया गया इसके बावजूद भी उसके ऊपर इतना दबाव बनाकर प्रताड़ित किया कि वह लेखपाल शादी के पहले ही आत्म हत्या कर लिया और दोषी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर तक दर्ज नही की गई। इस मामले की जानकारी जब उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रांतीय प्रान्तीय कार्यकारिणी को हुई तो आक्रोश फैल गया और न्याय न मिलने तक आरपार की लड़ाई की घोषणा कर दी गई। प्रांतीय संगठन के निर्देश पर शुक्रवार को लेखपाल संघ तिलोई के अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह की अगुवाई में लेखपालों ने नारेबाजी कर विरोध जताया और दिनभर कार्य वहिष्कार रखा जिससे अफरा तफरी का माहौल बना रहा। आक्रोशित लेखपालों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। आक्रोशित लेखपालों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा के साथ ही सरकारी नौकरी प्रदान किये जाने की मांग की है।इस मौके पर मानस शुक्ला, नितिन त्रिपाठी, संजीत विश्वकर्मा, शिवम तिवारी, वेद प्रकाश मिश्रा,राजेश वर्मा, शिव नारायण सोनी सहित अन्य तमाम लेखपाल मौजूद रहे।

# बिजली बिल राहत योजना 2025 शुरू बकायेदार उपभोक्ताओं को बड़ी छूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। नेवर पेड और लंबे समय से बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी है। सरकार ने बकायेदारों को बड़ी राहत देते हुए बिजली बिल राहत योजना 2025 लागू कर दी है। यह योजना 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक संचालित होगी, जिसमें उपभोक्ताओं को 100 फीसदी ब्याज माफी के साथ मूल धन पर आकर्षक छूट मिलेगी।

योजना के अनुसार बिजली चोरी और असेस्समेंट के मामलों में भी घरेलू (ख्रख्रठ्ठ-1) और वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ दिया जाएगा।

योजना तीन चरणों में लागू होगी। पहला चरण (1ऽ31 दिसंबर 2025): 100% ब्याज माफी, 25% मूल धन पर छूट, दूसरा चरण (1ऽ31 जनवरी 2026): 100% ब्याज माफी, 20% मूल धन पर छूट, तीसरा चरण (1ऽ28 फरवरी 2026): 100% ब्याज माफी, 15% मूल धन पर छूट। इसके साथ ही राजस्व निर्धारण/शमनकर्ता श्रेणी के उपभोक्ताओं को भी किस्तों पर विशेष छूट दी जाएगी। पहले चरण में 50%, दूसरे में 45% और तीसरे चरण में 40% तक की राहत मिलेगी। ऊर्जा विभाग ने बताया कि यह छूट केवल योजना अवधि के भीतर बिल जमा करने पर ही उपलब्ध होगी। उपभोक्ता ठ्घ्एख्र की वेबसाइट, काउंटरों या मोबाइल ऐप के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए मोबाइल नंबर पर मिलने वाले ग्ट्ठ का वेरीफिकेशन अनिवार्य होगा। उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण खंड बल्दीराय मार्तण्ड प्रताप सिंह ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक राहत योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ और अपना बकाया समय पर जमा करें।

# पीएम कुसुम योजनान्तर्गत प्रदेश के किसान सोलर पम्प लगाकर हो रहे हैं लाभान्वित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । भारत सरकार किसानों को हर तरह की सुविधा फसलोत्पादन के लिए दे रही है। देश के प्रधानमंत्री जी ने किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाअभियान यानी कुसुम योजना का ऐलान किया था। जिसके अन्तर्गत किसानों को अपनी भूमि पर सौर ऊर्जा से संचालित नलकूप लगाने हेतु अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में इस योजना को लागू करते हुए किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत किसानों को खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए सोलर पम्प स्थापित कराए जाने का प्राविधान किया गया है। प्रदेश सरकार की कुसुम योजना से बिजली की समस्या एवं किसानों की बिजली पर निर्भरता भी दूर हो रही है। प्रदेश के किसान अपनी खाली व बंजर पड़ी जमीन का इस्तेमाल सौर ऊर्जा के लिए कर सकते हैं। किसान सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली को बेच कर अतिरिक्त आमदनी भी कर सकते हैं। कुसुम योजना के अंतर्गत केन्द्र एवं प्रदेश सरकार मिल कर किसानों को अनुदान के रूप में सोलर पम्प की कुल लागत का साठ प्रतिशत दे रहे हैं। इस योजना के संचालन के लिए कृषि विभाग नोडल विभाग नामित है। भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ न्यू एण्ड रिन्यूवेबल एनर्जी के निर्देशानुसार विभिन्न क्षमता के साढ़े सात एचपी तक के स्टैण्ड एलोन सोलर पम्प की स्थापना पर सरकार तीस फीसदी केन्द्रांश एवं तीस फीसदी राज्यांश के रूप में कुल साठ फीसदी अनुदान की व्यवस्था की है। लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने राज्यांश बढ़ा कर गाइडलाइन में दिए गए निर्देशानुसार दो एचपी और तीन एचपी के सोलर पम्प पर अनुदान तीस प्रतिशत से अधिक दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार की संचालित इस योजनान्तर्गत एक हजार आठ सौ वाट दो एचपी डीसी सरफ़ेस सोलर पम्प के लिए किसान को अठारह हजार तीन सौ छिहत्तर रूपये देना होगा। तीन हजार वाट तीन एचपी डीसी सरफ़ेस सोलर पम्प के लिए किसानों को अड़तीस हजार आठ सौ बयासी रूपये तथा चार हजार आठ सौ वाट पांच एचपी0 एसी सर्मसिबल सोलर पम्प के लिए किसानों को सत्तासी हजार बीस रूपये देना होगा शेष धनराशि सरकार दे रही है। इस योजनान्तर्गत पम्प के लिए इच्छुक किसान 'पहले आओ पहले पाओष की तर्ज पर सोलर पम्प के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पीएम कुसुम योजनान्तर्गत अब तक तिरानबे हजार बासठ सोलर पम्पों की स्थापना कराई जा चुकी है। इससे किसानों को सिंचाई व अन्य विद्युत उपयोग हेतु सुविधा मिल रही है। चालू वर्ष में भी हजारों सोलर पंप की स्थापना की जा रही है। सोलर पंप लगने से लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचन क्षमता में बढोतरी हुई है। प्रतिवर्ष लगभग पांच हजार चार सौ चौरासी लाख यूनिट बिजली की बचत और कार्बन उत्सर्जन में प्रतिवर्ष 1.26 लाख टन की कमी आ रही है।

## पुलिस की धरपकड़ जारी चेकिंग के दौरान अदद चाकू के साथ गिरफ्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया है यह गिरफ्तारी गश्त के दौरान की गई है गिरफ्तार युवक की पहचान युनुस पुत्र नन्हू, निवासी ग्राम शेरपुर कुरैशियान कोतवाली पूरनपुर के रूप में हुई है पुलिस ने उसके पास से एक अदद चाकू बरामद किया है आरोपी के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपियों पर गौकशी, पशुकुरता, गैंगस्टर , गुंडाएक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज है कोतवाली उपनिरीक्षक ने जानकारी दी कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है।

## तहसील परिसर में लेखपाल संघ का धरना, एसआईआर कार्य के दबाव में लेखपाल की आत्महत्या पर रोष

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील परिसर में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने फत्तेपुर के लेखपाल स्वर्गीय सुधीर के समर्थन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। संघ के पदाधिकारियों और उपस्थित लेखपालों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा ट्ट्रऋ के कार्य को 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इतने कम समय में यह कार्य पूरा करना अत्यंत कठिन है। इसके बावजूद लेखपालों के द्वारा दिन-रात मेहनत कर कार्य किया जा रहा है, फिर भी उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है। लेखपाल संघ ने कहा कि इसी मानसिक दबाव और उत्पीड़न के कारण फतेहपुर के लेखपाल सुधीर ने आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाया, जिससे पूरे विभाग में आक्रोश व्याप्त है। तहसील अध्यक्ष शिशुपाल यादव ने आरोप लगाया कि पीसीएस अधिकारी संजय कुमार सक्सेना और शिवराज द्वारा अनावश्यक दबाव डालकर सुधीर को आत्महत्या के लिए उकसाया गया, जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई गई। धरने में शामिल लेखपाल अनिल चौधरी, कमल किशोर, सौरभ, गौस मोहम्मद, सतीश राणा, आशुतोष कुमार, वीरेंद्र यादव, विपिन शर्मा, ओम प्रकाश आदि लेखपालों ने मृतक की माता को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने, ट्ट्रऋ कार्य के दौरान लेखपालों पर अनावश्यक मानसिक व शारीरिक दबाव समाप्त करने, एक माह के वेतन के बराबर प्रोत्साहन राशि प्रदान करने तथा ट्ट्रऋ की समय सीमा बढ़ाने की मांग की। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में बन्दियों के किशोर बैरक, महिला बैरक, अन्य बैरकों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बन्दियों से बातचीत करते हुये उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप बंदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व जेलर सहित अन्य उपस्थित रहे है।

## एसआईआर के प्रपत्र की प्रगति जानने के लिए नायब तहसीलदार ने किया कई बूथों का निरीक्षण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नायाब तहसीलदार ने एसआईआर के स्कोर को बढ़ाने हेतु 100 से कम अपलोड किए गए बूथों का औचक निरीक्षण किया इसमे सेहरा मऊ उत्तरी के बूथ संख्या 382 और 383 पर जाकर निरीक्षण किया और ऑन लाइन करने में जो समस्या आ रहीं थीं उसका खुद समाधान किया इस उपलक्ष्य में सुपर विजन एव संकुल प्रभारी हुकूम सिंह जी सुबह से ही बीएलओ के साथ सहयोग में साथ मे डटे रहे दोनों बूथ के भी और पंचायत कर्मी साथ मे थे जो समस्या आ रहीं थीं उनका समाधान किया गया और ऑनलाइन फॉर्म बढ़ाने को कहा इसी तरह सोंधा बागर,चतीपुर का भी निरीक्षण किया हैं।

## फतेहपुर में लेखपाल की आत्महत्या के मामले में कलीनगर के लेखपाल आक्रोशित, कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूपी के फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की आत्महत्या से कलीनगर के लेखपालों में गहरा आक्रोश है शुक्रवार को कलीनगर तहसील परिसर में लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष वृंदावन और तहसील मंत्री गजेन्द्र कुमार की अगुवाई में बड़ी संख्या में लेखपालों ने कार्य बहिष्कार करके विरोध जताया परिसर में जुटे कर्मचारियों ने प्रशासनिक रवैये पर गंभीर सवाल उठाते हुए कड़ा असंतोष व्यक्त किया धरने में शामिल लेखपालों ने कहा कि सुधीर कुमार पर एसआईआर संबंधी कार्य का अत्यधिक दबाव बनाया जा रहा था निरंतर मानसिक तनाव ने उन्हें इस हद तक तोड़ दिया कि उन्होंने आत्मघाती कदम उठा लिया कर्मचारियों ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण हादसा न मानते हुए कहा कि सहकर्मी को इतनी मानसिक प्रताड़ना दी गई कि वह टूट गया यह सुसाइड नहीं, मजबूरी में उठाया गया कदम है जब तक दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती,संघर्ष जारी रहेगा लेखपाल संघ ने घटना को प्रशासनिक खामियों तथा अनुचित दबाव का परिणाम बताया संघ प्रतिनिधियों ने एडीएम महिपाल सिंह को ज्ञापन देकर बताया है कि दोषी अधिकारियों की तत्काल गिरफ्तारी,मृतक परिवार को आर्थिक सहयोग व पारिवारिक सदस्य को नौकरी, सम्पूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग उठाई है संघ ने चेताया कि अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर आंदोलन आगे जारी रखा जाएगा।

## मोहनगंज पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित पिता पुत्र को भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने नव विवाहिता की दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पिता पुत्र को जेल भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव नसरतपुर मजरे राजा मऊ में बुधवार की देर शाम एक नव विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला था। मृतका के पिता ने पति समेत पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर दहेज हत्या के मामले में वांछित मृतका के ससुर बृजलाल पुत्र छंगू वर्ष एवं मृतका के पति विकास कुमार पुत्र बृजलाल निवासीगण रतवापुर मजरे राजामऊ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये पिता पुत्र को जेल भेज दिया गया है और मामले की छानबीन की जा रही है।

# डॉ. वत्सल उपाध्याय को मिला सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। काशी (वाराणसी) में सम्पन्न हुए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन काशीकॉन-2025 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के केएन उदुपा सभागार में एक गौरवपूर्ण पल देखने को मिला।

भारतीय सहायक प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ संघ एवं फिजियोथेरेपिस्ट कल्याण संघ, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जिले के डॉ. वत्सल उपाध्याय (फिजियोथेरेपिस्ट) को ह्लसर्वश्रेष्ठ चिकित्सक पुरस्कार (वरिष्ठ श्रेणी)ङ्क से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें पुनर्वास के क्षेत्र में दी गई उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाओं के लिए दिया गया। यह सम्मान उनके वर्षों के नैदानिक कार्य, मरीजों के प्रति समर्पण और फिजियोथेरेपी क्षेत्र में योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया। सम्मेलन का थीम सीखें, जुड़ें ,खोजें और प्रेरित करें रहा। मुख्य आयोजक डॉ. संतोष पाण्डेय संगठन अध्यक्ष, डॉ. प्रकाश मेहता संगठन सचिव, डॉ. व्योम ज्ञानपुरी सह-संगठन सचिव से डॉ. वत्सल उपाध्याय ने पुरस्कार लेते हुए कहा, यह सम्मान मेरे लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मैं इसे अपने सभी मरीजों, साथियों और गुरुजनों को समर्पित करता हूँ। पुनर्वास के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ करना बाकी है। ज्ञान की राजधानी काशी में मिला यह सम्मान न केवल डॉ. वत्सल उपाध्याय के लिए, बल्कि पूरे फिजियोथेरेपी समुदाय के लिए गर्व की बात है। 18 साल से एडवांस मशीनों से दे रहे चमत्कारी आराम शहर के जाने-माने फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. वत्सल्य उपाध्याय पिछले 18 वर्षों से आधुनिक एवं एडवांस मशीनों के जरिए मरीजों को फिजियोथेरेपी सेवा दे रहे हैं। उनके क्लिनिक में आने वाले मरीजों को दर्द से आश्चर्यजनक रूप से जल्दी राहत मिल रही है। लकवा, कमर दर्द, घुटना दर्द, सर्वाइकल और खेल चोटों सहित हर तरह के मरीज यहाँ ठीक होकर मुस्कुराते हुए लौट रहे हैं।

# चेकिंग अभियान के दौरान ओवरलोड गन्ना वाहनों का किया गया चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं गन्ना वाहनों में ओवरहाइट एवं ओवरलोडिंग की मिल रही शिकायतांओ का संज्ञान लेते हुए एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात विधि भूषण मौर्य, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव एवं यातायात निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से एक चेकिंग अभियान चलाया जिसमें शहर के विभिन्न मार्गो पर गन्ने का परिवहन कर रहे वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 18 वाहनों में ओवरहाइट एवं ओवरलोड गन्ना परिवहन होते पाए जाने पर इन 18 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई। इसके अतिरिक्त पीलीभीत बरेली मार्ग से एक वाहन गन्ना परिवहन करते हुए पाया गया जिसकी टैक्स एवं फिटनेस वैधता समाप्त हो गई थी जिस पर उसको ललौरीखेड़ा पुलिस चौकी में सीज कर दिया गया। इसी प्रकार ही एक अन्य फिटनेस एवं टैक्स समाप्त ट्रक गन्ने का परिवहन करते हुए पाया गया उसको चीनी मिल में सीज किया गया।इस अभियान के साथ-साथ स्वयं अपना गन्ना लेकर चीनी मिल जा रहे किसान भाइयों के 9 ट्रैक्टर ट्रालियों पर कोहरे एवं अंधेरे में सुरक्षित परिवहन के दृष्टिगत रिफ्लेक्टिव टेप लगवाए गए। साथ ही चीनी मिल प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि सभी गन्ना वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगे हो एवं गन्ना बाहर न गिरे इसके लिए सभी गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों में बेल्ट का प्रयोग किया जाए एवं लाल कपड़ा पीछे बांध दिया जाए ताकि दूसरे ही ऐसे वाहन दिखाई देते रहे है।

## किशोर ने फांसी लगाकर दी जान, गांव में मचा कोहराम

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के गांव अशोक नगर में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 17 वर्षीय सनी पुत्र गुंडानंद ने घर से करीब 200 मीटर दूर स्थित शीशम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह ग्रामीणों ने जब किशोर का शव पेड़ से लटका देखा तो मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे और बेटे को मृत अवस्था में देखकर बदहवास हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद थानाध्यक्ष शरद यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या का मामला मान रही है।बताया जा रहा है कि मृतक किशोर दो दिन पहले ही नोएडा से काम करके घर लौटा था। उसके पिता लखनऊ में काम करने गए हुए हैं और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घर पर उसकी मां अकेली रहती थीं। परिजनों के अनुसार, किशोर घर लौटने के बाद सामान्य ही दिखाई दे रहा था और किसी भी प्रकार की परेशानी की जानकारी नहीं थी। अचानक इस तरह के कदम से परिवार सदमे में है। ग्रामीणों का कहना है परिवार आर्थिक रूप से सामान्य स्थिति में रहता है, लेकिन किसी तरह की घरेलू कलह या अन्य कारणों की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और परिजनों व नजदीकी लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। थानाध्यक्ष शरद यादव ने बताया कि किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

## फर्जीवाड़े का डीएम ने लिया संज्ञान, किया निलंबित

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील लंभुआ अन्तर्गत तहसीलदार के पेशकार द्वारा भूमि के श्रेणी परिवर्तन के फर्जीवाड़े का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी कुमार हर्ष द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये गये। एसडीएम के आदेश पर उनके रीडर द्वारा आरोपी कम्प्यूटर आपरेटर व पेशकार के विरूद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने कड़ी कार्यवाही करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम लंभुआ की रिपोर्ट के आधार पर पेशकार शरद कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

# गुलाब का फूल देकर पढ़ाया यातयात नियमों का पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कटका क्लब के द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के सामने यातायात का पालन करने वाले व हेलमेट और सीट बेल्ट पहने वालों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई कटका क्लब के आई टी सेल प्रभारी बृजेन्द्र मिश्र ने किया। इस मौके पर कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि कटका क्लब के द्वारा जनपद में यातायात माह के तहत हेल्मेट और सीट बेल्ट के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यातायात निरीक्षक राम निरंजन के द्वारा नियमों का पालन करने वालों को गुलाब का फूल दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शनि मिश्र कथा वाचक ने बताया कि उन वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट करते हैं जो हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे नियमों का पालन कर रहे हैं, ताकि उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके । कटका क्लब के आई टी सेल प्रभारी बृजेन्द्र मिश्र ने बताया कि हेलमेट पहन कर बाइक चला रहे युवाओं एवं युवतियों को गुलाब का फूल भेंट कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया तथा उनसे यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। यातायात निरीक्षक राम निरंजन ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह तक सभी लोगों से यातायात नियम के पालन का आग्रह किया जा रहा है. जिसके बाद यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर वेद प्रकाश मिश्र, टिंकू यादव, राम राज पांडेय, कुलदीप सिंह, मोनू मिश्र, आदि लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# वंदे मातरम् है भारत की साकार अंतश्चेतना

वैश्विक स्तर पर भारत सदियों से अनेक देशों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा है । यह तथ्य अनेक साक्ष्यों से बहुशः प्रमाणित है कि प्राचीन भारत की भौतिक समृद्धि से प्रभावित हो खिंचे आए विदेशी आक्रान्ताओं ने भारत का अनेक प्रकार से शोषण और दोहन किया और अनैतिक ढंग से विभिन्न क्षेत्रों में और विभिन्न अवधि के लिए अपना अनधिकृत आधिपत्य जमाया। इस प्रक्रिया में भारतीय सांस्कृतिक परिदृश्य और जीवन पद्धति में अनेक परिवर्तन आए। इस श्रृंखला की अंतिम कड़ी के रूप में बर्तानवी (अंग्रेजी) उपनिवेश की लगभग दो सौ वर्षों की त्रासदी थी। यह इस अर्थ में विशेष अर्थ रखती है कि इस दौर में देश को न केवल भौतिक और आर्थिक क्षति पहुँची अपितु दुर्भाव के साथ उसमें मानसिक रूप से भी बदलाव भी लाया गया । शिक्षा के क्षेत्र में जो हस्तक्षेप किया गया उसके बड़े दूरगामी परिणाम हुए जिनसे हम आज तक नहीं उबर सके हैं। इस हस्तक्षेप के अंतर्गत भारतीय चिंतन , ज्ञान-परम्परा और भारतीय विश्व दृष्टि को अप्रासंगिक ठहरा कर उसे हाशिये पर डाल दिया गया। भारतीय प्रतिभा , कौशल और ज्ञान संपदा का समूचा अवदान कालबाह्य घोषित कर दिया गया। इस अहैतुक उपेक्षा का सीधा परिणाम यह हुआ कि हमारा आत्मबोध और हमारी पहचान पश्चिम के आलोक में परिभाषित की जाने लगी। पश्चिमी चिंतन ल्लवैज्ञानिकल्ल और ल्लआधुनिकल्ल कहलाते हुए मुख्यधारा बनकर हम सब पर थोप दिया गया। दूसरी तरफ़ भारतीय दृष्टि उस मुख्यधारा से विचलन के रूप में अग्राह्य और व्यर्थ मानी जाने जाने लगी। उसकी ओर सतत उपेक्षा और वितृष्णा की प्रवृत्ति ने एक ऐसा माहौल बनाया जो हमें सोच-विचार और अपनी निर्णय- क्षमता के लिए पर निर्भर कर दिया। हमने आचार-व्यवहार के लिए मानक भी उधार लेने शुरू कर दिए। हीनता और अपर्याप्तता की तीव्र अनुभूति से ग्रस्त हो कर बहुतों ने भारतीयता की अवधारणा को प्रश्नांकित कर डाला । फलतः भारत की मौलिक अस्मिता संशयग्रस्त बनने के लिए अभिशप्त हो गई, इतनी कि जब देश स्वतंत्र हुआ तो नामकरण का निश्चय करते समय हमने भारत शब्द को अपर्याप्त मान लिया। अंततः भारतवर्ष के लिए इंडिया दैट इज भारत का नाम संविधान में दर्ज किया गया। घटनाक्रम कुछ ऐसा भी हुआ कि पश्चिमी जगत का आर्थिक और राजनैतिक वर्चस्व निरंतर बढ़ता चला गया। हम उसे अपनाते चले गए और उसी में ही गौरव बोध अनुभव करने की आदत डाल ली। दूसरी और हमारा देशज चिंतन जो स्वयं अपना निजी चिंतन था और हमारे अनुकूल था, हमसे दूर होता हुआ अपरिचित होता गया। महात्मा गांधी के ल्लहिन्द स्वराज ल्ल के स्वर जो १९०९ में उठे थे वे तेज़ी से मद्धिम पड़ने लगे। आर्थिक योजनाएं, शैक्षिक व्यवस्थाएं, सांस्कृतिक नीतियाँ सबकुछ महात्मा गांधी के स्वप्न के विपरीत दिशा में चलने वाला हो चला। परिणाम यह हुआ कि देश के स्वतंत्र होने के बाद भी देश के शैक्षिक आयोजन में गुलामों के लिए बनाया गया पुराना औपनिवेशिक ढाँचा ही बदस्तूर चलता रहा। यदा-कदा कुछ सतही बदलाव लाने का प्रयास जरूर हुआ पर वह आयोजन मुख्य रूप से पश्चिम से आयातित ढाँचा लेकर ही आगे बढ़ता रहा। इसका परिणाम शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में भारत के पिछड़ने के रूप में सामने आया। आज भारत विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश हो चुका है। साथ ही वह ऐसा देश भी है जिसमें युवा वर्ग की जनसंख्या का अनुपात विश्व में सबसे अधिक है। देश के लिए यह निश्चित रूप से लाभ की स्थिति हो सकेगी बशर्ते हमारा युवा वर्ग योग्य और कुशल हो। यह चर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारत वर्ष २०४७ तक विकसित देश की कोटि में आने के लिए तत्पर और प्रयासरत है। इस पूरे परिदृश्य में ल्लभारत ल्ल को समझना, उसे अंगीकार करना आज भी प्रमुख प्रश्न हो जाता है। भारत की अच्छी-बुरी अनेक छवियाँ प्रचलित हैं जो भिन्न भिन्न प्रयोजनों से समय-समय पर गढ़ी गई हैं।

# बदलती विश्व-व्यवस्था और जी-20 की चुनौती

भारत ने विकासशील देशों की वास्तविक आवश्यकताओं पर आधारित कई व्यावहारिक एवं मापनीय पहलों को आगे बढ़ाया। डिजिटल सार्वजनिक संरचना का मॉडल, स्वास्थ्य-सुरक्षा व्यवस्था, कौशल विकास, ग्रामीण एवं कृषि नवाचार, मत्स्य प्रबंधन, पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण, आपदा प्रबंधन में सहयोग और उपग्रह आँकड़ों का साझा उपयोग- ये सभी पहलें विकासशील देशों की आवश्यकताओं से सीधे जुड़ी हैं। विशेषकर ''अफ्रीका कौशल वृद्धि योजना'' जैसी पहलें लाखों युवाओं के लिए अवसरों का मार्ग खोलती हैं। भारत ने वैश्विक सुरक्षा से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया, विशेषकर आतंकवाद और नशीली दवाओं के गठजोड़ को। यह विषय लंबे समय से वैश्विक विमर्श में अपेक्षित महत्व नहीं पाता रहा था। भारत ने इसके विरुद्ध कठोर और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही न्यायपूर्ण ऊर्जा परिवर्तन, जलवायु वित्त, सतत विकास, तकनीक की समान उपलब्धता और खाद्य-सुरक्षा जैसे विषयों पर भी भारत ने विकासशील देशों की सामूहिक आवाज़ को मजबूत किया।

विश्व-राजनीति वर्तमान समय में गहरे परिवर्तनों से गुजर रही है। महाशक्तियों के बीच अविश्वास, क्षेत्रीय युद्ध, आर्थिक संकट, तकनीकी वर्चस्व की होड़, जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे और वैश्विक संस्थाओं में घटती प्रभावशीलता ने विश्व-व्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। ऐसे दौर में जी-20, जो विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करने का सबसे महत्त्वपूर्ण मंच है, स्वयं को अभूतपूर्व चुनौतियों के बीच पाता है। समूह की प्रभावशीलता पर बढ़ते संदेह मात्र इसके कार्य-तंत्र से उत्पन्न नहीं हुए, बल्कि यह बदलती विश्व-स्थिति और बहुध्रुवीयता के असंतुलन का प्रत्यक्ष परिणाम है।

जी-20 की सबसे गंभीर चुनौती गहराता हुआ भू-राजनीतिक विभाजन है। यूक्रेन क्षेत्र में चल रहा युद्ध, पश्चिम एशिया की अस्थिरता, प्रशांत क्षेत्र में टकराव, बड़े देशों के बीच तकनीकी एवं आर्थिक प्रतिस्पर्धा तथा बढ़ते प्रतिबंधों ने समूह की सहमति-निर्माण क्षमता को कमजोर बनाया है। कई बार ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो जाती हैं कि साझा घोषणा-पत्र निकालना भी कठिन हो जाता है। उदाहरणस्वरूप, जोहान्सबर्ग बैठक में केवल अत्यंत सामान्य रूप से 'स्थायी एवं न्यायपूर्ण शांति' की अपील की गई, क्योंकि सदस्य देशों के दृष्टिकोण आपस में टकराते रहे। यह स्थिति दिखाती है कि वैश्विक मुद्दों पर सामूहिक स्वर तैयार करना कितना कठिन हो चुका है। महाशक्तियों के व्यक्तिगत हित कई बार समूह के साझा हितों पर भारी पड़ जाते हैं। इससे ''उबंटू''-अर्थात ल्लमैं हूँ क्योंकि हम हैंङ्क-जैसी साझा जिम्मेदारी की मूल भावना क्षीण होती जा रही है। कुछ प्रमुख देशों द्वारा सम्मेलन से दूरी बनाना या महत्वपूर्ण विमर्शों में भागीदारी में अनिच्छा दिखाना, समूह की विश्वसनीयता को कमजोर करता है। इससे जी-20 उस भूमिका को नहीं निभा पाता जिसके लिए यह बनाया गया था- यानी वैश्विक समस्याओं के समाधान हेतु सामूहिक एवं समन्वित प्रयास।

इसके साथ ही आर्थिक असमानता जी-20 के सामने एक और महत्वपूर्ण चुनौती है। विकसित और विकासशील देशों के बीच आय, तकनीक, स्वास्थ्य-सुविधाएँ, कौशल, ऊर्जा स्त्रोतों और जलवायु वित्त में बढ़ती खाई ने समूह के भीतर संतुलन को प्रभावित किया है। वैश्विक ऋण संकट, विकासशील देशों पर बढ़ता आर्थिक दबाव, मंदी का खतरा और असमान व्यापार-संरचना मिलकर ऐसे परिदृश्य का निर्माण करते हैं जिसमें साझा नीति बनाना कठिन हो जाता है। ऐसे समय में समूह को जिस सशक्त नेतृत्व और सहयोग की आवश्यकता है, वह कई बार अनुपस्थित दिखाई देता है।

इन जटिल परिस्थितियों के बीच भारत ने जी-20 में अत्यंत सकारात्मक, समावेशी और संतुलनकारी भूमिका निभाई है। भारत ने न केवल वैश्विक दक्षिण की चिंता और अपेक्षाओं को केंद्र में रखा बल्कि ऐसे ठोस कदम भी उठाए जिनका दीर्घकालिक प्रभाव दिखाई देता है। भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता दिलाना रही। यह निर्णय न केवल ऐतिहासिक था बल्कि उन विकासशील देशों की पुरानी मांग को भी पूरा करता था जिन्हें वैश्विक निर्णय-प्रक्रिया में बराबरी का स्थान नहीं मिलता रहा। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारत वैश्विक व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत ने विकासशील देशों की वास्तविक आवश्यकताओं पर आधारित कई व्यावहारिक एवं मापनीय पहलों को आगे बढ़ाया। डिजिटल सार्वजनिक संरचना का मॉडल, स्वास्थ्य-सुरक्षा व्यवस्था, कौशल विकास, ग्रामीण एवं कृषि नवाचार, मत्स्य प्रबंधन, पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण, आपदा प्रबंधन में सहयोग और उपग्रह आँकड़ों का साझा उपयोग- ये सभी पहलें विकासशील देशों की आवश्यकताओं से सीधे जुड़ी हैं। विशेषकर ''अफ्रीका कौशल वृद्धि योजना'' जैसी पहलें लाखों युवाओं के लिए अवसरों का मार्ग खोलती हैं। भारत ने वैश्विक सुरक्षा से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया, विशेषकर आतंकवाद और नशीली दवाओं के गठजोड़ को। यह विषय लंबे समय से वैश्विक विमर्श में अपेक्षित महत्व नहीं पाता रहा था। भारत ने इसके



विरुद्ध कठोर और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही न्यायपूर्ण ऊर्जा परिवर्तन, जलवायु वित्त, सतत विकास, तकनीक की समान उपलब्धता और खाद्य-सुरक्षा जैसे विषयों पर भी भारत ने विकासशील देशों की सामूहिक आवाज़ को मजबूत किया। हालाँकि भारत की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही है, फिर भी इसकी कुछ सीमाएँ स्पष्ट रूप से सामने आती हैं। महाशक्तियों के बीच चल रहे तीव्र संघर्षों के बीच भारत सभी पक्षों को एकजुट नहीं कर सका। प्रमुख देशों की अनुपस्थिति को भारत रोक नहीं पाया, न ही यह सुनिश्चित कर सका कि सभी देश साझा घोषणा-पत्र में कठोर रुख अपनाएँ। आतंकवाद पर अपेक्षित कठोर निंदा का शामिल न हो पाना भारत के लिए निराशाजनक था। इसी प्रकार भारत की कई विकास सम्बन्धी पहलें सभी देशों की समान रुचि और समर्थन प्राप्त नहीं कर पाईं, क्योंकि प्रत्येक देश की प्राथमिकताएँ भिन्न होती हैं। वैश्विक दक्षिण के भीतर भी कई बार मतभेद देखने को मिलते हैं, जिससे समग्र एजेंडा कमजोर पड़ता है। भारत की कूटनीति संतुलनकारी अवश्य है, परन्तु महाशक्तियों के कठोर और प्रतिस्पर्धी रुख के बीच इसकी प्रभाव सीमा सीमित हो जाती है। फिर भी यह निर्विवाद है कि आज वैश्विक दक्षिण का ऐसा कोई और देश नहीं है जो भारत जैसी व्यापक, संतुलित, विश्वासयोग्य और दूरदर्शी भूमिका निभा सके। भारत ने जी-20 के मंच को नई ऊर्जा दी है, वैश्विक दक्षिण के हितों को उचित सम्मान दिलाया है और वैश्विक शासन में समावेशिता की नई परिभाषा प्रस्तुत की है। अंततः, जी-20 की भविष्य की सफलता उसके सदस्यों की सामूहिकता की भावना, परस्पर विश्वास, और साझा उत्तरदायित्व को पुनर्जीवित करने पर निर्भर करेगी। यदि समूह ''उबंटू''-यानी साझा मानवता और साझा दायित्व-के सिद्धांत को पुनः अपनाता है, तो यह वैश्विक चुनौतियों से प्रभावी रूप से निपट सकता है। भारत ने इस दिशा में मजबूत नींव रखी है और आने वाले समय में उसकी भूमिका और अधिक निर्णायक रूप से उभर सकती है।

डॉ. प्रियंका सौरभ

# मासूम चेहरों के पीछे छिपे क्रूर आतंकी मंसूबे

डॉ. अंशुल उपाध्याय

आतंकवाद जाति और मज़हब के नाम पर गहरा धब्बा है। जो लोग इस कृत्य में शामिल होते हैं उनकी जीवन प्रत्याशा अपने आप कम हो जाती है। एक ओर जहां आतंकी नेटवर्क चलाने के लिए बालकों के दिमाग में ज़हर और नफ़रत भरकर उनको कम उम्र में ही इसमें धकेल दिया जाता है। दूसरी ओर युवाओं को रूपये और उनके परिवार के भरण-पोषण का झूठा वादा कर आतंकी बनने के लिए घसीट लिया जाता है।

बदलते परिवेश में मनोवैज्ञानिक तरीके से युवक और युवतियों का धीरे-धीरे ब्रेनवाश कर 15 से 16 वर्ष की आयु तक उन्हें ट्रेंड और क्रूर आतंकी बना दिया जाता है। फिर ये मासूम ऐसा व्यक्ति बन जाता है जिसका ख़ुद का दिमाग चलना बंद हो जाता है और जो भी उन्हें आदेश या टारगेट दिए जाते हैं वे आंख मूंद कर उसे पूरा करने निकल जाते हैं। फिर चाहे उन्हें सुसाइड बंबर बनकर अपने ही शरीर के चीथड़े क्यों ना उड़ाने पड़े। आतंकवादियों को जरा भी इस बात का अफसोस नहीं होता कि उन्होंने कितने मासूमों को मारा है। सरकार को दिखाने के लिए या जनता को डराने के लिए? या फिर अपने शैतानी मंसूबों को पूरा करने के लिए? निःसंदेह ये घटनाएं एक क्रूर मनुष्य के दिमाग़ से जन्म लेती है और विचलित, ब्रेन लॉक मनुष्य के द्वारा अंजाम तक पहुंचाई जाती हैं। जिनका मकसद समाज में आतंक फैलाना होता है। आतंकवादी ऐसे लक्ष्य विहीन लोग होते है जो कश्मीर की आड़ में कश्मीर को ही खोखला कर रहे हैं। कश्मीर में रहने वाला शायद ही कोई ऐसा परिवार होगा जिसने आतंक के इस डरावने चेहरे का सामान न किया हो। पाकिस्तान मैं बैठे कुछ लोग अगर कश्मीर की आजादी की बात कर रहे है तो इसमें कोई दो मत नहीं कि जितना वह आतंक और नरसंहार फैला रहे हैं, उसके बाद उनसे शांति और करुणा की बात फिजूल ही है। ये न केवल अपने खूनी मंसूबों को ही अंजाम दे रहे हैं। बल्कि हथियारों का निर्माण और उनकी तस्करी करने वालों को सीधा फ़ायदा पहुंचा रहे हैं। हथियारों की तस्करी करने वाले ये लोग अमीर देशों में बैठे हुए हैं। आतंकवादी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है मिडिल क्लास और निम्न तबके के लोगों का। जबकि इन आतंकियों के जो हुक्मरान होते हैं वह खुद अपने बच्चों और परिवार को लग्जरी लाइफ देते हैं और आमजन को बलि चढ़ाने के लिए आतंकवाद की आग में झोंक देते हैं। वर्तमान घटनाक्रम की बात करें तो दिल्ली के लाल किला के पास हुए जोरदार कार धमाके में डॉ. उमर नबी ने करीब 30-40 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया था। पुलिस इस बात की आशंका जता रही है कि इस धमाके में अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल हुआ है। सूत्रों के मुताबिक आतंकी ने विस्फोट को और खतरनाक बनाने के लिए अमोनियम नाइट्रेट के अलावा दूसरे पदार्थों का भी इस्तेमाल भी किया होगा, जिसकी जांच अभी चल रही है। इन्हीं केमिकल पदार्थों के द्वारा धमाका काफी जोरदार हुआ था और इसकी गूंज काफी दूर तक सुनाई दी थी। मार्च 2020 में गिरफ्तार अलीपुर महिला सुधार गृह में बंद परवीन जो मौलाना मसूद अज़हर की बहन और लश्कर-ए-तैयबा की हैंडलर भी है, उससे पूछताछ में पता चला है कि वह खुद जैश की महिला शाखा की प्रमुख सईदा अज़हर के निर्देशों पर काम करती थी। परवीन कथित तौर पर आतंकवादियों के लिए ऑनलाइन भर्ती का काम संभालती थी और उसकी गतिविधियों पर नज़र रखती थी। आतंकी आज सिर्फ पहाड़ों में छिपे बंदूकधारी नहीं रह गए हैं बल्कि यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले डॉक्टर, इंजीनियर और टेक-सेवी नौजवानों को भी आतंकी बनाया जा रहा है। भारत के भीतर व्हाइट कॉलर टेरर का ऐसा नेटवर्क तैयार किया गया है, जो मेडिकल पेशे की आड़ में देश को अस्थिर करने की साजिश रच रहा था। फ़िदायीन आतंकी डॉ. उमर नबी जिसके इस विस्फोट में टुकड़े टुकड़े हो गए थे, उसके शव के कई टुकड़े मोर्चरी में रखे हुए हैं। डीएनए से उसके शव की पहचान भी हो गई है। फिर भी उमर का शव लेने के लिए अभी किसी ने दावा नहीं किया है। ये वही डॉ. उमर है जो विस्फोटक से लदी कार लेकर दिल्ली के वीआईपी इलाकों में घूमता रहा और बाद में इसने इस भयानक विस्फोट को अंजाम दिया। उमर की उम्र 43 वर्ष थी और वह अल फलाह यूनिवर्सिटी फरीदाबाद से जुड़ा हुआ था। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां उसके परिवार से लगातार पूछताछ कर रही हैं। पर विचार करने वाली बात यही है कि ऐसे नौजवान जो आतंकियों के हाथों का खिलौना बनते हैं, अपने पीछे पूरे परिवार को जीवन भर के लिए बदनामी और सामाजिक बहिष्कार का हिस्सा बना जाते हैं।

## सेहत मंत्र

# रामबाण हैं सर्दियों में काली गाजर का सेवन


सर्दियों के दौरान बाजारों में हरी सब्जियों से भरे हुए है। ठंड के मौसम में मेथी, बथुआ, सरसों का साग और चने के साग खाने का एक अलग ही स्वाद मिलता है और शरीर को भी गर्म रखता है। इसके साथ ही बाजारों में गाजर और मूली भी मिल रही है, इसे कच्ची खाओ या फिर पकाकर खाएं, यह अलग स्वाद ही देती है। कम लोग ही जानते हैं काली गाजर, जिसे अक्सर 'देसी गाजर' कहा जाता है। जबकि लाल गाजर आम हैं। काली गाजर में फाइबर, पोटेशियम, विटामिन ए और विटामिन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, काली गाजर पाचन, हृदय स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए अत्यधिक फायदेमंद बनाता है। काली गाजर में एंथोसायनिन होता है, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो उम्र बढ़ने और कैंसर के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ता है। ये फाइटोन्यूट्रिएंट्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं। फाइबर से भरपूर, काली गाजर स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है और कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करती है। काली गाजर रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। काली गाजर का हलवा भी आपके दिल को फायदा पहुंचा सकता है। लाल गाजर की तरह, काली गाजर में विटामिन ए और बीटा-कैरोटीन उच्च मात्रा में होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य में सहायता करता है और रेटिना को अच्छी स्थिति में रखकर दृष्टि में सुधार करता है। कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ, काली गाजर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे यह मधुमेह के रोगियों के लिए उपयुक्त हो जाती है। काली गाजर के सेवन से झुर्रियां कम होती और सूजन-रोधी लाभ प्रदान करके त्वचा के स्वास्थ्य को बढ़ाती है, जो त्वचा की समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है। विटामिन सी और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर, काली गाजर प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देती है, सर्दी और संक्रमण से बचाती है।

## धर्म मंत्र

# ब्रह्मपुराण में कहा गया है कि गोदावरी के तट पर हर चार अंगुल पर तीर्थ हैं

ब्रह्मपुराण में गोदावरी की महिमा के बारे में बताया गया है। महर्षि गौतम ने शंकर जी की कृपा से पृथ्वी पर इन्हें अवतरित किया। एक पुराण के अनुसार एक ब्राह्मणी योगाभ्यास करते?करते गोदावरी बन गई। गोदावरी पश्चिम घाट त्र्यम्बक पर्वत से निकल कर बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है। आयुर्वेद के अनुसार इसका जल औषधि है। ब्रह्मपुराण में कहा गया है कि गोदावरी के तट पर हर चार अंगुल पर तीर्थ हैं। गोदावरी की सात धाराएं निकलती हैं जिनके नाम हैं? वशिष्ठा, कौषिकी, बृद्ध, गौतमी, भारतद्वाजी, आत्रेयी और तुल्या। गोदावरी के प्रमुख तीर्थों में नासिक की महिमा बहुत मानी जाती है। यहां पर त्र्यम्बकेश्वर की गणना द्वादश?ज्योतिर्लिंग में की जाती है। भगवान राम ने यहीं पंचवटी में वनवास के कई साल बिताये थे। यहीं से सीता का हरण हुआ था। प्रत्येक बारह वर्ष पर जब बृहस्पति सिंह राशि में होते हैं तो नासिक में कुम्भ पर्व होता है। मुंबई से दिल्ली जाने वाले मार्ग पर नासिक रोड़ प्रसिद्ध स्टेशन है। नासिक और पंचवटी वास्तव में दोनों एक नगर हैं। गोदावरी दोनों के बीच से बहती है। दोनों ही तटों पर तीर्थों की भरमार है। गोदावरी त्र्यम्बक के पास से निकलती है। वर्षा के बाद यहां बहुत अधिक जल नहीं रहता। गोदावरी पर कई पुल बने हैं। गोदवरी में रामकुण्ड, सीताकुण्ड, लक्ष्मणकुण्ड, धनुषकुण्ड आदि अनेक तीर्थ हैं। स्नान का मुख्य स्थान रामकुण्ड है। रामकुण्ड में कुछ दूरी पर अरुणा की धारा गोदावरी में गिरती है। इसे अरुणा संगम कहते हैं।

## पर्यटन



# सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक मंदिरों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है श्रीशैलम

श्रीशैलम, आंध्र प्रदेश का एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल है, जो अपनी सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक मंदिरों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर भगवान शिव और देवी पार्वती के मंदिर के लिए जाना जाता है, जो भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। श्रीशैलम मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह मंदिर शैव और शक्ति भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है। यहाँ का वास्तुकला अद्भुत है और मंदिर के चारों ओर का वातावरण भक्तों को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है। बाणगंगा जलाशय मंदिर के निकट स्थित है और यहाँ के पानी की पवित्रता को लेकर मान्यता है। श्रद्धालु यहाँ स्नान करके अपने पापों का नाश करते हैं। यहाँ का प्राकृतिक सौंदर्य और शांति पर्यटकों को आकर्षित करता है। श्रीशैलम डेम कृष्णा नदी पर बना एक विशाल बांध है। यह पर्यटकों के लिए एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है। यहाँ से नदी और आसपास के पहाड़ों का दृश्य मनमोहक होता है। पर्यटक यहाँ बोटिंग का आनंद भी ले सकते हैं। यह आश्रम संत राघवेंद्र स्वामी को समर्पित है और यहाँ भक्तों की एक बड़ी संख्या आती है। आश्रम का शांत वातावरण और साधना का स्थान भक्तों के लिए विशेष है। श्रीशैलम का किला ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहाँ की दीवारें और मीनारें एक समय की भव्यता को दर्शाती हैं। किले की चोटी से चारों ओर का दृश्य अद्भुत होता है और यहाँ से सूर्यास्त का दृश्य देखने लायक होता है। यह मंदिर श्रीशैलम के निकट स्थित है और यहाँ की भव्यता और आस्था भक्तों को आकर्षित करती है। यह मंदिर भी भगवान शिव को समर्पित है और यहाँ विशेष उत्सव और मेले आयोजित होते हैं। श्रीशैलम तक पहुँचने के लिए सड़क और रेल दोनों सुविधाएँ उपलब्ध हैं। निकटतम रेलवे स्टेशन मल्लिकार्जुनपुरम है, जबकि सबसे नजदीकी एयरपोर्ट हैदराबाद में है। यहाँ का मौसम पूरे साल यात्रा के लिए उपयुक्त होता है, लेकिन सर्दियों में यहाँ आना विशेष रूप से सुखद होता है। देखा जाये तो श्रीशैलम एक ऐसा स्थान है जहाँ आप धार्मिकता, संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत अनुभव कर सकते हैं।

# तहसील समस्याओं को लेकर बार एसोसिएशन और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आमने-सामने

## अधिवक्ताओं ने जताई नाराज़गी, बड़ा आंदोलन संभव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी । तहसील परिसर में लम्बे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। लेकिन ज्ञापन में दर्ज बिंदुओं को अधिकारियों द्वारा गलत बताए जाने पर अधिवक्ता आक्रोशित होकर उनके कक्ष से बाहर लौट आए। बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों का कहना है कि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने ज्ञापन में दर्ज समस्याओं को एकऽएक कर पढ़ा और लगभग सभी को 'समस्या नहीं' बताते हुए नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर लिखित आवेदन देने का सुझाव दिया, जिसे अधिवक्ताओं ने समस्याओं के समाधान से बचने का तरीका बताया।ज्ञापन में दाखिलऽखारिज में देरी, धारा 80 की फाइलों पर समय से रिपोर्ट न लगना, दुरुस्ती एवं अंश निर्धारण कार्य लंबित रहना, तहसील परिसर में साफऽसफाई की कमी, आदेशों की फीडिंग में लापरवाही तथा निजी कर्मचारियों का न्यायिक कार्यों में दखल जैसे प्रमुख मुद्दे शामिल थे।अधिवक्ताओं ने बताया कि अब समस्याओं को नाम सहित दर्ज कर विस्तृत रूप से पुनः प्रशासन को भेजा जाएगा। इस दौरान बार अध्यक्ष अनिल दीक्षित, महामंत्री सुरेश मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी, सुरेश शास्त्री, अनिल वर्मा, लव कुमार पाठक, अनूप पांडेय, दीपक श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।बार एसोसिएशन का कहना है कि इससे पहले भी बैठक के चलते बायकॉट जारी था, बावजूद इसके एसडीएम कोर्ट में बैठ गई थीं, जिसे उतना गंभीरता से नहीं लिया गया। लेकिन मंगलवार की घटना ने अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश पैदा किया है।बार प्रतिनिधियों ने संकेत दिए हैं कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जल्द ही बड़ा आंदोलन शुरू किया जा सकता है।

# बिजली बिल राहत योजना का राज ने कराया प्रचार-प्रचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। विद्युत उपखण्ड अधिकारी मसौली विमलेश मौर्य के निर्देश पर सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र सिरौलीगौसपुर के अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृत्व में बिजली बिल राहत योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह योजना एक दिसंबर से शुरू हो रही है। इस पहल के तहत उपभोक्ताओं को योजना से संबंधित छूट की जानकारी दी जा रही है और उनसे बकाया जमा करने की अपील की गई है।इस योजना के पहले चरण में उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत ब्याज माफी और मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह चरण एक दिसंबर से प्रभावी होगा।शुक्रवार को बिजली विभाग द्वारा सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसका उद्देश्य लोगों को इस महत्वपूर्ण योजना के बारे में सूचित करना था।अवर अभियंता राज मौर्य ने बताया कि सरकार की इस महत्वपूर्ण ब्याज माफी योजना का प्रचार-प्रसार डिवीजन, सब-डिवीजन और उपकेंद्र स्तर पर किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने उपभोक्ताओं को बताया कि पंजीकरण के लिए 2,000 रुपये का शुल्क देना होगा, जिसे बाद में कुल जमा की जाने वाली धनराशि में समायोजित कर दिया जाएगा।उपभोक्ता विभागीय खंड, उपखंड कार्यालयों, कैश काउंटर, जनसेवा केंद्र, ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। यह जागरूकता अभियान मरकामऊ, बदोसराय, खजूरी, शहरी रामसहाय, बांकीपुर सहित कई गांवों में चलाया जा रहा है।

# जैदपुर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात, सेंटर का भव्य शुभारंभ, भाजपा नेता ने काटा फीता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। जैदपुर क्षेत्र को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. संदीप वर्मा और सेंटर संचालक कुलदीप वर्मा द्वारा स्थापित 'मेडिजोन डायग्नोस्टिक सेंटर' का भव्य उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन समारोह के मुख्य आकर्षण रहे जैदपुर नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद और भाजपा के वरिष्ठ नेता अलीम राईन, जिन्होंने फीता काटकर सेंटर को जनता को समर्पित किया। दोनों प्रमुख व्यक्तियों की मौजूदगी से कार्यक्रम में विशेष उत्साह देखने को मिला।

केंद्र के संचालक कुलदीप वर्मा ने बताया कि नए डायग्नोस्टिक सेंटर में अत्याधुनिक मशीनें, अनुभवी टेक्नीशियन और विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम उपलब्ध रहेगी। सभी जांच रिपोर्ट्स ऑनलाइन मिलेंगी, जिससे मरीजों को सुविधा और समय दोनों की बचत होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के गरीब व जरूरतमंद मरीजों के लिए कई जांचों पर विशेष छूट रखी गई है। अब जैदपुर और आसपास के इलाकों के लोगों को जांच कराने के लिए दूर-दराज के शहरों में भटकना नहीं पड़ेगा। कार्यक्रम में आये भाजपा नेता राजन बक्सोर गुड्डू राईन रेहान अंसारी मास्टर एजाज शुएब राईन वल्लीउर्रहमन टिंकू टेलर निजामु मेम्बर संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, चिकित्सक, समाजसेवी और आमजन उपस्थित रहे।

# रामनगर में दर्दनाक घटना, 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान, क्षेत्र में शोक की लहर

**शुक्ला कॉलोनी के किराए के मकान में मिली युवक की लटकती लाश;**

**परिजनों में कोहराम, पुलिस कारणों की जांच में जुटी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर, बाराबंकी। कस्बा रामनगर के बुढ़वल चौराहा स्थित केनरा बैंक के नीचे शुक्ला कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर एक हृदय विदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। महज 18 वर्ष की उम्र में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में शोक और दहशत का माहौल पसर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रौनक उर्फ वैभव पुत्र रामकिशोर, मूल निवासी ग्राम जफरपुर कटरा, बीते कुछ समय से शुक्ला कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। बताया जाता है कि शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक उसने कमरे के भीतर ही फांसी लगा ली। जब काफी देर तक उसके कमरे का दरवाज़ा नहीं खुला तो आस-पड़ोस के लोगों को शक हुआ। दरवाज़ा तोड़कर अंदर घुसे लोगों ने जब रौनक को फंदे से लटका देखा तो उनके पैरों तले ज़मीन खिसक गई।घटना की सूचना मिलते ही रौनक के परिजन मौके पर पहुंचे। बेटे का निर्जीव शरीर देखकर परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे मोहल्ले में मातम पसर गया और हर किसी की आंखें नम हो गईं।सूचना पर पीआरबी और थाना रामनगर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। युवक ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसके वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा।युवा उम्र में हुई इस दर्दनाक घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रौनक शांत स्वभाव का और मेहनती लड़का था। उसकी असमय मौत ने परिवार सहित पूरे गांव और कस्बे में गहरा शोक पैदा कर दिया है।

# प्रतियोगिता में सीता देवी महाविद्यालय अव्वल क्षेत्र में प्रसन्नता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौली गौसपुर बाराबंकी। सीता देवी महाविद्यालय में अंर्तमहाविद्यालय पुरुष खो-खो प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रामनगर पी.जी. कॉलेज द्वितीय और सुल्तानपुर का गणपत सहाय पी.जी. कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा।कार्यक्रम का संचालन पंकज तिवारी ने किया, जिसका शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. करुणेश तिवारी ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगाना तथा उनके शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक गुणों का विकास करना है। यह प्रतियोगिता डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न महाविद्यालयों में आयोजित की जाती है।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डॉ. आशीष प्रताप सिंह थे, जिन्होंने खेल विषय पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के संरक्षक अवधेश शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने विजयी टीम को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा परिषद, अयोध्या से संजय सिंह, साकेत महाविद्यालय से हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक प्रताप सिंह और जीव विज्ञान विभाग से डॉ. नागेंद्र भी मौजूद रहे।निर्णायक मंडल में सरवरे आलम, अरविंद कुमार यादव, पंकज द्विवेदी, ओम सिंह तिवारी, सुश्री शिखा सिंह, सुशील वर्मा और विपिन कुमार शामिल थे। फाइनल मुकाबला रामनगर पी.जी. कॉलेज और डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की टीमों के बीच हुआ, जिसमें अवध विश्वविद्यालय की टीम विजयी रही।महाविद्यालय की प्रबंधक सुनंदा शुक्ला ने विजेता टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपनिदेशक अभिनव शुक्ला, कृषि संकाय प्रमुख प्रो. ओ.पी. राव, फार्मेसी विभागाध्यक्ष पंकज शुक्ला, डॉ. उमेश चंद और व्यवस्थापक रमाकांत यादव सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। पर्यवेक्षक के रूप में शिव करन सिंह और डॉ. आलोक सिंह उपस्थित रहे। अंत में, महाविद्यालय के निदेशक अभिषेक शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया, विजयी टीम को बधाई दी और पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने असफल रही टीमों को भी हार से सीख लेकर भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

खेल की कमेंट्री रत्नाकर तिवारी ने किया सीता देवी पीजी कॉलेज के टीम कोच उमाकांत अवस्थी थे। इस खेल प्रतियोगिता में महाविद्यालय परिवार के समस्त संकाय के प्राध्यापक उपस्थिति होकर अपना सहयोग प्रदान किया।

# सीडीपीओ ने पढ़ाया अंग्रेजी बताएं प्राप्तांक के गुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। राजकीय इंटर कॉलेज में शुक्रवार का दिन छात्र छात्राओं लिए किसी सरप्राइज से कम नहीं था। सीडीपीओ अरुण कुमार पांडेय कक्षा 12 के छात्रों के बीच स्वयं उपस्थित थे। करीब दो घंटे की रोचक व प्रेरणादायक अंग्रेजी विषय की पढ़ाई के मध्य बच्चों को अनेक सफलता की गुर बता कर उनका उत्साह दोगुना कर दिया। श्री पांडेय ने न सिर्फ अंग्रेजी पढ़ाई, बल्कि बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक पाने के गुर भी बताए। उन्होंने कहा कि सफलता का असली राज नियमित अभ्यास में छिपा है। जितना अधिक प्रश्नों का अभ्यास होगा, उतनी ही परीक्षा में पकड़ मजबूत होगी। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि हर छात्र अपनी व्यक्तिगत समय-सारणी तैयार करे और उसी के अनुसार पढ़ाई करे।

श्री पांडेय ने अंग्रेजी भाषा के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आज की दुनिया में अंग्रेजी सिर्फ एक विषय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संवाद का एक शक्तिशाली माध्यम है। बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि अंग्रेजी में निपुण बनने के लिए सबसे जरूरी है झिझक को दूर करना। उन्होंने उदाहरण दिया कि विदेशी लोग जब हिंदी सीखते हैं तो टूटी-फूटी ही सही, बिना शर्म किए बोलते हैं उसी तरह विद्यार्थियों को भी अंग्रेजी बोलने से डरना नहीं चाहिए।

उनकी बातों से छात्रों में नया आत्मविश्वास जग उठा और पूरी कक्षा उत्साह से भर गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह सहित विद्यालय के कई शिक्षक मौजूद रहे।

# पशु आरोग्य मेला, विधायक की सहभागिता से बढ़ा उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरसेठू ग्राम पंचायत हसुआपारा में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा रहे, जिनकी उपस्थिति से मेले में आए ग्रामीणों व पशुपालकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन को मजबूत बनाना, पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना और किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है। उन्होंने चिकित्सकों की टीम की सेवाओं की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे और मेले आयोजित कराने की आवश्यकता पर बल दिया। मेले में पशुपालकों के निरोगी पशुधन, वैज्ञानिक देखभाल और बेहतर पालन-पोषण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पशु चिकित्सा विभाग की विशेषज्ञ टीम ने विभिन्न सेवाएँ प्रदान कीं।चिकित्सकों की टीम ने पशुओं की जांच, उपचार, टीकाकरण, दवा वितरण और बीमारियों की रोकथाम संबंधी विस्तृत सलाह देकर लोगों को जागरूक किया। पशुपालकों ने भी बढ़ चढ़कर अपने पशुओं की जांच कराई और महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेपी मंडल अध्यक्ष योगेंद्र पटेल ने की।इस मौके पर डॉक्टर संजय कुमार सिंह, डॉ बसंत राव पाटिल,भाजपा पदाधिकारी दीपकसिंह,पशुधन प्रसार अधिकारी जयराम वर्मा भूपेंद्र सिंह एवं शिवमंगल सिंह फार्मासिस्ट पूतन सिंह उपस्थित रहे।

## लेखपाल की मौत, संघ आक्रोशित, जांच की मांग

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सिरौलीगौसपुर लेखपाल संघ अध्यक्ष शुभेन्द्र अवस्थी के नेतृत्व में संघ ने फतेहपुर जिले में तैनात लेखपाल सुधीर कुमार की संदिग्ध मौत के मामले में अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सुधीर कुमार को अवैध रूप से निलंबित किया गया था और उन्हें छुट्टी नहीं दी जा रही थी, जिसके कारण उन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।सुधीर कुमार की शादी 26 नवंबर 2025 को तय थी। उन्होंने कई बार छुट्टी के लिए आवेदन किया, लेकिन तहसील अधिकारियों ने एसआईआर ड्यूटी का हवाला देते हुए छुट्टी देने से इनकार कर दिया। 22 नवंबर 2025 को एसआईआरओ की बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण सुधीर कुमार को निलंबित कर दिया गया था।लेखपाल संघ के अनुसार, 25 नवंबर 2025 को एक डिप्टी कलेक्टर ने सुधीर कुमार के घर जाकर उनसे पैसे की मांग की और धमकी दी कि पैसे न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। संघ का दावा है कि इसी मानसिक दबाव और धमकी के कारण सुधीर कुमार ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।संघ ने यह भी आरोप लगाया कि सुधीर कुमार की बहन द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है और शव को उठाने में भी देरी की जा रही है। लेखपालों ने मांग की है कि इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

## एक और ब्रिज की तैयारी, हादसे के बाद चेता रेलवे महकमा

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुढ़वल फतेहपुर मार्ग स्थित पुराने रेलवे ओवरब्रिज पर बढ़ती दुर्घटनाओं और हाल ही में ट्रेन पर डंपर गिरने से हुए बड़े हादसे के बाद रेलवे सक्रिय हो गया है।हादसे में सात घंटे रेल संचालन ठप रहा और 25 ट्रेनें प्रभावित हुई थीं।बुधवार को रेलवे की तीन सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने पुल का विस्तृत निरीक्षण किया।जांच में पाया गया कि पुल मात्र तीन मीटर चौड़ा है जो वर्तमान यातायात के लिए पर्याप्त नहीं है। इसी कारण पुराने पुल के बगल एक नया ओवरब्रिज बनाने पर विचार किया जा रहा है।तकनीकी रिपोर्ट के बाद निर्माण पर निर्णय लिया जाएगा फिलहाल रेलवे ने क्षतिग्रस्त ट्रैक की मरम्मत कर दोपहर तक आवागमन सुचारू कर दिया।





# मुस्कान के साथ गलतियों को स्वीकारते हुए वर्तमान पर फोकस करना जीत का मंत्र : तीरंदाज अंशिका

एजेंसी

जयपुर। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 की महिला रिकर्व फाइनल में अंशिका कुमारी का दूसरा सेट बेहद खराब रहा। आमतौर पर ऐसी शूटिंग किसी भी तीरंदाज के आत्मविश्वास को हिला सकती है, लेकिन लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) की 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने चेहरे पर मुस्कान बनाए रखते हुए कोचों से बात की और सकारात्मक सोच के सहारे अगले दो सेट आसानी से जीतकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा लिया। अंशिका का यही रवैया न सिर्फ इस फाइनल में उनकी जीत की कुंजी बना, बल्कि पिछले 12 महीनों में उनके करियर की दिशा बदलने में भी बड़ी भूमिका निभा रहा है। अंशिका ने साई मीडिया से कहा, ञएक समय था जब मैं हर हारे हुए मैच के बाद हंस देती थी और सोचती थी कि यह भी नहीं था मेरे लिए, अब इससे बुरा क्या होगा। चलो अगले पर




फोकस करो। दिन के अंत में बात सिर्फ वर्तमान पर ध्यान रखने की है–एक-एक तीर पर ध्यान देने की, और तनाव को मुस्कान में उड़ाने की। यही मैंने फाइनल में किया। दूसरे सेट में क्या गलत हुआ, इस पर अंशिका ने बताया कि वह यह समझ नहीं पा रही थीं कि उनका तीर टारगेट पर कहां लगा क्योंकि उनके कोच के पास उस समय टेलीस्कोप नहीं था। उन्होंने कहा, ञउस सेट के बाद हमें टेलीस्कोप मिला, लेकिन मैंने तब तक सिर्फ सांसों और अगले तीर पर फोकस किया। खुश हूं कि अंत में जीत पाई।ठ अंशिका कहती हैं, ञमैंने अपनी हर असफलता से सीखा और हर हारे हुए मैच को तकनीक सुधारने का मौका बनाया।ठ इसी सीख का फायदा उन्हें इस साल तीनों विश्व कप में भाग लेने का अवसर मिला।

अंशिका मूल रूप से बिहार की हैं, लेकिन पिता के भारतीय नौसेना में होने के कारण देशभर में रहीं। यह स्थिरता उन्हें एक दिन में नहीं मिली। मुंबई के स्कूल में तीरंदाजी शुरू करने के बाद शुरुआती सफलताओं ने उम्मीदें बढ़ाईं, मगर राष्ट्रीय टीम की जगह उन्हें बार-बार छूटती रही। स्कूल गेम्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के नेशनल्स में स्वर्ण जीतने वाली पहली केंद्रीय विद्यालय की तीरंदाज बनने के बाद उन्होंने साई अकादमी के ट्रायल दिए और फिर वहीं प्रशिक्षण शुरू किया। कुछ ही वर्षों में साई कोलकाता में चयन तक का सफर तय करने के बावजूद राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिल रही थी। हालांकि, यह वर्ष उनके लिए निर्णायक साबित हुआ। जयपुर में भी उन्होंने यही मानसिकता दिखाई। व्यक्तिगत फाइनल के तुरंत बाद मिश्रित टीम इवेंट में उनका प्रदर्शन औसत रहा और वे स्वर्ण से चूक गईं। लेकिन वहीं उन्होंने अपने ड्रॉ टेक्नीक पर काम किया और एलपीयू को रिकर्व टीम का स्वर्ण दिलाकर प्रतियोगिता का समापन किया। हाल ही में खेले इंडिया ज़ोनल ओपन जीतने वाली अंशिका अब 2026 में अपनी रैंकिंग और प्रदर्शन को और ऊंचा ले जाने पर ध्यान दे रही हैं। उनका अगला बड़ा लक्ष्य–एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में जगह पाना।

# यूपी स्टेट बिलियर्ड्स एंड स्नूकर चैम्पियनशिप : अभिषेक अजहर, यूसुफ, गौतम और दाऊद ने अगले दौर में बनाई जगह

एजेंसी

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश बिलियर्ड्स और स्नूकर एसोसिएशन (यूपीबीएसए) के तत्वावधान में आयोजित राजा राम कुमार भार्गव स्मृति राज्य स्तरीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैम्पियनशिप में प्रयागराज के अभिषेक केसरवानी, अजहर अमन, यूसुफ मतलूब और गौतम सिंह ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बना ली है। बिशप जॉर्ज स्कूल एंड कॉलेज में शुक्रवार को प्रतियोगिता के चौथे दिन का पहला मैच प्रयागराज के अभिषेक केसरवानी और कानपुर के ओवैस वारसी के बीच खेला गया। अभिषेक ने अपनी क्यूइंग स्किल्स से सबको हैरान करते हुए लगातार तीन फ्रेम में 3-0 से हराया। पहले फ्रेम से ही अभिषेक टेबल पर पूरी तरह से नियंत्रण में थे और कई खूबसूरत शॉट खेलते हुए फ्रेम 54-39 से जीत लिया। अगले फ्रेम में ओवैस ने नुकसान की भरपाई करने की कोशिश की, लेकिन एक ब्राउन शॉट चूक



गए और अभिषेक को मौका मिला, जहां से उन्होंने पूरी तरह सफाया करते हुए फ्रेम 63-15 से जीत लिया। तीसरे फ्रेम तक ओवैस बहुत ज़्यादा दबाव में थे और उन्होंने रक्षात्मक खेलने की कोशिश की और 53 अंक बनाए, लेकिन अभिषेक ने ब्लू पिंक और आखिरी ब्लैक को पॉट करने में जो सटीकता दिखाई, उससे वह जीत से बहुत दूर रहे।

प्रयागराज के कासिफ उमर और अजहर अमन के बीच मैच का फैसला अजहर के पक्ष में गया, जिसमें उन्होंने कासिफ को 61-34, 53-30, 43-70, 55-20 से हराया। प्रयागराज के यूसुफ मतलूब ने लखनऊ के दिलशाद अंसारी को 3-0 से हराया। यूसुफ ने पहला फ्रेम 63-48 से जीता। दिलशाद ने अगले फ्रेम में शानदार वापसी की और 75 का स्कोर बनाया। यूसुफ ने अगले 2 फ्रेम 72-41 और 78-45 से जीते और अगले राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। प्रयागराज के अली जहेब ने प्रयागराज के ही फरहान अली को 70-62, 62-43 व 59-25 से हराया। अन्य मैच में लखनऊ के गौतम सिंह ने प्रयागराज के ऋषि सोनी को लगातार तीन फ्रेम में 58-20, 66-8, 48-15 से हराया। वाराणसी के मोहम्मद दाऊद ने प्रयागराज के हर्षित श्रीवास्तव को 52-41, 51-43, 36-67, 54-59, 68-2 से हराया।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी: सुपर ओवर में अंशुल कम्बोज का कहर हरियाणा ने पंजाब को रोमांचक मुकाबले में हराया

एजेंसी

हैदराबाद । सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में शुक्रवार को हरियाणा ने पंजाब को सुपर ओवर में मात दी। दोनों टीमों ने 20-20 ओवर में 207 रन बनाए, जिसके बाद मैच का फैसला सुपर ओवर से हुआ। हरियाणा की मजबूत बल्लेबाजी टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की शुरुआत तेज रही। कप्तान अंकित कुमार ने सिर्फ 26 गेंदों में तूफानी 51 रन बनाए और टीम को तेज शुरुआत दिलाई। मिडिल ओवरों में निशांत सिंधु ने नाबाद 61 रन (31 गेंद) बनाकर पारी को संभाला। अंत में सुमित कुमार ने 28 रनों की त्वरित पारी खेलकर हरियाणा का स्कोर 207/9 तक पहुंचाया। पंजाब की ओर से अश्वनी कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 4




ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत डगमगाती रही। अभिषेक शर्मा 6 रन पर और प्रभसिमरन सिंह 20 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को अंशुल कम्बोज ने पवेलियन भेजा। हालांकि, इसके बाद अनमोलप्रीत सिंह ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों पर 81 रन जड़कर टीम को वापसी दिलाई। अंतिम ओवरों में संवीर सिंह ने 16 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाकर मैच को रोमांचक मोड़ पर पहुंचाया और पंजाब को 207 के स्कोर तक ले जाकर मुकाबला टाई करा दिया। सुपर ओवर में पंजाब की उम्मीदें शुरुआत में ही टूट गईं। अंशुल कम्बोज ने पहली दो गेंदों पर अभिषेक शर्मा और संवीर सिंह को शून्य पर आउट कर दिया। दो गेंदों में दो विकेट गिरने के बाद पंजाब केवल 1 रन ही बना सका। हरियाणा को जीत के लिए सिर्फ 2 रन चाहिए थे ।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड्स : चीन को मिला मेंबर फ़ेडरेशन अवॉर्ड

एजेंसी

नई दिल्ली। चीन को वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड्स 2025 के तहत प्रतिष्ठित मेंबर फ़ेडरेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड उस सदस्य संघ को दिया जाता है, जिसने पूरे वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल के विकास और प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। छह फ़ेडरेशनों की शॉर्टलिस्ट में से वर्ल्ड एथलेटिक्स एक्ज़िक्यूटिव बोर्ड ने चीन को विजेता चुना। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विजेता संघ ने कहा, ञहम वर्ल्ड एथलेटिक्स के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। यह सम्मान हमारे कार्यों की पूर्ण स्वीकृति है।ठ संघ ने बताया कि वर्ष 2025 में नानजिंग वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप और ग्वांगझू वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले की सफलता ने चीन की प्रोफ़ेशनल आयोजन क्षमता और एथलेटिक्स के प्रति जुनून को दुनिया के सामने रखा। आने वाले वर्षों में बीजिंग और यांगझोउ में 2027 में होने वाले वर्ल्ड एथलेटिक्स कंग्रेस, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप और वर्ल्ड एथलेटिक्स रोड रनिंग चैंपियनशिप के आयोजन में पूरा सहयोग देने की बात भी कही। चाइनीज़ एथलेटिक्स एसोसिएशन ने 2025 में पांच प्रमुख क्षेत्रों, संस्थागत नवाचार, इवेंट एन्हांसमेंट, युवा विकास, लैंगिक समानता और वाणिज्यिक सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति की। वर्ष के दौरान चीन ने दो बड़े वर्ल्ड एथलेटिक्स सीरीज़ इवेंट, वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप नानजिंग 2025 और वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले ग्वांगझू 2025 सफलतापूर्वक आयोजित किए। इसके अलावा, बीजिंग ने सीज़न की अंतिम कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड मीटिंग की मेजबानी की, जबकि श्यामेन और शाओशिंग/केकियाओ में दो डायमंड लीग प्रतियोगिताएँ भी हुईं। तीन प्लेटिनम लेबल रोड रेस और एक वर्ल्ड रेस वॉकिंग टूर गोल्ड इवेंट में भी दुनिया भर से खिलाड़ी चीन पहुंचे। एसोसिएशन ने देशभर में सैकड़ों ट्रैक एंड फील्ड और रोड इवेंट आयोजित किए, जिनमें कुल 60 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बच्चों के लिए वर्ल्ड एथलेटिक्स किड्स' एथलेटिक्स रिले अराउंड द वर्ल्ड चैलेंज का फाइनल ग्वांगझू में हुआ। खिलाड़ी सुरक्षा और अधिकार संरक्षण के लिए नए उपाय लागू किए गए, महिलाओं की भागीदारी और प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी हुई और दो राष्ट्रीय स्तर की ऑफिशियल ट्रेनिंग कोर्स के बाद 346 अधिकारियों को वर्ल्ड एथलेटिक्स ब्रॉन्ज लेवल सर्टिफिकेशन मिला। चाइना मोबाइल के साथ साझेदारी में शीर्ष स्तरीय रोड रेसों में ब्रांडिंग, तकनीक और संचार को और उन्नत किया गया, जिससे संघ-निजी सहयोग का नया मॉडल स्थापित हुआ।

वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड्स की अन्य घोषणाएँ इस सप्ताहांत होंगी, जबकि वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर और राइजिंग स्टार अवॉर्ड 30 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

# लाल निशान पर बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स 13 अंक टूटा

एजेंसी

नई दिल्ली । वृहद-आर्थिक आंकड़े आने के पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे वाले कारोबार में लाल निशान पर बंद हुआ।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसक्स 13.71 अंक यानी 0.016 फीसदी टूटकर 85,706.67 के स्?तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 85,969.89 के ऊपरी और 85,577.82 अंक के निचले स्तर को छुआ। नेशनल स्?टॉक एक्?सेंचज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 12.60 अंक यानी 0.048 फीसदी गिरकर 26,202.95 के स्?तर पर बंद हुआ है। 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में




से पावर ग्रिड, इटर्नल, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट रही। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। इसके अलावा एशिया के अन्य शेयर बाजारों में शामिल दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंग सेंग नीचे बंद हुए, जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक बढ़त में रहे। यूरोप के अधिकांश शेयर बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। एक दिन पहले गुरुवार को सेंसेक्स 110.88 अंक यानी 0.13 फीसदी उछलकर 85,720.38 अंक के स्?तर पर बंद हुआ था। एनएसई का निफ्टी भी कारोबार के अंत में 10.25 अंक यानी 0.039 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 26,215.55 के स्तर पर बंद हुआ था।


## उत्तर रेलवे

### ई– ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य / उ०रे० |
|---|---|
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-AMS-Toi-112-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-GRMR-Toi-124-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-KHNM-Toi-125-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-BHDR-Toi-126-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-MBLP-Toi-117-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-PRF-Toi-121-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-UTR-Toi-118-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-HGH-Toi-119-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-JTU-Toi-114-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-AJ-Toi-115-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-SAW-Toi-122-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 13:10 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-MKG-Toi-111-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 13:20 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-HRN-Toi-113-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 13:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-PQN-Toi-123-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 13:40 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-LGO-Toi-127-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 13:50 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-AMG-Toi-116-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 14:00 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-VYN-Toi-120-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 14:10 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-BTKD-Toi-142-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-BTP-Toi-145-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-MFKA-Toi-139-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-LBA-Toi-141-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-KEPR-Toi-140-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-ZBD-Toi-146-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-KSF-Toi-147-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-MAY-Toi-144-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Pnu-LKO-SOP-Toi-143-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 12:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: C/189-09-24-Pay & Use-MKG-AK Dt. 27.11.2025 3691/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नेतृत्व परिवर्तन के लिए प्रतीक्षारत, कोई जल्दबाजी नहीं: शिवकुमार

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कथित तौर पर स्वीकार किया है कि वह नेतृत्व परिवर्तन का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन साथ ही जोर दिया कि उन्हें 'किसी बात की जल्दी नहीं है।'

उपमुख्यमंत्री ने इस बात का खंडन किया कि उनकी मुंबई यात्रा राजनीतिक रूप से प्रेरित थी। उन्होंने अपनी हालिया टिप्पणी को भी दोहराया कि 'शब्द की ताकत ही दुनिया की ताकत है। श्री शिवकुमार ने मुंबई में एक पारिवारिक समारोह में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए स्पष्ट किया कि उनकी यात्रा का कोई राजनीतिक निहितार्थ नहीं था। उन्होंने कहा, ''कोई बैठक नहीं है। मैं एक पारिवारिक समारोह के लिए आया हूँ। मुझे किसी बैठक के लिए मुंबई क्यों आना चाहिए? अगर कोई बैठक होगी, तो वह बेंगलुरु या दिल्ली में होगी।'' उन्होंने यह भी कहा कि वह कार्यक्रम के तुरंत बाद वापस जा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के भीतर नेतृत्व की चर्चाओं के संबंध में क्या उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खरगे से बात की है, इस बारे में बार-बार पूछे जाने पर, श्री शिवकुमार ने जवाब दिया, ''नहीं, नहीं। वे मेरे नेता हैं। मुझे किसी बात की जल्दी नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने अपने 'शब्द की ताकत ही दुनिया की ताकत है' वाले बयान को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह टिप्पणी सार्वजनिक संचार के साथ आने वाली जिम्मेदारी को उजागर करने के लिए संविधान दिवस के संबोधन के दौरान की गई थी। उन्होंने कहा, ''जो कुछ न्यायाधीश बोलते हैं, जो कुछ राजनेता बोलते हैं, जो कुछ मैं बोलता हूँ वह बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने अधिवक्ताओं से कहा था कि जब आप कोई संदेश देते हैं, तो आपको सावधान रहना चाहिए। हम जो कुछ भी बोलते हैं, उसमें इस दुनिया में शक्ति होती है। श्री शिवकुमार ने कहा कि मीडिया भी अपने शब्दों के चुनाव के माध्यम से जनता की समझ को आकार देता है। उन्होंने कहा, ''आपके एंकर या रिपोर्टर जो कुछ भी बोलते हैं वह महत्वपूर्ण है।

# भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए व्यापक सुधार विकल्प नहीं बल्कि रणनीतिक जरूरत: राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद सहित विभिन्न क्षेत्रीय चुनौतियों के बीच सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत बनाने के लिए सेनाओं सहित सभी संस्थाओं में व्यापक सुधारों पर जोर देते हुए कहा है कि ये विकल्प नहीं बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है।

श्री सिंह ने शुक्रवार को यहां सेना द्वारा आयोजित सेमिनार 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग' को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम दुनिया के माहौल और अपने पड़ोस की असलियत को देखते हैं, तो एक बात बहुत साफ़ हो जाती है, हम भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए पुरानी व्यवस्था पर भरोसा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, ''दुनिया बहुत तेज़ी से बदल रही है और खतरे जटिल रूप ले रहे हैं । इसीलिए सुधार अब कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक रणनीतिक ज़रूरत बन गए हैं।'' श्री सिंह ने भारत को नए दौर के लिए तैयार करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि इन सुधारों की बदौलत ही भारत सशक्त, सुरक्षित और विकसित बनेगा। उन्होंने कहा, ''जब हम 'सुधार से बदलाव' की बात करते हैं, तो हम सिर्फ़ प्रक्रिया या नीति की बात नहीं कर रहे होते। हम सिर्फ़ मौजूदा हालात में बदलाव की बात नहीं कर रहे होते। हम भारत को एक नए दौर के लिए तैयार करने की बात कर रहे हैं जो इसे सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत में बदल देगा।'' सुधारों के महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ''रिफॉर्म हमारे इंस्टीट्यूशन की एडैप्टेबिलिटी को मज़बूत करते हैं, हमारे सशस्त्र बलों की फुर्ती बढ़ाते हैं और देश को अपनी किस्मत खुद बनाने का विश्वास देते हैं।'' श्री सिंह ने भारत के समक्ष आतंकवाद सहित विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा, '' भारत एक



ऐसे इलाके में रहता है जहाँ कई तरह की चुनौतियाँ सामने आती हैं - आतंकवाद, अराजक तत्वों को सीमा पार से समर्थन, ससीमाओं को बदलने की कोशिशें, मैरीटाइम प्रेशर और यहाँ तक कि सूचना युद्ध भी। ये मुश्किल हालात हैं जिनके लिए लगातार सावधानी और मकसद की साफ-सफाई की ज़रूरत होती है।'' रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि सुरक्षित भारत के बिना हम विकसित भारत नहीं बना सकते। सशक्त भारत के बिना हम सुरक्षित भारत नहीं बना सकते। यही वह श्रृंखला है जो हमारी राष्ट्रीय उम्मीदों को एक साथ जोड़े रखती है। लेकिन बदलती दुनिया में इस श्रृंखला को मज़बूत बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'रेज़िलिएंस' यानी किसी भी स्थिति के अनुसार ढलने तथा उससे निपटने की क्षमता विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा, ''रेज़िलिएंस का यह आइडिया सिर्फ़ थ्योरी पर आधारित नहीं है। इसे हमारे रिफ़ॉर्म्स, हमारे इंस्टीट्यूशन्स और हमारी नेशनल स्ट्रैटेजी को गाइड करना चाहिए। हमें रेज़िलिएंस बनाने की दिशा में इन सुधारों पर फ़ोकस करना चाहिए। मुझे पूरा भरोसा है कि आप सभी जो यहाँ इकट्ठा हुए हैं, आज अपनी बातचीत में इस सोच को आगे बढ़ाएँगे। और जब हम रेज़िलिएंस बनाने की बात करते हैं, तो उस रेज़िलिएंस का सबसे मज़बूत पिलर, बिना किसी शक के, हमारी आर्म्ड फ़ोर्सेज़ हैं।'' उन्होंने कहा कि जब भी एक मज़बूत, सुरक्षित और विकसित भारत की बात होती है तो सबसे पहले सशस्त्र बलों की भूमिका याद आती है। उनकी हिम्मत, अनुशासन और प्रतिबद्धता राष्ट्रीय सुरक्षा की रीढ़ हैं। उनका योगदान सीमाओं की रक्षा करने से कहीं ज़्यादा है। उन्होंने कहा, ''हमारे सशस्त्र बल वहाँ स्थिरता लाती हैं जहाँ इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत होती है। इसीलिए सशस्त्र बलों में सुधार और आधुनिकीकरण केवल प्रशासनिक काम नहीं हैं बल्कि भारत के दीर्घावधि भविष्य में निवेश हैं।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार सशस्त्र बलों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा, ''हम सुरक्षा और संपर्क दोनों को सपोर्ट करने के लिए सीमाओं और समुद्री ढांचा का सुविधाओं को मजबूत कर रहे हैं। हम नए प्लेटफॉर्म, प्रौद्योगिकी और स्ट्रक्चर के ज़रिए सेनाओं को आधुनिक बना रहे हैं।

# हमने देखा है कि कैसे व्यापार का 'हथियार की तरह इस्तेमाल' किया गया है : गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को कहा कि व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्वसनीय साझेदारों का होना जरूरी है। श्री गोयल यहां उद्योग मंडल फिक्की की 98वीं वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वाणिज्य मंत्री ने किसी देश का नाम लिये बिना कहा, ''पिछले कुछ समय से हमने व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल होते देखा है। हमने अनुभव किया है कि दुनिया में विश्वसनीय साझेदारों का होना कितना जरूरी है, उन देशों के साथ काम करना कितना जरूरी है जो निष्पक्ष व्यापार और परस्पर समान अवसर में विश्वास करते हैं।'' उन्होंने व्यापार समझौतों को लेकर सरकार की नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर काम कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन , चार विकसित यूरोपीय देशों से यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ ( ईएफटीए) के साथ एफटीए पहले ही किया जा चुके हैं। मारीशस के साथ विस्तृत आर्थिक भागीदारी का समझौता किया गया है। उन्होंने कहा, ''इस समय हम दुनिया के लगभग 50 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 14 देशों / देशो के समूहों के साथ बातचीत कर रहे हैं। हमारा ध्यान ऐसे महत्वपूर्ण देशों पर है जहां हम एक-दूसरे के पूरक हैं। वाणिज्य मंत्री ने बताया कि कनाडा के साथ अगले सप्ताह व्यापार वार्ता शुरू होगी। दोनों देश एक वृहद आर्थिक सहयोग समझौता करने पर विचार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस विषय में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की हाल में दक्षिण अफ्रीका में जी20 शिखर बैठक के दौरान अलग से हुई बातचीत में इस तरह के समझौते की लिए बातचीत करने पर सहमति बनी है। उन्होंने बताया कि ओमान से बातचीत चल रही है, जबकि बहरीन और कतर भी भारत के साथ वार्ता करना चाहते हैं। जीसीसी (खाड़ी सहयोग परिषद) अपने सभी छह सदस्य देशों के साथ भारत के साथ समझौते के लिए इच्छुक है। न्यूजीलैंड से भी बात चल रही है और साथ ही ऑस्ट्रेलिया के साथ दूसरे चरण के समझौते पर समानांतर चर्चा चल रही है। उन्होंने बताया कि दक्षिण अफ्रीका और दक्षिणी अफ्रीका के देशों के समूह ने भी वार्ता की इच्छा जतायी है। श्री गोयल ने आगे कहा कि भारत आसियान और दक्षिण कोरिया के साथ मौजूदा एफटीए की समीक्षा कर रहा है ताकि अधिक संतुलन लाया जा सके। अमेरिका और 27 देशों वाले यूरोपीय संघ के साथ भी व्यापार समझौते के लिए गहन चर्चा चल रही है। हाल ही में यूरेशिया के साथ वार्ता शुरू हुई है । इजराइल के साथ भी बहुत जल्द बातचीत शुरू होगी जिसके पिछले सप्ताह ही वार्ता की रूप रेखा को अंतिम रूप दिया गया है। मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भरता भारत की विकास गाथा के केंद्र में होगी। यह हमारे डीएनए में है और अब एक सामूहिक मिशन बन चुका है। जब-जब संकट आया भारत की विकास गति बढ़ी है - चाहे पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद दुनिया द्वारा लगाये गये प्रतिबंध हों या कोविड-19 का समय।

# एसआईआर पर चुनाव आयोग से मिला तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल, प्रक्रिया पर उठाये गंभीर सवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच शुक्रवार को यहां चुनाव आयोग के साथ मैराथन बैठक की और इस दौरान पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मियों की सुरक्षा का मुद्दा विशेष रूप से उठाया। पार्टी के नेता एवं राज्यसभा सदस्य डेरेक ओब्रायन ने नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस की टीम ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों आयुक्तों -डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जारी के साथ दो घंटे की लंबी बातचीत में एसआईआर के साथ ही अन्य मुद्दों पर लंबी बातचीत की तथा एसआईआर के खिलाफ कई कड़े आरोप लगाये। पार्टी ने एसआईआर प्रक्रिया को 'बिना योजना के किया जा रहा एक खतरनाक काम ' बताया।

श्री ओब्राय ने बैठक से निकल कर प्रतीक्षारत संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उनकी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से सीधे पश्चिम बंगाल में अब तक 39 बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की मौत का मुद्दा उठाया। उनके अनुसार इन सभी बीएलाओ एसआईआर का काम करते हुए हुई। श्री ओब्रायन ने कहा, 'हमने सीधे उनके मुंह पर बोला कि आप के हाथ खून से सने हैं।' उन्होंने कहा कि आयोग के पास तृणमूल कांग्रेस के किसी सवाल का जवाब नहीं था। उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त प्रतिनिधिमंडल के सामने करीब एक घंटे तक बोले लेकिन उन बीएलओ की मौतों की जिम्मेदारी किसकी है इस पर कोई स्पष्ट बात नहीं कही। तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उनकी पार्टी सैद्धांतिक रूप से एसआईआर के विरुद्ध नहीं है लेकिन यह काम जिस तरह से किया जा रहा है वह ठीक नहीं है। उन्होंने पूरी प्रक्रिया को 'बिना योजना के' और 'बेदर्दी' के साथ किया जा रहा काम बताया और आरोप लगाया कि इससे फील्ड में जाने वाले अधिकारियों पर काम का बड़ा बोझ उत्पन्न हो गया है। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि यह बड़ी अजीब बात है कि चुनाव आयोग को पश्चिम बंगाल में इतनी संख्या में बीएलओ के मरने की जानकारी ही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर में बहुत ज्यादा सख्ती हो जारी है और यह सब भाजपा के कहने पर किया जा रहा है। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने इसी सप्ताह मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिख कर एसआईआर प्रक्रिया में तथाकथित अनियमिततओं और बूथ स्तरीय अधिकारियों पर दबाव की शिकायत की थी।

## उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनावों को दी अनुमति

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ने की अनुमति दे दी हालांकि यह स्पष्ट कर दिया कि परिणाम राज्य के संशोधित अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को चुनौती देने वाले मामले के अंतिम नतीजे पर निर्भर करेंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने बांठिया आयोग की रिपोर्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए एक नए आरक्षण ढांचे को लागू करने के महाराष्ट्र के फैसले पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने निर्देश दिया, ''नगर पंचायतों और नगर निगमों के चुनाव होंगे। हालांकि, 40 नगर निगमों और 17 नगर पंचायतों के परिणाम अंतिम फैसले के अधीन रहेंगे। पिछले सप्ताह, उच्चतम न्यायालय ने उन खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी कि उसके पहले के निर्देशों की गलत व्याख्या की जा रही है।

# कांग्रेस मुक्त भारत बनाने में जुटे उसकी ही पार्टी के कार्यकर्ता : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने आज कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता ही कांग्रेस मुक्त भारत बनाने में जुटे हुए हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से अपने ही संघर्ष में उलझी हुई है। कर्नाटक में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री कुर्सी की लड़ाई में व्यस्त हैं, वहीं बिहार में कार्यकर्ता गांधी-वाड्रा परिवार पर टिकट चोरी का आरोप लगा रहे हैं, जबकि जम्मू-कश्मीर में कोई भी नेता कांग्रेस का प्रवक्ता बनने को तैयार नहीं है।

श्री भंडारी ने दावा किया कि कि कांग्रेस के अपने ही कार्यकर्ता पार्टी की राजनीति पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी तथ्य दर्शाते हैं कि आज कांग्रेस मुक्त भारत बनाने के लिए कांग्रेस के अपने ही कार्यकर्ता सक्रिय हैं। श्री भंडारी ने दावा किया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता मानते हैं कि गांधी-वाड्रा परिवार के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक जमानत हमेशा जब्त होती रही है और आगे भी होती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कई लोग भ्रष्टाचार की लड़ाई में लगे हैं, कहीं प्रवक्ता ढूंढने की लड़ाई में हैं, और कई टिकट चोरी की लड़ाई है। जिसके कारण आज कांग्रेस के ही कार्यकर्ता गांधी-वाड्रा परिवार के खिलाफ खुलकर आवाज उठा रहे हैं। श्री भंडारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, कांग्रेस मुक्त भारत की दिशा में आज उसकी पार्टी के ही कार्यकर्ता सक्रिय हैं।

श्री भंडारी ने कहा कि आज कांग्रेस के कार्यकर्ता गांधी-वाड्रा परिवार के खिलाफ खुलकर खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक से लेकर जम्मू-कश्मीर और बिहार के कांग्रेस के कार्यकर्ता तक यह स्वीकार करते हैं कि जब तक वे गांधी-वाड्रा परिवार मुक्त कांग्रेस नहीं बनाएंगे, उनका राजनीतिक जीवन अधूरा रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि आज कांग्रेस पार्टी एक पॉलिटिकल फ्रेंचाइजी बन चुकी है, जिसमें कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का गांधी-वाड्रा परिवार के नेतृत्व पर कोई विश्वास नहीं है।

# कुलपति नियुक्ति का मामला: सुप्रीम कोर्ट ने केरल के राज्यपाल को लगायी फटकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने ए.पी.जे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय और यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिजिटल साइंसेज, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर न्यायाधीश (सेवानिवृत्त ) सुधांशु धूलिया की ओर से पेश की गयी रिपोर्ट पर कार्रवाई में देरी करने के लिए शुक्रवार को केरल के राज्यपाल को कड़ी फटकार लगायी।

न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि राज्यपाल राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं और उनसे उम्मीद की जाती है कि वह समिति की सिफारिशों पर बिना किसी और देरी के फैसला लेंगे। राज्यपाल मामले को अनिश्चित काल तक लंबित नहीं रख सकते।

शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी न्यायाधीश धूलिया की रिपोर्ट की स्थिति की समीक्षा के दौरान की।

गौरतलब है कि न्यायाधीश धूलिया को उप कुलपतियों की नियुक्तियों की कानूनी मान्यता और औचित्य की जांच करने का काम सौंपा गया था। पीठ ने कहा कि मामले का समय पर समाधान होना चाहिए, खासकर इसलिए क्योंकि लंबे समय तक अनिश्चितता विश्वविद्यालय के कामकाज पर असर डालती है। सितंबर में अटॉर्नी जनरल ने न्यायालय को केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर की एक अर्जी के बारे में जानकारी दी थी, जिसमें दोनों विश्वविद्यालय में नियमित कुलपति नियुक्त करने के लिए बनी तलाश सह चयन समिति से मुख्यमंत्री को हटाने की मांग की गयी थी। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के मामले में एक बाद के आदेश की ओर इशारा किया था, जिसमें राज्यपाल के अधिकार को नियुक्त करने वाले अधिकारी के तौर पर बहाल किया गया था और कहा कि केरल में स्थिति स्पष्ट नहीं है कि कुलपतियों को चुनने की प्रक्रिया में आखिरी फैसला किसका होगा। राज्यपाल ने नियुक्ति प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले शीर्ष अदालत के 18 अगस्त के आदेश में बदलाव की भी मांग की थी। याचिका में उन्होंने कुलपतियों का चयन करने वाली समिति से मुख्यमंत्री को बाहर रखने, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नॉमिनी को शामिल करने और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के अल्फाबेटिकल पैनल में से चुनने के लिए कुलाधिपति की मर्ज़ी को बनाए रखने की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि पश्चिम बंगाल राज्य बनाम सनत कुमार घोष पर उच्चतम न्यायालय का पहले का भरोसा गलत था क्योंकि केरल के कानून, पश्चिम बंगाल के कानूनों के उलट कुलपति की नियुक्ति में राज्य सरकार या मुख्यमंत्री को कोई भूमिका नहीं देते हैं। इस दौरान राज्यपाल ने प्रो. डॉ. श्रीजीत बनाम डॉ. राजश्री (2023) के मामले का भी उल्लेख किया था।

इसके बाद शीर्ष अदालत ने 18 अगस्त को, राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव को खत्म करने के लिए न्यायाधीश धूलिया को तलाश एवं चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था। न्यायालय ने कहा था कि प्रसासनिक और राजनीतिक मतभेदों के कारण विद्यार्थियों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। समिति में पाँच सदस्य थे।

# पेज एक का शेष

### 2047 तक विकसित...

कहा कि जंबूरी जैसे आयोजन देश की एकता, अखंडता और विविधता का संदेश देते हैं। युवाओं में अनुशासन, सामूहिकता और सेवा-भाव जागृत करते हैं। उन्होंने यह भी सराहा कि आपदा और संकट के समय स्काउट-गाइड सबसे पहले समाज की मदद के लिए आगे खड़े दिखाई देते हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने युवा प्रतिभागियों से कहा कि भारत का भविष्य उनके संकल्प, ऊर्जा और समर्पण पर निर्भर करता है। यदि युवा वर्ग दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ेगा, तो 2047 तक विकसित भारत का सपना अवश्य पूरा होगा। सुश्री मुर्मु ने कहा कि स्काउट गाइड का आदर्श वाक्य है ऽ तैयार रहो। इसका अर्थ है कि आपको भविष्य में आने वाली सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना है। आपको अपने अंदर वह क्षमता विकसित करनी है जिससे समय आने पर किसी भी चुनौती का बिना घबराए, दृढ़ता तथा आत्मविश्वास के साथ सामना किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि समय के साथ भारत स्काउट एंड गाइड ने जीवन-कौशल, नेतृत्व, पर्यावरण-जागरूकता और व्यक्तित्व-विकास जैसे कार्यक्रम शुरू करके संगठन को आधुनिक बनाया है। यह संगठन ऐसे युवा तैयार कर रहा है जो सशक्त हैं, संवेदनशील हैं और देश के भविष्य को बेहतर बनाने का संकल्प रखते हैं और उसके लिए कार्य भी करते हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश को 61 वर्ष बाद राष्ट्रीय जंबूरी की मेजबानी का अवसर मिला। 23 से 29 नवंबर 2025 तक चले इस सात दिवसीय शिविर में देश-विदेश से आए लगभग 30 हजार स्काउट, गाइड, रेंजर और रोवर ने भाग लिया।

### भारत ने राक्षसी वृत्ति...

के प्रशिक्षण केंद्र की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि यह शानदार केंद्र लगभग बनकर तैयार हो चुका है। यह उत्तर प्रदेश का उत्तम प्रशिक्षण केंद्र बन सकता है। जहां से एक दिन, तीन दिन व साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ समाज को जोड़ने का माध्यम प्राप्त होगा। उन्होंने आशा जताई कि ब्रह्माकुमारी इस थीम को वर्ष भर प्रदेश, देश व दुनिया में ले जाने में सफल होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, राजयोगी डॉ. ब्रह्मकुमार मृत्युंजय, निदेशक उपक्षेत्र लखनऊ राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी राधा जी, राष्ट्रीय संयोजक कटक (ओडिशा) राजयोगी डॉ. ब्रह्मकुमार नथमल जी समेत प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, प्रशिक्षक व साधक आदि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि लखनऊ में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को लखनऊ पहुंचीं। यहां एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने राष्ट्रपति का स्वागत किया।

### भारतीय इकोनॉमी...

(आईआईपी) के आंकड़े आमतौर पर हर महीने की 28 तारीख को या यदि 28 तारीख को अवकाश हो तो अगले कार्यदिवस को जारी किए जाते हैं। सरकार ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''अक्तूबर 2025 के लिए आईआईपी 28 नवंबर 2025 को जारी किया जाना था। चूंकि 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए सकल घरेलू उत्पाद के त्रैमासिक अनुमानों का प्रकाशन आईआईपी रिलीज के साथ होना है, इसलिए अक्तूबर 2025 के लिए आईआईपी के प्रकाशन की तारीख बदली गई है।'' अब ये आंकड़ा 1 दिसंबर 2025 को शाम 4:00 बजे जारी किया जाएगा।

### कोडीन युक्त कफ...

यादव की खाटू फार्मा, बादल आर्य की काल भैरव ट्रेडर्स, सचिन यादव की विंध्यवासिनी ट्रेडर्स, राहुल जायसवाल की श्याम फार्मा, इत्यादि पर कोडीन युक्त कफ सिरफ मामले में एफआईआर दर्ज हुई और इनका लाइसेंस निलंबित हुआ है।

### उत्तराखंड में 14 जनवरी...

हुए राज्य सरकार कुंभ 2027 को भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में आयोजित कुंभ कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण केवल अल्प अवधि के लिए आयोजित किया गया था और शाही स्नान भी प्रतीकात्मक रूप से ही संपन्न हुआ था, लेकिन वर्ष 2027 में होने वाला हरिद्वार कुंभ कई दृष्टियों से ऐतिहासिक और विशेष महत्व का होगा। उन्होंने कहा कि इस बार श्रद्धालुओं की संख्या 2010 और 2021 के कुंभ की तुलना में कई गुना अधिक होने की संभावना है। राज्य सरकार ने हरिद्वार कुंभ 2027 को दिव्य, भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए अभी से व्यापक स्तर पर तैयारियाँ प्रारंभ कर दी हैं। श्रद्धालुओं और साधु-संतों की सुरक्षा के लिए राज्य और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ पूर्ण समन्वय स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस, एनडीआरएफ, पीएसी, स्वास्थ्य विभाग और फायर विभाग सहित सभी संबंधित विभाग सुरक्षा के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए सभी संभव उपाय सुनिश्चित करेंगे। कुंभ के दौरान पूर्व में घटित दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आकस्मिक आपात स्थिति की तैयारी पहले से ही प्रारंभ कर दी गई है। पूर्व में आयोजित कुंभ मेलों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाले अधिकारियों का भी पूर्ण सहयोग लिया जाएगा, ताकि हर प्रक्रिया सुचारू और व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके। कुंभ के दौरान नगर और घाट क्षेत्रों की स्वच्छता के लिए विशेष टीमों का गठन कर कचरा प्रबंधन, जल निकासी और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में अखाड़ों के आचार्य एवं संतों ने संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उठाए गए कदमों की सराहना की। उन्होंने भव्य एवं दिव्य कुंभ के आयोजन के लिए संत समाज राज्य सरकार को पूर्ण सहयोग करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ने अखाड़ों के आचार्यों एवं संतगणों के साथ भोजन भी किया। बैठक में महंत रविन्द्र पुरी महाराज श्रीपंचायती निरंजनी अखाड़ा, महंत कौशल गिरी महाराज श्रीपंचायती आनंद अखाड़ा, महंत हरिगिरी महाराज श्रीपंचदशनाम जूना भैरव अखाड़ा, डॉ. साधनानन्द महाराज श्री पंचअग्नि अखाड़ा, महंत सत्यम गिरी महाराज श्रीपंचायती अटल अखाड़ा, महंत मुरली दास महाराज श्रीपंच निर्वाणी अनी अखाड़ा, महंत वैष्णव दास महाराज श्रीपंच दिगम्बर अनी अखाड़ा, महंत राजेन्द्र दास महाराज श्रीपंच निर्मोही अनी अखाड़ा, महंत दुर्गादास महाराज श्रीपंचायती बड़ा उदासीन अखाड़ा, महंत भगतराम दास महाराज श्रीपंचायती नया उदासीन अखाड़ा, महंत जसविंदर महाराज श्रीपंचायती निर्मल अखाड़ा के अलावा सांसद राज्यसभा कल्पना सैनी, विधायक हरिद्वार मदन कौशिक, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, महापौर नगर निगम हरिद्वार किरन जैसल, महापौर नगर निगम रुड़की अनीता देवी अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा व पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानन्द, आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पाण्डेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, मेलाधिकारी सोनिका, जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा मौजूद थे।

### कोडीन-एनडीपीएस...

स्तर से जिलाधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि औषधि निरीक्षक संदिग्ध दुकानों, गोदामों और वितरण केंद्रों पर बारऽबार आकस्मिक निरीक्षण करें। निरीक्षण रिपोर्ट में डिजिटल फोटो, वीडियो और जियोऽटैग्ड प्रमाण अनिवार्य रूप से संलग्न किए जाएँ। वहीं आवासीय परिसरों में दवाओं का लाइसेंस देना पूर्णतः प्रतिबंधित है। केवल व्यावसायिक उपयोग वाले भवनों को ही लाइसेंस के लिए पात्र माना जाए। जबकि नए लाइसेंस जारी करते समय आवेदक के परिसर, दस्तावेजों और पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपलब्धता का कड़ा सत्यापन किया जाए। सक्षम व्यक्ति की उपस्थिति अनिवार्य है। लाइसेंस नवीकरण के लिए औषधि निरीक्षक की विस्तृत रिपोर्ट, फोटोऽजियोऽटैगिंग और स्थलीय निरीक्षण जरूरी होंगे। बिना सत्यापन के नवीकरण न किया जाए। यदि किसी विक्रेता की गतिविधियों में अवैध व्यापार की पुनरावृत्ति पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई पर विचार किया जाए।

# मुख्यमंत्री से ख़ानक़ाह पीर दमड़िया शाह ने की मुलाक़ात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दसवीं बार पद संभालने के अवसर पर ख़ानक़ाह पीर दमड़िया शाह के सज्जादानशीन मौलाना सैयद शाह फ़ख़रे आलम हसन ने मुख्यमंत्री आवास पर उनसे मुलाक़ात की और हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस दौरान उन्होंने आशा व्यक्त किया कि जिस प्रकार पिछले वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के सभी वर्गों के विकास के लिए प्रभावी और परिणामकारी कदम उठाए गए, उसी तरह आने वाले वर्षों में भी राज्य को प्रगति और समृद्धि की दिशा में और आगे बढ़ाया जाएगा।

मौलाना सैयद शाह फ़ख़रे आलम हसन ने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में लोगों ने नीतीश कुमार और उनके गठबंधन पर पूरा विश्वास जताया है, जिसके आधार पर उन्हें मज़बूत जनादेश प्राप्त हुआ है। हमें उम्मीद है कि आने वाले पाँच वर्षों में भी मुख्यमंत्री का सामाजिक न्याय, जनऽहितैषी रुख़ और पारदर्शी शासन इसी तरह कायम रहेगा। साथ ही डबल इंजन की सरकार बिहार को विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर मौलाना ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अनुरोध किया कि जिस तरह जनता ने आपकी नेतृत्व क्षमता पर भरोसा बनाए रखा है, आप भी आगामी वर्षों में विशेष रूप से पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक समाज के कल्याण पर विशेष ध्यान देते रहें। उन्होंने कहा कि जनता आज भी आपकी कार्यशैली, स्वच्छ राजनीति और सेवाभावपूर्ण रवैये पर पूर्ण विश्वास रखती है। इस मुलाक़ात के दौरान बिहार स्टेट सुन्नी वक़्फ़ बोर्ड के चेयरमैन अलहाज इरशादुल्लाह भी मौजूद थे, जिन्होंने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दसवीं बार मुख्यमंत्री पद संभालने पर बधाई दी।

# रविवार की सुबह उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिणी आंध्र के तटों से टकरा सकता है चक्रवाती तूफान 'दित्वाह' : आईएमडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। श्रीलंका के तट और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफ़ान 'दित्वाह' धीरे-धीरे उत्तर की ओर बढ़ रहा है। इसके 30 नवंबर यानि रविवार की सुबह तक उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिणी आंध्र के तटों तक पहुंच सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार तूफ़ान पिछले छह घंटों में करीब 3 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ़्तार से आगे बढ़ा है और फिलहाल त्रिंकोमाली (श्रीलंका) से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। तूफ़ान भारत के तटीय इलाकों के भी काफ़ी करीब पहुंच चुका है, जो कराईकल से लगभग 300 किमी, पुडुचेरी से 410 किमी और चेन्नई से 510 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व दिशा में स्थित है। मौसम विभाग ने उत्तर तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों के लिए चक्रवात अलर्ट (ऑरेंज संदेश) जारी किया है। पूर्वानुमान के अनुसार, तूफ़ान श्रीलंका से होकर निकलने के बाद बंगाल की खाड़ी में आगे बढ़ेगा और 30 नवंबर की सुबह तक नॉर्थ तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों के पास पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के लोगों से सतर्क रहने और अगले दो दिनों तक मौसम में तेज़ बदलाव के लिए तैयार रहने की अपील की है। मौसम विभाग ने दक्षिण तमिलनाडु और डेल्टा जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी है। डेल्टा और आसपास के जिलों में शुक्रवार को भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, जबकि शनिवार को उत्तरी तमिलनाडु के जिलों में भारी बारिश की उम्मीद है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

# हत्या के मामले में आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी जिला पुलिस ने एक साइको किलर को 1100 किलोमीटर दूर तक पीछा करके गुजरात से गिरफ्तार किया। आरोपित की पहचान उसकी चप्पलों से हुई, जो वह वारदात के वक्त मौके पर छोड़ गया था। पकड़े गए आरोपित की पहचान सलमान उर्फ बोना (23) के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि आरोपित के ऊपर पहले भी लूट, अपहरण और नाबालिग से दुष्कर्म जैसे गंभीर मामले दर्ज है। उत्तर-पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने शुक्रवार को बताया कि 16 नवंबर को आदर्श नगर रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों में एक 50 वर्षीय महिला की लाश मिली थी। कपड़े फटे हुए थे, वह अर्धनग्न अवस्था में थी और शरीर पर कई कट के निशान थे। मौके से एक चाकू, एक जोड़ी महिला चप्पल और एक जोड़ी पुरुषों की चप्पल मिलीं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस उपायुक्त के अनुसार नजदीकी शौचालय के सीसीटीवी फुटेज में महिला को स्टेशन की ओर जाते हुए देखा गया। कुछ सेकंड बाद एक युवक गुलाबी शर्ट, ग्रे पैंट और सफ़ेद-ब्लैक चप्पल पहने हुए उसके पीछे जाता दिखा। मौके से जो चप्पल मिली, वही चप्पल सीसीटीवी में आरोपित के पैरों में दिखाई दी। थोड़ी देर बाद वही संदिग्ध बिना चप्पलों के वापस लौटता भी नजर आया। फुटेज का पीछा करते हुए पुलिस बदोला गांव की झुग्गियों तक पहुंची। जहां आरोपित की पहचान सलमान उर्फ बोना के रूप में हुई। वह घर से फरार मिला।

इधर जांच में पता चला कि आरोपित पहले भी दो जघन्य मामलों लूट और नाबालिग के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में वांछित था। घटना से एक दिन पहले ही उसने अपना फोन बंद कर दिया था और फरार हो गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस टीम गुप्त सूचना पर गुजरात के भरूच जिले के वेदाच पहुंची। जहां केबीआर भट्टा से आरोपित को दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने वारदात कबूल की। उसके बताए अनुसार वारदात के समय पहने हुए कपड़े, चाकू और अन्य सामान बरामद किया गया। इधर जांच में महिला की हुई पहचान की वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है और घर से लापता थी। 52 वर्षीय महिला होलंबी कलां में रहती थी।

# केंद्र ने कोयला खदानों की खोज और ऑपरेशनलाइजेशन में तेजी लाने के लिए 18 मान्यता प्राप्त एजेंसियों को जोड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। देश में कोयला खनन को रफ्तार देने और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने देश में मान्यता प्राप्त पूर्वेक्षण एजेंसियों के दायरे को बढ़ाते हुए निजी संस्थाओं को भी अधिकृत एजेंसियों की सूची में 18 मान्यता प्राप्त एजेंसियों को शामिल किया गया है। कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि कोयला खदानों की खोज में तेजी लाने और उन्हें जल्दी चालू करने के मकसद से एक अहम कदम उठाते हुए 18 और प्राइवेट कंपनियों को एक्रेडिटेड प्रॉस्पेक्टिंग एजेंसी (एपीए) के तौर पर नोटिफाई किया गया है। इस संबंध में कोयला मंत्रालय द्वारा प्रकाशित अधिसूचना मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

मंत्रालय की ओर से 26 नवंबर, 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार खान व खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4(1) के दूसरे प्रावधान के तहत, क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की नेबेट (डएक्रू-गइउक्ठ) द्वारा मान्यता प्राप्त निजी संस्थाओं को आधिकारिक रूप से खनिज खोज संबंधी कार्यों के लिए अधिकृत कर दिया गया है। इससे कोयला और लिग्नाइट की खोज के लिए 18 और एजेंसियां जुड़ जाएंगी, जिससे कोयला ब्लॉक आवंटियों को कोयला और लिग्नाइट की खोज के लिए इन एजेंसियों को नियुक्त करने में अधिक विकल्प मिलेगा। इंडियन माइन प्लानिंग एंड कंसल्टेंट्स, कोलकाता; मेरॉक्स माइनिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम; यूनाइटेड एक्सप्लोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता; माहेश्वरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता; नेचुरल रिसोर्सेज डिवीजन - टाटा स्टील लिमिटेड, पूर्वी सिंहभूम; माइनिंग एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड, बिदवान; रेम्को कोल एक्सप्लोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, चंद्रपुर; साउथ वेस्ट जियोलॉजिकल एक्सप्लोरेशन लिमिटेड, गुरुग्राम; जियोटेक्निकल माइनिंग सॉल्यूशंस, धर्मपुरी; नोवोमाइन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ईस्ट खासी हिल्स; सुरमाइन कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली; कार्तिकेय एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर; माइनिंग टेक कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद; जेम्स प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, रांची; रेवेल कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद; सीएमएमसीओ टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड, हैदराबाद; जसनी जियोटेक प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर; एपीसी ड्रिलिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, नामक्कल शामिल हैं। कोयला मंत्रालय ने कहा कि इन अन्वेषण एजेंसियों के जुड़ने से लगभग 6 महीने का समय बचेगा, जो पहले एजेंसी द्वारा लाइसेंस प्राप्त करने में लगता था। अधिकृत संभावित एजेंसियों के समूह का विस्तार करके, सरकार निजी क्षेत्र के संसाधनों का उपयोग करना और अन्वेषण में दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना चाहती है। उम्मीद है कि इस कदम से अन्वेषण की गति में काफी तेजी आएगी और खनन को जल्दी बढ़ाने में मदद मिलेगी जिससे संसाधन विकास में तेजी आएगी और देश के लिए कोयला और लिग्नाइट की उपलब्धता बढ़ेगी। इससे देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला और लिग्नाइट की बढ़ती उपलब्धता में योगदान मिलेगा।

## पत्नी की गोली मारकर हत्या, बेटे को फोन कर दी सूचना, महिला की घटनास्थल पर हुई मौत

नवादा।नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के पुरानी हरदिया के कचहरिया डीह में शुक्रवार को पति ने अपनी ही पत्नी को गोली मारकर हत्या कर दी है।मृतक महिला कचहरिया डीह निवासी गोपाल मिश्रा की 50 वर्षीय पत्नी गीता देवी है।पत्नी की हत्या करने के बाद पति घर छोड़कर फरार हो गया है।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। घटनास्थल पर मौजूद रहे मृतक महिला के भैंसुर शम्भु मिश्रा ने बताया कि उसका भाई गोपाल मिश्रा नशे आदि का सेवन करता है और अक्सर आसपास के लोगों से झगड़ा करते रहता है।गोपाल मिश्रा के आक्रमक व्यवहार से परिजनों से भी उनका मेलजोल नहीं रहता है।शुक्रवार को लगभग 3 बजे गोपाल मिश्रा अपनी पत्नी के सीने में गोली मारकर ईंट भट्ठा की ओर भाग गया।साथ ही बताया कि घटनास्थल से दूर जाने के क्रम में फायरिंग भी किया । मृतक गीता देवी के पुत्र श्रीकांत कुमार और पुत्रवधू घटनास्थल पर पहुंचे।उन्होंने कहा कि वे अपनी पत्नी,बहन और मां के साथ गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बुधुआ गांव में स्थित अपने पैतृक घर में रहा करते थे।पिता द्वारा बेटे पर काफी दवाब बनाकर शुक्रवार को रजौली बुलवाया था।बेटे और बहु द्वारा गीता देवी को छोड़कर गए हुए आधे घंटे भी नहीं हुए थे कि पिता ने ही बेटे को कॉल करके सूचित किया कि तुम्हारी मां को गोली लगी है।

## घर से बिना बताए हरिद्वार गई युवती को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

पौड़ी गढ़वाल, 28 नवंबर (हि.स.)। ऑनलाइन ट्रेडिंग में भारी आर्थिक नुकसान के चलते परेशान होकर घर से हरिद्वार गई युवती को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करने के बाद युवती को परिजनों को सौंप दिया है। एसएसपी सर्वेश पंवार ने बताया कि बीती 25 नवंबर को कोतवाली पौड़ी में चौबट्टाखाल के एक गांव के व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करावाई थी। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री घर से पोस्ट ऑफिस ड्यूटी के लिए गई थी, लेकिन वह घर वापस नहीं लौटी। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पौड़ी में गुमशुदगी दर्ज की गई। एसएसपी ने पुलिस टीम बनाते हुए जल्द युवती का पता लगाने के निर्देश दिए। जिस पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पौड़ी रविंद्र नेगी और प्रभारी सीआईयू के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। कोतवाल रविंद्र नेगी ने बताया कि गुमशुदा युवती का पता लगाने के लिए सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से गहन तलाश की गई। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम द्वारा युवती को जनपद हरिद्वार से सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ में युवती ने बताया कि उसे ऑनलाइन ट्रेडिंग में लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ। जिससे वह मानसिक तनाव में आ गई और किसी को बिना बताए हरिद्वार चली गई। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जयपाल चौहान, अपर उपनिरीक्षक संजय असवाल, अहसान, आरक्षी गंभीर, अमरजीत, हरीश, दिगंबर सिंह, रेखा शामिल थे।

## किशोरी बालिकाओं ने कलेक्ट्रेट में जानी प्रशासनिक कार्यप्रणाली

पौड़ी गढ़वाल । बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बाल विकास विभाग द्वारा विकासखंड पाबौ और पौड़ी की 13 किशोरी बालिकाओं को कलेक्ट्रेट परिसर का एक्सपोज़र विज़िट कराया गया। इस दौरान बालिकाओं ने विभिन्न पटलों एवं कार्यप्रणालियों का निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी हासिल की। अधिकांश बालिकाएं पहली बार कलेक्ट्रेट परिसर आई थीं, जिसके चलते वे काफी उत्साहित और उत्सुक नजर आईं।

विज़िट के दौरान जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बालिकाओं से संवाद कर उनके अनुभव, अवलोकन तथा देखे गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल से बच्चों को शासन–प्रशासन की व्यवस्था को समझने का अवसर मिलता है, साथ ही सरकारी कार्यालयों में होने वाले कार्यों की वास्तविक प्रक्रिया का ज्ञान भी विकसित होता है।

जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि अगला भ्रमण पुलिस थाना एवं आपदा प्रबंधन विभाग के लिए भी कराया जाए, जिससे बालिकाओं को कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और बचाव कार्यों की व्यापक जानकारी प्राप्त हो सके। कलेक्ट्रेट के पटलों का अवलोकन करने के उपरांत बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह अवसर उनके लिए गौरवान्वित करने वाला रहा। उन्होंने कहा कि इस विज़िट से उन्हें फाइल निस्तारण, शिकायत निवारण, विभिन्न विभागीय योजनाओं, राजस्व कार्यवाही तथा प्रशासनिक प्रक्रिया की नई व महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी चंद्रकांता काला, सुपरवाइजर पौड़ी कमला नेगी आदि शामिल रहे।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी: सुपर ओवर में अंशुल कम्बोज का कहर, हरियाणा ने पंजाब को रोमांचक मुकाबले में हराया

हैदराबाद। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के एक हाई–स्कोरिंग मुकाबले में शुक्रवार को हरियाणा ने पंजाब को सुपर ओवर में मात दी। दोनों टीमों ने 20–20 ओवर में 207 रन बनाए, जिसके बाद मैच का फैसला सुपर ओवर से हुआ। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की शुरुआत तेज रही। कप्तान अंकित कुमार ने सिर्फ 26 गेंदों में तूफानी 51 रन बनाए और टीम को तेज शुरुआत दिलाई। मिडिल ओवरों में निशांत सिंधु ने नाबाद 61 रन (31 गेंद) बनाकर पारी को संभाला।

# छपरा में ज्योतिबा फुले की 135वीं पुण्यतिथि भारत रत्न देने की मांग उठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सारण। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत ज्योतिबा फुले की 135वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को माली मलाकार कल्याण समिति छपरा के तत्वावधान में लक्ष्मी नारायण यादव पुस्तकालय राम जयपाल महाविद्यालय के प्रांगण में श्रद्धा सुमन अर्पित कर से मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक छोटी कुमारी ने ज्योतिबा फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फुले दंपति ने अपना पूरा जीवन गरीब महिलाओं, पिछड़े और वंचितों के सम्मान एवं अधिकार के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने 19वीं शताब्दी में महिलाओं के उत्थान के लिए बालिका विद्यालय की स्थापना, विधवा विवाह को प्रोत्साहन और शिक्षा के क्षेत्र में तमाम चुनौतियों के बावजूद इसे संभव बनाया।

छोटी कुमारी ने घोषणा की ज्योतिबा फुले के सामाजिक, महिला सशक्तिकरण एवं शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए वह सदन में उन्हें भारत रत्न देने की मांग करेंगी। जदयू नेता शंकर मालाकार ने भी महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न देने की मांग दोहराई। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सरकार से सावित्रीबाई फुले की जयंती को 'महिला शिक्षा दिवस' के रूप में मनाने की अपील की, मालाकार ने जिला मुख्यालय में ज्योतिबा फुले के नाम से छात्रावास, उनकी प्रतिमा लगाने और किसी पथ का नाम उनके नाम पर रखने की भी मांग की। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शत्रुघ्न भगत ने कहा कि एनडीए सरकार के प्रयासों से जो सुदृढ़ स्थिति दिखाई दे रही है, उसकी नींव महात्मा ज्योतिबा फुले ने ही रखी थी। भाजपा के जिला महामंत्री विवेक सिंह ने बिहार के 22 जिलों में माता सावित्रीबाई फुले के नाम से छात्रावास बनाने के लिए ट्टए -ट्टठ कल्याण मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन और बिहार सरकार को धन्यवाद दिया। भाजपा के जिला प्रवक्ता सुशील कुमार सिंह ने शिक्षा को महिला और पुरुष की प्राथमिक आवश्यकता बताते हुए बिहार सरकार द्वारा शिक्षा के उत्थान के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की। इस कार्यक्रम में बलवंत सिंह, संस्कार कुमार, ललन भगत, अभिषेक कुमार भगत, डॉक्टर रामेश्वर भगत, प्रेम भगत, मोहन भगत, बृज किशोर भगत, रघुवीर कुमार भगत, सत्येंद्र भगत, रमन कुमार सैनी, अनुरंजन प्रसाद व छात्र-छात्राएं तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिले की हजारों महिलाएँ मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से लाभान्वित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सहरसा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना जिले में लगातार प्रभावी सिद्ध हो रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को विकास भवन, सभागार में एक जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण देखा गया।


राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य की 10 लाख लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में रोजगार हेतु 10-10 हजार रुपये की दर से कुल 1000 करोड़ रुपये की राशि का प्रत्यक्ष अंतरण किया। यह पहल राज्य की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी राज्य के विभिन्न चरणों में लगभग 1 करोड़ 46 लाख महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये की दर से कुल 14,600 करोड़ रुपये की राशि का सीधे अंतरण किया जा चुका है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि सरकार महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।आज के कार्यक्रम के तहत जिले की 12,000 महिलाओं के बैंक खातों में यह राशि स्थानांतरित की गई। इससे पहले भी जिले में विभिन्न अवसरों पर कुल 3,72,438 महिलाओं के खातों में रोजगार के लिए 10-10 हजार रुपये की दर से लगभग 372 करोड़ 43 लाख 80 हजार रुपये की राशि का अंतरण किया जा चुका है। आज के अंतरण को मिलाकर जिले में कुल 3,84,438 महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो चुका है।

# जल जीवन मिशन के कार्य समय से पूरा नहीं करने पर होगी कार्रवाई : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पौड़ी गढ़वाल। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में जल जीवन मिशन एवं जल संरक्षण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने जल जीवन मिशन व जल संरक्षण के अधूरे कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के कड़े निर्देश दिए साथ हीं कार्यो में लेटलतीफी पर सम्बन्धित अधिकारी के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को आयोजित इस बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम की लगभग एक दर्जन ऐसी पंपिंग योजनाओं जिनका 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है- को 31 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित उप जिलाधिकारियों को दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में मौके पर जाकर कार्य प्रगति का सत्यापन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कार्य समय और गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण नहीं हुए तो संबंधित निर्माणदायी संस्था के अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक लगाने की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी सभी पंपिंग योजनाओं से जुड़े प्रत्येक ग्राम में हर एक नल में निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पानी की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत सामने न आए।जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन से आच्छादित शतऽप्रतिशत गांवों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के बाद रिपोर्टिंग और सर्टिफिकेशन के बीच के अंतर को प्राथमिकता के आधार पर शून्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन 323 गांवों का सर्टिफिकेशन लंबित है, उनकी सूची कारण सहित उपलब्ध कराई जाए। अधीक्षण अभियंता, जल निगम को निर्देश दिए गए कि जिन ठेकेदारों ने कार्यों में लापरवाही बरती है और जिनके बॉन्ड निरस्त किए जा चुके हैं, उन्हें ब्लैकलिस्ट करते हुए आगामी बैठक में उनकी सूची प्रस्तुत की जाए। स्प्रिंग एंड रिवर रिज्युविनेशन अथॉरिटी (सारा) की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल संरक्षण संबंधी उपचार विधियों, कार्यों के अस्पष्ट आंकड़ों को को स्पष्ट करते हुए, आगामी बैठकों में धरातल पर किए गए कार्यों के फोटोग्राफ सहित व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत करें। जल शक्ति केंद्र के कैच द रेन कार्यों की समीक्षा में उन्होंने सिंचाई, वन, पेयजल एवं कृषि विभाग द्वारा पोर्टल पर जल संरक्षण कार्यों को अपडेट न करने पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग प्राथमिकता के आधार पर पोर्टल पर डेटा अपडेट करना सुनिश्चित करें। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, अधिशासी अभियंता जल निगम पौड़ी नवनीत कटारिया, एसडीओ फॉरेस्ट लक्की शाह आदि शामिल रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063